CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

देहरादून, शनिवार 27 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 140 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार राहुल के विदेश दौरों की निगरानी कर रही: पित्रोदा पेज 2



स्टीव स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा खेल टाइम्स



भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर सम्पादकीय



पाकिस्तान ने एलओसी पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए पेज 12



नई दिल्ली: 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया।

## 22 राज्यों में तेज सर्दी और कोहरा, यूपी में जीरो विजिबिलिटी

### 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट, माउंट आबू में पारा एक डिग्री, पचमढ़ी में 3.6 डिग्री सेल्सियस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अगले दो दिन में सर्दी और बढ़ेगी
- मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

**नई दिल्ली।** देशभर में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। यूपी-एमपी, राजस्थान समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेज ठंड और घना कोहरा हो रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में ठंड और कोहरा और ज्यादा बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में हालात सबसे ज्यादा खराब बने हुए हैं। यूपी में कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई जगहों पर विजिबिलिटी जीरो हो गई। यूपी में पहाड़ों पर बर्फबारी और सर्द हवाओं के चलते मौसम बिगड़ गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में शिमला-मनाली (7डिग्री सेल्सियस), नैनीताल (9 डिग्री सेल्सियस) और जम्मू (10 डिग्री सेल्सियस) से भी ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई। मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सड़कों पर कुछ मीटर आगे भी दिखाई नहीं दे रहा। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर 5 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इधर, मध्य प्रदेश में भी ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के 25 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। गुरुवार को पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होते ही उत्तरी ठंडी हवाओं ने सर्दी और बढ़ा दी है। 4 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री और 21 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को बाल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन और बहादुरी के कामों की वजह से इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया। 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी इनमें शामिल हैं। 20 बच्चों में से 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। तमिलनाडु की ब्योमा और बिहार के कमलेश कुमार का पुरस्कार उनके माता-पिता ने लिया। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के 4 बेटों की शहादत के सम्मान में मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह के तीन पत्नियों से चार बेटे थे, जिनका नाम अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह था। इन्हें साहिबजादे भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के 9 साल के अजय राज को साहस के लिए अवॉर्ड दिया गया।

### केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) केपी शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। जिनमें से दो को बाद में अमान्य घोषित कर दिया गया। दरअसल 9 दिसम्बर को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों का रिजल्ट आया था। 50 वार्डों पर भाजपा जीती थी। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) का कब्जा था। एलडीएफ ने 29 और कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) ने 19 वार्ड जीते थे। तिरुवनंतपुरम कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ है।

### नेपाली जेल से भागे 80 कैदी नेपाल को सौंपे गए

**नई दिल्ली।** जेन-जी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान नेपाल की जेलों से भागे लगभग 80 कैदियों को पकड़ लिया गया है और पड़ोसी मुल्क के संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इस साल सितम्बर में जेन-जी प्रदर्शनकारियों द्वारा विभिन्न कारागारों से निकाले गए लगभग 80 कैदी सीमा पार कर भारत में शरण लेने की कोशिश कर रहे थे, जिनमें से कुछ ने फर्जी नामों का इस्तेमाल किया था।


## यूपी में 2.89 करोड़ मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से कटना तय

### एसआईआर फॉर्म जमा करने की समयसीमा हुई खत्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ के नाम कटने अब तय हैं। शुक्रवार को एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है।

यह ऐसे मतदाता हैं, जो अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत व डुप्लीकेट श्रेणी में शामिल हैं। यह कुल मतदाताओं का 18.70 प्रतिशत है। अब 31 दिसम्बर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा। जिन जिलों में सबसे अधिक नाम कट रहे हैं उनमें लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा व बरेली आदि शामिल हैं। मतदाता सूची में दर्ज 1.11 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड नहीं मिल रहे हैं। वर्ष 2003 -शेष पृष्ठ दो पर



- लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा और बरेली में सबसे ज्यादा नाम कटे

### 1.11 करोड़ वोटर्स को भेजा जाएगा नोटिस

**लखनऊ।** चुनाव आयोग के मुताबिक, यूपी में मैपिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। यानी साल 2003 की वोटर लिस्ट से वर्तमान वोटर लिस्ट का मिलान किया गया, जिसमें लगभग 91 प्रतिशत लोगों का डेटा मिलान हो चुका है। ऐसे वोटर्स के नाम उनके रिलेटिव्स जैसे मां-बाप, दादा-दादी या नाना-नानी से मिलाया गया है। बाकी 9 प्रतिशत यानी 1.11 करोड़ वोटर्स को चुनाव आयोग की तरफ से नोटिस भेजा जाएगा। यानी अब इन मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट चुनाव आयोग को देने होंगे। उत्तर प्रदेश में फिलहाल 11 लाख से ज्यादा लोग वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म भर चुके हैं। जिन लोगों की उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 साल पूरी हो रही है, वो भी फार्म भर सकते हैं। बता दें कि एसआईआर के लिए यूपी के तमाम जिलों में विशेष कैंप लगाए गए। मतदान केंद्रों पर बीएलओ को तैनात किया गया था। इसके अलावा सभी पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधि, बीएलओ ने एसआईआर गणना फॉर्म को भरवाने में मदद की।

## मध्यस्थता कानून की कमजोरी नहीं, विकास है: सीजेआई

पणजी, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को पणजी में कहा कि मध्यस्थता कानून की कमजोरी का संकेत नहीं है, बल्कि यह उसका सबसे बड़ा विकास है। यह न्याय की संस्कृति से भागीदारी के संस्कृति की ओर एक सच्चा बदलाव है, जहां हम सद्भाव पैदा करते हैं।

सीजेआई ने दक्षिण गोवा के सांकवाले गांव में इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च के इवेंट मिडिएशन अवेयरनेस वाकथान में भाग लिया। यहां मध्यस्थता आज के संदर्भ में कितना महत्वपूर्ण विषय पर बोलते हुए उन्होंने अपनी बात रखी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि वह एक मल्टी-डोर कोर्टहाउस की ओर बदलाव की कल्पना करते हैं, जहां कोर्ट सिर्फ ट्रायल की जगह नहीं, बल्कि विवाद समाधान के लिए एक व्यापक केंद्र हो। कार्यक्रम में उन्होंने 2 लाख मिडिएटर्स के साथ वाकथान में भाग लिया। साथ ही पौधारोपण भी किया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि मीडिएशन को सफल और किफायती के तौर पर स्वीकार किया जा रहा है। यह दोनों पक्षों के लिए विन-विन स्थिति है, क्योंकि यह एक सेटलमेंट है। मीडिएशन के मामले में, कोई भी मीडिएटर किसी भी पक्ष पर कुछ भी थोपेगा नहीं। यह सिर्फ वही है जो वे चाहते हैं या जो वे चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेकहोल्डर्स को एक संदेश देने के लिए मीडिएशन फॉर नेशन पहल शुरू की है। यह संदेश न केवल न्याय के उपभोक्ताओं के लिए है, बल्कि बार और बेंच जैसे सीधे स्टेकहोल्डर्स के लिए भी है। अगर लोग खुद को संवेदनशील बनाते हैं, तो वे इस बात से अवगत हो जाते हैं कि मीडिएशन एक सफल टूल है।



कहा: देश में मल्टी-डोर कोर्ट बनें, विवादों का महज ट्रायल न हो, उन्हें सुलझाया भी जाए

## दिल्ली की हवा में फिर घुला जहर, एक्यूआई 292 पहुंचा

- पर्यावरण मंत्री ने आगामी दिनों में हालात और बिगड़ने की आशंका जताई

**नई दिल्ली।** राजधानी में शुक्रवार सुबह छह बजकर पांच मिनट पर दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 292 दर्ज किया गया। इससे वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़कर 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई।

राजधानी का औसत एक्यूआई 300 से नीचे भले हो, लेकिन दिल्ली के कई इलाकों में हवा अब भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। आनंद विहार में एक्यूआई 395, बवाना में 381, चांदनी चौक में 356 और अलीपुर में 327 दर्ज किया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में प्रदूषण का स्तर असमान बना हुआ है। स्थानीय वाहनों के धुएं और पड़ोसी राज्यों से आने वाले प्रदूषकों को इस गिरावट के मुख्य कारणों के तौर पर देखा गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आगामी दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई है।

## दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन

उन्नाव दुष्कर्म केस



**नई दिल्ली।** 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

पुलिस ने घोषणा की है विरोध प्रदर्शन तुरंत खत्म कर दिया जाए, नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़िता की मां ने शुक्रवार को कहा कि वह दोषी कुलदीप सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगी। उन्होंने पिछले हफ्ते आए फैसले के विरोध में दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया। पीड़िता की मां ने कहा कि वह हाईकोर्ट इसलिए आई हैं, क्योंकि उनकी बेटी ने असहनीय पीड़ा झेली है। उन्होंने कहा, मैं पूरे हाईकोर्ट को दोष नहीं दे रही हूं, बल्कि सिर्फ उन दो जजों को, जिनके फैसले ने हमारे भरोसे को तोड़ दिया।

## भारत में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन हो: मद्रास हाईकोर्ट

चेन्नई, वार्ता

- अदालत ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के फैसले का उदाहरण दिया

**मद्रास हाईकोर्ट** ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। याचिकाकर्ता एस. विजयकुमार के वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने ऑस्ट्रेलिया के नए कानून का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्हें अनिवार्य रूप से पैरेंटल विंडो सर्विस (पैरेंटल कंट्रोल) देने के लिए कहा जाए, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी को फिल्टर और कंट्रोल कर सकें। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने 9 दिसम्बर से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट बनाने पर बैन कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस तरह का बैन लगाने वाला दुनिया का पहला देश है। यह मामला एक पुरानी जनहित याचिका से जुड़ा है। इसमें शिकायत की गई थी कि बच्चों को इंटरनेट पर अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट बहुत आसानी से मिल जाता है।

## वीर साहिबजादों ने मजहबी कट्टरता व आतंक का वजूद हिलाया: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो




- कहा: वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं
- जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया।

भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने का वीडियो भी सामने आया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया। वे मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए। इससे मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर औरंगजेब की हुकूमत थी। उन्होंने कहा कि हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था कि उसे अगर भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है, तो इसके लिए उसे हिंदुस्तानियों का मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि भले -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत रत्न और पद्म अवॉर्ड उपाधि नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। कोर्ट ने यह बात एक याचिका के केस टाइटल में पद्म श्री लिखे जाने पर की। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें 2004 में पद्म श्री से सम्मानित डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्म श्री डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है। हाईकोर्ट ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र किया। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पद्म पुरस्कार और भारत रत्न उपाधि नहीं हैं और इन्हें नाम के आगे या पीछे इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्भल के 13 पुलिस कर्मचारियों पर एफआईआर का आदेश

**सम्भल।** सम्भल में एक फर्जी मुठभेड़ के मामले में अदालत ने 13 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस ने जिस दिन लूट की घटना को दर्शाया है, उस दिन आरोपी एक अन्य मुकदमे के मामले में जिला कारागार बदायूं में बंद था। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा कि प्रारंभिक तौर पर यह नजर आता है कि कुछ पुलिसकर्मियों षड्यंत्र का सहारा लेते हुए गलत तरीके से जांच की, साथ ही अपने पद का दुरुपयोग भी किया और दस्तावेजों में जालसाजी की है। कोर्ट ने कहा कि लोकसेवकों को गैरकानूनी काम के लिए संरक्षण प्राप्त नहीं है।

### मीरवाइज ने अपने एक्स प्रोफाइल से हटाया हुर्रियत का पदनाम

**श्रीनगर।** कश्मीर के उदारवादी अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल से सर्वदलीय हुर्रियत सम्मेलन के अध्यक्ष का पदनाम हटा दिया है। कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज के सत्यापित एक्स हैंडल पर दो लाख से अधिक फॉलोवर हैं। उनके संपादित बायो में अब केवल उनका नाम और स्थान विवरण शामिल है। उन्होंने इस बदलाव के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। मीरवाइज के नेतृत्व वाली उदारवादी हुर्रियत कांफ्रेंस 2019 में अनुच्छेद 370 के निरसन के बाद से लगभग निष्क्रिय रही है। इसके अधिकांश घटक संगठनों पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें मीरवाइज का अपना राजनीतिक संगठन, अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) भी शामिल है। इस समूह ने पिछले छह वर्षों में शायद ही कभी राजनीतिक बयान जारी किए हैं।

## उप्र में अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं की सौगात

# 12492 गांवों का किया जाएगा कायाकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कार्यों में तेजी लाने के लिए विकेन्द्रीकृत लागू, 910 गांवों में कार्य हो चुका है पूर्ण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति बाहुल्य 12 हजार 492 गांवों में बुनियादी सुविधाओं को और सदृढ़ करने का फैसला किया है।

अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समावेशन को मजबूती मिल सके। वर्ष 2025-26 तक 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 12,492 ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों का निर्माण, सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बोरवेल, डिजिटल लाइब्रेरी, ट्रांसफॉर्मर, मोटर शेड, शवदाह गृह तथा पाइपलाइन एक्सटेंशन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद ने बताया कि समाज कल्याण की कार्यदाई संस्था यूपीसिडको के माध्यम से अब तक 2562 ग्रामों में विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 910 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष ग्रामों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि योजना के टर्मिनल वर्ष को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब ग्राम पंचायतों को ही कार्यदाई संस्था नामित किया गया है। इससे एक ओर जहां प्रशासनिक प्रक्रिया सरल हुई है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के माध्यम से योगी सरकार न केवल गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि अनुसूचित जाति समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी ठोस और दूरदर्शी पहल कर रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में समान विकास, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका वास्तविक लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए ठोस नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

### वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को नमन योगी के आवास पर कीर्तन समागम

**लखनऊ।** वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को पूरे देश में श्री गुरु गोबिद सिंह जी महाराज के चारों साहिब. जादों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप का आगमन हुआ और कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों की शहादत अदम्य साहस, धर्मनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है। उनका बलिदान युगों-युगों तक देशवासियों को कर्तव्यनिष्ठ, सत्यनिष्ठ और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कीर्तन समागम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और गुरुवाणी के माध्यम से साहिबजादों के बलिदान को स्मरण किया। उधर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि साहिबजादों का अद्वितीय साहस, अटूट आस्था और अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प मानव इतिहास में वीरता और त्याग का अमर प्रतीक है। उनका जीवन और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सत्य, धर्म और राष्ट्ररक्षा के मार्ग पर निरंतर प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि राष्ट्र 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाता है।

# भाजपा राज में बाटी-चोखा नहीं सिर्फ माटी-धोखा मिला: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भाजपाई लोगों के जीवन से कर रहे खिलाड़

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज में आम जनता को विकास और सम्मान नहीं, बल्कि केवल 'माटी-धोखा' ही मिला है।

उन्होंने कहा कि अब स्थिति 'हाता नहीं भाता' से बहुत आगे निकल चुकी है और उपेक्षा तिरस्कार में बदल चुकी है, जिसे कोई भी स्वाभिमानी समाज सह नहीं सकता। यादव ने एक्स पर लिखा- जब किसी समाज के सामने केवल दो विकल्प सत्ता या सम्मान बचे रह जाते हैं, तब स्वाभिमानी समाज हमेशा सम्मान को ही चुनता है। यह सच्चाई किसी एक समाज तक सीमित नहीं, बल्कि हर वर्ग और समुदाय पर समान रूप से लागू होती है। भाजपा किसी की सगी नहीं है और आज 'भाजपाई' कहलाना एक नकारात्मक सामाजिक पहचान बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण जैसी संवे. दनशील धरोहरों से खिलवाड़ करते हैं, दोष-सिद्ध अपराधियों को संरक्षण और महिमामंडन देते हैं तथा दवाइयों के नाम पर जहरीली-नशीली चीजें बेचकर लोगों की जदिगी खतरे में डालते हैं। उन्होंने चुनावी प्रक्रियाओं में लूट, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप भी लगाए। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि नफरत और भय का वातावरण बनाकर समाज को बांटना, संविधान और कानून के बजाय भीड़ और दबाव की राजनी. ति करना तथा वैज्ञानिक सोच, शिक्षा और कला से डरना,यह सब मौजूदा सत्ता की कार्यशैली को उजागर करता है। उनके अनुसार इसी वजह से अमीर-गरीब की खाई बढ़ी है, बेरोजगारी और महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और महिला, गरीब, वंचित व शोषित वर्गों के अधिकारों पर लगातार हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि देशभक्त, सभ्य, मानवतावादी, ईमानदार और स्वाभिमानी समाज अब ऐसे राजनीतिक आचरण के साथ खड़ा होकर अपमान और जनाक्रोश का शिकार नहीं होना चाहता। अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि जब तक सत्ता की इस प्रकार की राजनीति समाप्त नहीं होती, तब तक समाज को बराबरी का सम्मान मिलना संभव नहीं है।

# सरकार कर रही राहुल के विदेशी दौरों की निगरानी: पित्रोदा

■ दूतावास के अफसर उनका पीछा करते हैं, विदेशी नेताओं से मिलने को मना करते हैं: सैम

**नई दिल्ली।** ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है।

पित्रोदा ने राहुल के दौरे को लेकर गुरुवार को इंडिया टुडे से बातचीत की है। इसमें उन्होंने कहा कि मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं। वहीं पित्रोदा ने भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोपों को खारिज किया। जर्मनी दौरे की टाइमिंग पर उन्होंने कहा कि विद. ेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है।

पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी पर विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने के आरोपों पर कहा कि सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में। डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते। जार्ज सोरोस और विदेशी फंडिंग से जुड़े आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

# अरावली को हम मरने नहीं देंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ सरकार इसे खत्म करने पर तुली हुई है: चिब

कांग्रेस ने अरावली को देश का भविष्य बताते हुए कहा है कि सरकार इसे बर्बाद करना चाहती है लेकिन कांग्रेस अरावली को मरने नहीं देगी और सात जनवरी से इस मुहिम में सत्याग्रह यात्रा निकालेगी।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभानु चिब ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अरावली सिर्फ पहाड़ नहीं, हमारी जीवन रेखा है। ये हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे मोदी सरकार तबाह करने पर तुली है। अरावली को बचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना सबकी जिम्मेदारी है और युवा कांग्रेस इस जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस अरावली को बचाने के लिए सात जनवरी से 'अरावली सत्याग्रह' यात्रा निकाल रही है और यह यात्रा 20 जनवरी तक चलेगी।

यह यात्रा गुजरात से शुरू होगी और राजस्थान, हरियाणा से होते हुए दिल्ली आएगी। अरावली सत्याग्रह भविष्य को बचाने की यात्रा है, जो सात जनवरी से शुरु होगी और गुजरात, राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। यह यात्रा करीब करीब 1,000 किमी की होगी। चिब ने कहा कि युवा कांग्रेस इस यात्रा के जरिए मांग करेगी कि अरावली रेंज पर 100 मीटर का पैंतरा खत्म कर अरावली क्षेत्र को महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी क्षेत्र घोषित करे। उनका कहना था कि उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा हो और अरावली को लेकर जो प्रस्ताव दिया गया है सरकार उस प्रस्ताव वापस ले तथा अरावली रेंज में खनन को पूरी तरह से प्रतिबंधित करे। युवा कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पहले देश की संस्कृति को प्रदूषित किया और अब पर्यावरण को भी प्रदूषित करने की तैयारी में है। उनका कहना था कि अरावली. महज पहाड़ नहीं हैं, ये उत्तर भारत को सुरक्षा देते हैं।

### सुधाकर सिंह के पुत्र सुजीत सपा के टिकट पर उतरेंगे घोसी के मैदान में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह के छोटे बेटे सुजीत सिंह को उम्मीदवार बनाकर चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने औपचारिक ऐलान किया है। यादव ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सुजीत सिंह घोसी क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि समाजवादी पार्टी का पूरा संगठन एकजुट होकर सुजीत सिंह को भारी मतों से विजई बनाने के लिए काम करेगा। शिवपाल यादव ने सुजीत सिंह को कर्मठ, जिम्मेदार और जनता से जुड़ा युवा नेता बताते हुए कहा कि पार्टी का पूर्ण समर्थन उनके साथ है। घोसी विधानसभा सीट सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद रिक्त हुई थी।



सेंसेक्स 85052.46
निफ्टी 26042.30



सोना रु. 137914
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 232100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स फिसला

मुंबई, वार्ता



रुपये में जारी नरमी से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 356.24 अंक (0.42 प्रतिशत) टूटकर 85,052.46 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 99.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत नीचे 26,042.30 अंक पर रहा। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बाजार में गिरावट में रही है। डॉलर की तुलना में रुपये में नरमी का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत फिसल गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.08 फीसदी टूटा। आईटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरकर बंद हुए। धातु और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयर करीब डेढ़ फीसदी टूट गए। टीसीएस, इटरनल, सनफार्मा और टेक महिंद्रा के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक गिरे। पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक, आटीसी, अडानी पोर्ट्स और टाटा स्टील में भी गिरावट रही। टाइटन का शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी तेजी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.37 अरब डॉलर बढ़ा स्वर्ण भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.368 अरब डॉलर बढ़कर दो महीने के उच्चतम स्तर 693.318 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। इससे पहले 12 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में इसमें 1.689 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह 688.949 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का दूसरा सबसे बड़ा घटक स्वर्ण भंडार 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर रहा। आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.641 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 559.428 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी एन शामिल हैं। इसका मूल्य डॉलर की तुलना में उनकी विनिमय दर के आधार पर तय किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 9.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.782 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 80 लाख डॉलर चढ़कर 18.744 अरब डॉलर हो गया।

## चांदी 2.32 लाख पार सोना 1.38 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम लगातार चौथे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 13,117 रुपए बढ़कर 2,32,100 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को इसकी कीमत 2,18,983/किलो थी। वहीं सोने की कीमत 1,287 रुपए बढ़कर 1,37,914 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को सोने की कीमत 1,36,627/10 ग्राम थी। दस दिन में चांदी 36,920 रुपए महंगी हुई है। 12 दिसंबर को इसकी कीमत 1,95,180 रुपए प्रति किलो थी। इस साल चांदी अब तक 150 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दे चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 61,752 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,37,914 रुपए हो गया है।

# नीदरलैंड में स्थानीय निवासियों ने टाटा स्टील से मांगा जुर्माना

मुंबई, वार्ता

नीदरलैंड के वेल्सन-नूरड के निवासियों ने टाटा स्टील पर स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए 1.4 अरब यूरो (लगभग 148 अरब रुपये) के हर्जाने की मांग के लिए मुकदमा दायर किया है।

टाटा स्टील ने गुरुवार देर रात शेयर बाजारों को बताया कि नेल्सन-नूर्ड के निवा. सियों के संगठन स्टिचिंग फ्रिस विड-एनयू (एसएफडब्ल्यू) ने हारलेम स्थित उत्तरी हॉलैंड की जिला अदालत में यह मुकदमा दायर किया है। मामले में टाटा स्टील नीदरलैंड बीवी और टाटा स्टील इज्मुदेन को समन जारी किए गए हैं। टाटा स्टील ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया है। आरोप है कि कंपनी के संयंत्रों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ गए हैं। टाटा स्टील ने कहा है कि एसएफडब्ल्यू ने आरोपों के समर्थन में कोई प्रमाण पेश नहीं किया है, जिससे उसके दावों में तथ्यों की कमी है और ये सिर्फ कल्पना पर आधारित हैं। याचिका सार्वजनिक दावों के सामूहिक निपटान संबंधी डच कानून (डब्ल्यूएएमसीए) के तहत दायर की गई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि इसके तहत दो चरणों में सुनवाई पूरी होती है। पहला चरण मामले की स्वीकार्यता का होता है और दूसरे चरण में उसके गुण-दोष पर विचार किया जाता है। दोनों चरणों में अलग-अलग दो-तीन साल का समय लगता है। इसलिए आने वाले समय में (पहले चरण के दौरान) हर्जाने की राशि पर अदालत में विचार नहीं किया जाएगा। टाटा स्टील ने कहा है कि वह एसएफडब्ल्यू द्वारा मुहैया कराए गए दस्तावेजों का अध्ययन कर रही है और अधिवक्ताओं से परामर्श ले रही है। साथ ही दावों के संभावित प्रभावों का भी आंकलन किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में...** की मतदाता सूची में न तो इनके और न ही इनके माता-पिता या बाबा-दादी के नाम मिले हैं। यह कुल मतदाताओं का करीब सात प्रतिशत हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद इन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नोटिस देंगे। इन्हें भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमन्य 12 प्रमाण पत्रों में से एक देना होगा। आधार कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा इसके साथ कोई दूसरा प्रमाण पत्र भी लगाना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद 31 दिसम्बर से 30 जनवरी तक दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। इसी तरह 31 दिसम्बर से 21 फरवरी तक उन मतदाताओं को नोटिस दिए जाएंगे, जिनके रिकॉर्ड नहीं मिल पाए हैं। दावे व आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी को होगा। उन्होंने बताया कि जिनका नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नहीं है, वह फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। जिनके पास गणना प्रपत्र आया था, लेकिन वह किन्हीं कारणों से भर नहीं सके तो वे भी फॉर्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। हालांकि इन्हें एक शपथ पत्र भरना होगा। इसमें गणना प्रपत्र की तरह ही 2003 का रिकॉर्ड देना होगा। इसके साथ ही एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं।

**वीर साहिबजादों...** ही पूरी मुगलिया बादशाहत उनके पीछे लग गई, लेकिन चारों साहिबजादों में से एक को भी डिगा नहीं पाई। साहिबजादा अजीत सिंह जी के शब्द आज भी उनके हौसले की कहानी कहते हैं। अजीत सिंह जी ने कहा था कि नाम का अजीत हूं, जीता न जाऊंगा, जीता भी गया तो जीता न आऊंगा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने गुरु तेगबहादुर को उनके 350वें बलिदान दिवस पर याद किया था। जिन साहिबजादों के पास गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान की प्रेरणा हो, वो मुगल अत्याचारों से डर जाएंगे, ये सोचना ही गलत था। साहिबजादों के बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई। अब भारत ने तय किया है कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पानी ही होगी। अब हम भारतीयों के बलिदान और शौर्य की स्मृतियां दबेंगी नहीं। अब देश के नायक-नायिकाओं को हाशिये पर नहीं रखा जाएगा और इसलिए वीर बाल दिवस को हम पूरे मनोभाव से मना रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से मुक्त होते हमारे देश में, भाषाई विविधता हमारी ताकत बन रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जिस राष्ट्र के पास ऐसा गौरवशाली अतीत हो, जिसकी युवा पीढ़ी को ऐसी प्रेरणाएं विरासत में मिली हों, वो राष्ट्र क्या कुछ नहीं कर सकता है। जब भी 26 दिसम्बर का दिन आता है, मुझे ये तसल्ली होती है कि हमारी केंद्र सरकार ने साहिब. जादों की वीरता से प्रेरित होकर वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया। पीएम मोदी ने जेन-जी और जेन-अल्फा को संबो. धित करते हुए कहा कि आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-जी की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था कि कुछ अच्छा हो ही नहीं सकता। चारों ओर निराशा का वातावरण था। लेकिन आज देश प्रतिभा को खोजता है, उन्हें मंच देता है।

# बाराबंकी की पूजा पाल व आगरा के अजय को प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार

बाराबंकी, वार्ता



■ पूजा पाल ने बनाया है धूल रहित थ्रेशर का मॉडल

■ अजय राज ने मगरमच्छ से पिता की जान बचाई थी

सिरौली गौसपुर ब्लॉक के गांव डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल को विज्ञान के क्षेत्र में किए गए नवाचार के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वीर बाल दिवस के मौके पर शुक्रवार(26 दिसंबर) को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया है। इस वर्ष पुरस्कार पाने वालों में 20 बच्चे शामिल हैं, जिनमें दो बच्चे उत्तर प्रदेश के हैं।

पूजा को सम्मान मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं आगरा निवासी 9 साल के अजय राज के पिता को मगरमच्छ ने पकड़ लिया था, लेकिन अजय ने बिना डरे मगरमच्छ को भगाया था और अपने पिता की जान बचाई थी। सिरौली गौसपुर ब्लॉक के डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल ने वर्ष 2021 में कक्षा आठ में पढ़ाई के दौरान थ्रेशर का एक मॉडल तैयार किया। यह मॉडल भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही इंस्पायर्ड एवार्ड योजना में चयनित हो गया। मॉडल को पहले जिला स्तर पर फिर मंडल स्तर पर चुन लिया गया। वर्ष 2021-22 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूजा के थ्रेशर मॉडल की खूब तारीफ हुई और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान मिला।

10 अक्टूबर 2023 में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 60 मॉडलों का चयन किया गया। इन 60 मॉडल्स में पूजा का थ्रेशर मॉडल भी था। पूजा पाल को प्रधानमंत्री मोदी की डॉक्यूमेंट्री 'कर्मयोग एक अंतहीन यात्रा' जो उनके 75 वें जन्मदिवस पर लांच की गई थी, उसमें भी पूजा को शामिल किया गया था। पूजा पाल मिशन शक्ति फेज 5.0 का रोल मॉडल भी है। इन बच्चों को गणतंत्र दिवस की परेड में भी शामिल किया जाता है।

# दिल्ली से सटे यूपी के जिलों का एक्यूआई खतरनाक स्तर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में कड़ाके की ठंड के साथ कई जिलों में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा है। दिल्ली से सटे यूपी के जिलों में एक्यूआई 400 के पार तक पहुंच जा रहा। ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ समेत कई शहरों में प्रदूषण का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदूषण का असर सेहत पर तो पड़ता ही है, साथ ही साथ यह मानसिक रूप से लोगों को परेशान करता है। बहुत से मरीजों को त्वचा संबंधित दिक्कतें होने लगती हैं। विशेषज्ञों ने दुष्प्रभावों और उनसे बचने के उपायों के बारे में बताया है।केजीएमयू के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदूषित वायु केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करती है। सांस से संबंधित मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। इस स्थिति में ऐसे मरीजों को यही कहा जाता है कि बाहर निकलने से पहले मुंह पर मास्क जरूर लगाएं, अनावश्यक बाहर न निकलें, धुंध के समय मॉर्निंग या इवनिंग वॉक न करें। केजीएमयू की त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. पारुल वर्मा ने कहा कि वायु में मौजूद विषैली गैसें और सूक्ष्म कण त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं। इससे समय से पहले ही झुर्रियां, पिग्मेंटेशन और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं आने लगती हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से त्वचा कैंसर का जोखिम बढ़ सकता है।

CMYK



# गुरुओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं: राज्यपाल

■ राज्यपाल ने वीर बाल दिवस पर वीर साहिबजादों के शौर्य और बलिदान को किया नमन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर साहिबजादों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत भावपूर्ण शबद गायन के साथ हुई, इसके पश्चात वीर साहिबजादों के बलिदान पर आधारित कोर्ट-रूम सीन की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को गहराई से भाव विभोर कर दिया।

वीर साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह एवं माता गुजरी के महान बलिदान का स्मरण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज के दिन मन में दो भावनाएँ एक साथ उत्पन्न हो रही है। एक ओर साहिबजादों को दी गई अमानवीय यातनाओं का स्मरण मन को पीड़ा से भर देता है, वहीं दूसरी ओर उनके अद्‌भुत साहस, अडिग आस्था और बलिदान पर गर्व की अनुभूति होती है। राज्यपाल ने कहा कि जिस छोटी आयु में बच्चे खेल-कूद में लगे रहते हैं, उसी अवस्था में साहिबजादों ने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह एक संदेश है कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने सिख दर्शन के 'पीरी' और 'मीरी' के सिद्धांत का जिक्र करते हुए कहा कि गुरु गो. बिंद सिंह जी ने भक्ति और शक्ति के संतुलन का मार्ग दिखाया। जब अन्याय और अत्याचार अपनी सीमा पार कर जाए, तब न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष करना ही धर्म बन जाता है। राज्यपाल ने कहा कि सिख गुरुओं के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के युग में एआई और आधुनिक तकनीक के माध्यम से गुरुओं के सिद्धांतों और गुरबाणी को पूरी मानवता तक पहुँचाया जा सकता है। गुरबाणी के मूल मंत्र से एकता, भाईचारे और मानव कल्याण का संदेश मिलता है, जो आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। वीर बाल दिवस कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा, अपर सचिव रीना जोशी, संस्कृत विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री, डॉ. अजय परमार, डॉ. परमवीर सिंह, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## राज्यपाल ने किया सिमरजीत सेठी की लिविंग सिखिज्म पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर राज्यपाल ने सिमरजीत सिंह सेठी और डॉ. परमवीर सिंह द्वारा लिखित पुस्तक ''लिविंग सिखिज्म'' का विमोचन किया। यह पुस्तक सिख गुरुओं की शिक्षाओं, मूल्यों और सार्वभौमिक आदर्शों को समकालीन संदर्भ में प्रभावी रूप से प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह के जीवन, संदेश और शाश्वत विरासत को समर्पित एक अन्य पुस्तक 'गुरु गोबिंद सिंह जी: द फ्लेम लिव्स ऑन' का विमोचन भी किया जिसे हरविंदर नॉनी बग्गा ने लिखा है। कार्यक्रम में " गुरु तेग बहादुर साहिब की आध्यात्मिक यात्रा" पुस्तक राज्यपाल को भेंट की गई जिसे पंजाब के राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू द्वारा लिखा गया है। कार्यक्रम में सर्वोच्च बलिदान एवं शहादत की पावन स्मृति में समर्पित एक अन्य साहित्यिक-चित्रात्मक पुस्तिका का भी विमोचन किया।

# विंटर कार्निवाल जैसे आयोजन पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक: जोशी

■ कैबिनेट मंत्री ने किया मसूरी विंटर कार्निवाल के फूड फेस्टिवल तथा सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को मसूरी पहुंचकर वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान की स्मृति कराता है। उन्होंने कहा कि साहिबजादों का जीवन आज की पीढ़ी के लिए देशभक्ति, धर्मनिष्ठा और आत्मबल की प्रेरणा है।

इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री जोशी ने मसूरी विंटर कार्निवाल के अंतर्गत मॉल रोड पर लगाए गए फूड स्टॉलों का विधिवत उद्‌घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और स्थानीय उत्पादों एवं व्यंजनों की सराहना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने गढ़वाल टैरिस में कार्निवाल के सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ भी किया।

जोशी ने कहा कि विंटर कार्निवाल जैसे आयोजन पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों, महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से मसूरी की सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलती है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, रजत अग्रवाल, मनमोहन मल्ल, संदीप साहनी, मोहन पेटवाल, देवी गोदियाल, एडीएम मसूरी राहुल आनंद सहित कई सैलानी उपस्थित रहे।



# जोशी ने मोटर मार्ग के कार्य में हो रही धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी

■ कैबिनेट मंत्री जोशी ने पीएमजीएसवाई के तहत निर्माणाधीन मोटर मार्गों की प्रगति की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत निर्माणाधीन मोटर मार्गों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने माल देवताख्रशेरकी सिल्ला मोटर मार्ग के कार्य में हो रही धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

कैबिनेट मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ-साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही गुणवत्ता मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की हिदायत दी।

इस अवसर पर पीएमजीएसवाई मुख्य अभियंता संजय कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# दलित समुदाय को निशाना बना रही कांग्रेस: खजान दास

■ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का दिल्ली से मुद्दे पर राजनीति षड्‌यंत्र का इशारा, प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना लगाए आरोप




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस पर सोशल मीडिया के अपुष्ट एवं अमर्यादित पोस्टों के आधार पर देवभूमि और समूचे दलित समाज को कलंकित करने का आरोप लगाया है। वहीं आक्रोश जताया कि न्यायालय दोषियों को सजा दे चुका है, लेकिन कांग्रेस बार बार साजिशन नए नए नाम लेकर दिवंगत बेटी की आत्मा को भी अपमानित कर रही है। दिल्ली से कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का इस मुद्दे को उठाना, राजनैतिक षडयंत्र का इशारा करता है।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री, राजपुर विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता खजान दास ने कांग्रेस पर नकारात्मक एवं शर्मनाक राजनीति का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सोशल मीडिया पर प्रचार की मंशा से वायरल ऑडियो वीडियो को राजनैतिक हथियार बना रही है, जिनका न तो कोई पुख्ता आधार है, न ही वे मर्यादित हैं। लेकिन गैरजिम्मेदाराना तरीके और षड्यंत्र के तहत, इन बयानों की आड़ में समूचे अनुसूचित जाति समाज को अपमा. नित करने का पाप किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर सीधा सीधा आरोप लगाया कि वे बिना पुष्टि वाले अश्लील वक्तव्यों पर दिल्ली में बैठकर पत्रकार वार्ता करते हैं। जो कहीं न कहीं दर्शाता है कि कांग्रेस इस पूरे घटनाक्रम को षड्यंत्र की तरह इस्तेमाल कर देवभूमि और समूचे दलित समाज को अपमानित करना चाहती है।

उन्होंने अपने आरोपों पर स्पष्ट किया कि इस सुनियोजित साजिश के क्रम में कांग्रेस द्वारा पिछड़े अनुसूचित वर्ग की आवाज उठाने वाली दमदार आवाज, उनके सामाजिक उत्थान में उम्र खपाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता को बदनाम किया जा रहा है। जो बेहद ही शर्मनाक और अनैतिक राजनीति की पराकाष्ठा है, भाजपा ऐसे षडयंत्रों की पुरजोर आलोचना एवं विरोध करती है।पत्रकार वार्ता में उनके साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, सह प्रभारी राज. ेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी व कमलेश रमन उपस्थित थे।

## कहा - सस्ती लोकप्रियता के लिए बनाए जा रहे सोशल मीडिया कंटेंट

खजान दास ने हैरानी जताते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी एवं राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी, लगातार हार से इतनी निराश है कि अश्लील एवं सस्ती लोकप्रियता बटोरने की खातिर बनाए जा रहे सोशल मीडिया कंटेंट आज उनका मुख्य एजेंडा बन गया है। उनके जिम्मेदार एवं बड़े नेता, तात्कालिक राजनैतिक लाभ के लिए जान बूझते, बिना सबूत एवं तथ्यों के आधार पर लगाए आरोपों से भाजपा और उनके नेताओं की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसमें सबसे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है दलित समाज से जुड़े भाजपा के बड़े नेता पर निशाना साधना। जो सिर्फ एक नेता को नीचा दिखाने की कोशिश भर नहीं है, बल्कि लंबे प्रयासों के बाद खड़े हुए समूचे दलित समाज के चरित्र पर लांछन लगाने की कोशिश है।यहां उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल जो भी ऐसे तथाकथित वीडियो सोशल मीडिया में शामिल हैं उन पर कानूनी कार्रवाई हो रही है और उम्मीद है शीघ्र उनकी पूरी सच्चाई भी सामने आ जाएगी।

# डा. नरेश बंसल ने अटल की मूर्ति का अनावरण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष एवं सांसद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने भांडारीबाग रेसिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भंडारी बाग में शताब्दी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की नवीन मूर्ति का अनावरण किया व पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए सांसद राज्यसभा ने वाजपेयी के विचारों, राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान और मूल्यों पर प्रेरणादायी विचार साझा किए व वरिष्ठ भाजपा जन को सम्मानित किया।कार्यक्रम में महापौर सौरभ थपलियाल , धर्मपुर विधायक विनोद चमोली , पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल ,रतन सिंह चौहान , यासमीन आलम खान सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या मे आमजन उपस्थित रहे।



# माजरी ग्रांट शिविर में एडीएम केके मिश्रा ने मौके पर निपटाई जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के श्जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारश अभियान के तहत शुक्रवार को डोईवाला ब्लॉक की न्याय पंचायत माजरी ग्रांट में विशाल बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। केके मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में प्रशासन ने सीधे श्ग्राउंड जीरोश पर उतरकर ग्रामीणों की सुध ली।शिविर में एडीएम केके मिश्रा ने विभागीय स्टॉलों का गहन निरीक्षण किया कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। 110 शिकायतों में से 23 का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत दी गई। कुल 1310 लोग लाभान्वित हुए।स्वास्थ्य विभाग ने 362 लोगों की जांच कर दवाएं बांटीं, जबकि कृषि व उद्यान विभाग ने 100 से अधिक किसानों को बीज व यंत्र वितरित किए।



## आईएसबीटी पर खुला निकास द्वार, पार्किंग का काम शुरू

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल के सख्त रुख के बाद आईएसबीटी क्षेत्र की व्यवस्थाएं सुधरने लगी हैं। डीएम द्वारा हाल ही में किए गए निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के क्रम में आईएसबीटी का बंद पड़ा निकास द्वार (एग्जिट गेट) खोल दिया गया है और उसकी मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है।यातायात को सुचारू करने के लिए फ्लाईओवर के नीचे सुव्यवस्थित पार्किंग का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जहां टाइल्स बिछाने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

# मतदाता मैपिंग आसान बनाने को आपसी समन्वय करें स्थापित: एसीईओ

■ अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. जोगदंडे ने की देहरादून जनपद के बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ बैठक,फील्ड में कार्य कर रहे अधिकारियों से लिया फीडबैक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को देहरादून जनपद के फील्ड अफसरों के साथ सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने बीएलओ सुपरवाईजर एवं बीएलओ के साथ संवाद स्थापित कर फीडबैक भी लिया। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में 12 राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान संचालित है। निकट भवष्यि में आयोग द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में भी एसआईआर अभियान चलाया जा सकता है।

ऐसे में मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय के निर्देशन में अभी से चरणबद्ध तरीके से तैयारी की जा रही है। मतदाताओं की मैपिंग के लिए आउटरीच कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा किए जा रहे संपर्क एवं अन्य कार्यों की नियमित समीक्षा अनिवार्य है। जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बीएलओ सुपरवाईजर, बीएलओ, एईआरओ एवं ईआरओ के बीच बेहतर समन्वय से ही मैपिंग का कार्य आसानी से पूरा हो सकेगा।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने संवाद के दौरान विभिन्न विधासभाओं से पहुंचे बीएलओ सुपरवाईजर एवं बीएलओ को मैपिंग के दौरान आ रही समस्याएं सुनते हुए ईआरओ को उनके निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को दी जाने वाली ट्रेनिंग मैटीरियल को और आसान बनाने एवं वीडियो फार्मेट में बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बीएलओ को सोशल मीडिया एवं वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने संबंधित जानक. ारी मतदाताओं से साझा करने की अपील की।बैठक में उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, ईआरओ गौरव चटवाल, स्मृता परमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र त्रिपाठी, एईआरओ देहरादून सुरेद्र सिंह, अभिलाषा भट्ट सहित अन्य अधिकारी एवं बीएलओ शामिल थे।

# वीर बाल दिवस अद्वितीय साहस, त्याग और बलिदान की स्मृति का प्रतीक: जोशी

■ कैबिनेट मंत्री ने किया वीर बाल दिवस के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्‌घाटन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र में वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में लगाई गई प्रेरणादायी प्रदर्शनी का भी विधिवत उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और क्रांतिकारी चेतना के प्रतीक शहीद उधम सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि वीर बाल दिवस देश के इतिहास में अद्वितीय साहस, त्याग और बलिदान की स्मृति का प्रतीक है।

इस अवसर पर म जोशी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में साहिबजादों के जीवन, संघर्ष और बलिदान को चित्रों, जानकारी और ऐतिहासिक तथ्यों के माध्यम से अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने आयोजन समिति को इस प्रेरणादायी प्रयास के लिए बधाई भी दी।

इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, दिलबाग सिंह, मोंटी सिंह, राहुल चौहान, आशीष शर्मा, अमित भाटिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।




# कांग्रेस पार्षदों के साथ किया जा रहा भेदभाव: गोदियाल



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में शुक्रवार को देहरादून नगर निगम के कांग्रेस पार्षदों के एक प्रति. निधिमंडल ने सचिवालय स्थित शहरी विकास सचिव से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से सबंधित पत्र सौंपा।पीसीसी अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि नगर निगम देहरादून की और से कांग्रेस पार्षदों के साथ भेदभावपूर्ण रवैये अपनाया जा रहा है। निगम की और से कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में विकास कार्यों को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है, जबकि सत्ताधारी दल से जुड़े पार्षदों एवं विधायकों के क्षेत्रों में बिना किसी बाधा के करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है।

इस अवसर पर पार्षद संगीता गुप्ता, सुशांत बोहरा, कोमल बोहरा, अर्जन सोनकर, रमेश कुमार, इताअत खान, आशीष कुमार, मोनिका, अभिषेक तिवाड़ी, आयुष गुप्ता, बिरेन्द्र सिंह बिष्ट, महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी, अभिनव थापर, राजेश चमोली, ओमप्रकाश सती, रितेश क्षेत्री, पियूष जोशी, सुरेन्द्र रांगड़ व अनुराग गुप्ता आदि उपस्थि थे।

# कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को किया याद

■ राजीव भवन में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके योगदान को स्मरण करते हुए शुक्रवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय देहरादून में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने डॉ. मनमो. हन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर गणेश गोदियाल ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने देश की आर्थिक मजबूती, सामा. जिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने में ऐतिहा. सिक भूमिका निभाई। उनका सादगीपूर्ण जीवन और ईमानदार नेतृत्व आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत है।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उदारीकरण से लेकर मनरेगा, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसे जनकल्याणकारी निर्णयों में डॉ. मनमोहन सिंह जी की भूमिका अविस्मरणीय है। कांग्रेस पार्टी सदैव उनके विचारों और नीतियों पर चलकर देश सेवा का कार्य करती रहेगी।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह भण्डारी, उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना, नवीन जोशी, राजेन्द्र शाह, गरिमा माहरा दसौनी, डॉ. प्रतिमा सिंह, राजेश चमोली, डॉ. जसविन्द सिंह गोगी, लालचन्द्र शर्मा व अभिनव थापर आदि मौजूद रहे।



CMYK

## भालू ने महिला पर किया जानलेवा हमला, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पंच केदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के पास एक दर्दनाक घटना हो गई। यहां एक महिला पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ पहुंचाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग रेफर कर दिया।नगर पंचायत ऊखीमठ के प्रेमनगर निवासी 32 वर्षीय रचना देवी पत्नी मनमोहन पर गुरूवार को दोपहर लगभग तीन बजे भालू ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना राजकीय अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ के निकट घास लेते वक्त हुई। प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों के अनुसार, रचना देवी घास काट रही थीं, तभी जंगल की ओर से आए भालू ने उन पर झपट कर हमला कर दिया। हमले में वह बुरी तरह लहूलुहान हो गईं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह भालू को दूर भगाकर घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए उन्हें रुद्रप्रयाग जिला रेफर कर दिया गया अस्पताल है इस घटना के बाद केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने अस्पताल जाकर घायल महिला का हालचाल जाना। वन विभाग की टीम घटनास्थल पर है एवं प्रभावित क्षेत्र में गश्त की जा रही है। जिन क्षेत्रों में वन्यजीवों की सक्रियता अधिक है, वहां विशेष अभियान चलाया जाएगा। मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। मेरा सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह है कि सावधानी एवं सतर्कता के साथ आवाजाही करें। इस घटना ने क्षेत्र में भालुओं की बढ़ती सक्रियता को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से जंगलों के आसपास भालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे ग्रामीण भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल निगरानी बढ़ाने, गश्त तेज करने और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# स्थानीय उत्पादों व पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा: सीएम

## सेमलडाला खेल मैदान का विस्तारीकरण होगा: मुख्यमंत्री

■ राजराजेश्वरी मंदिर कुरुड़ का सौंदर्यीकरण, अनसूया देवी मंदिर मंडल में यात्री विश्राम गृह का निर्माण होगा,ग्वालदम से तपोवन लॉर्ड कर्जन मार्ग का नाम नंदा-सुनंदा मार्ग होगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीपलकोटी/चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 24वें बंड विकास औद्योगिक, पर्यटन, किसान एवं सांस्कृतिक मेले 2025 में प्रतिभाग हेतु शुक्रवार को हेली से सेमलडाला मैदान पीपलकोटी पहुंचे। हेलीपैड पर जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। साथ ही हेलीपैड पर बंड विकास समिति के सदस्यों, नगर पंचायत अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऐसे मेले स्थानीय उत्पादों को मंच प्रदान करते हैं और इनमें लोक संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले सभी स्मृति-चिन्ह एवं भेंट अब स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण आजीविका को बल मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर समस्याओं के समाधान का आह्वान करते हुए आमजन से इसमें सक्रिय सहभागिता की अपील की। उन्होंने स्थानीय निवासियों, व्यापारियों, किसानों एवं मेले से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन डिस्ट्रिक्ट वन फेस्टिवल, वोकल फॉर लोकल और मेड इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। केदारनाथ एवं बद्रीविशाल के प्रांगण में मास्टर प्लान के अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं तथा रोपवे निर्माण एवं रेल परियोजनाओं से पर्यटन और अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक जनपद दो उत्पाद, हाउस ऑफ हिमालय ब्रांड, स्टेट मिलेट मिशन तथा होमस्टे योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों और पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में 800 से अधिक होमस्टे संचालित हैं। और उत्तराखंड वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी तेजी से उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है तथा देवभूमि की विरासत और संस्कृति की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।उन्होंने बताया कि 10 हजार एकड़ से अधिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।

राज्य में सख्त भू-कानून लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को ज्ञान, शिक्षा, संस्कृति और विकास का केंद्र बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सेमलडाला खेल मैदान के विस्तारीकरण, नंदा देवी राजजात यात्रा मार्ग में पेयजल सहित आधारभूत सुविधाओं का विकास किए जाने, ग्वालदम से तपोवन लॉर्ड कर्जन मार्ग को बदलकर नंदा-सुनंदा मार्ग रखे जाने, राज राजेश्वरी मंदिर कुरुड़ का सौंदर्यीकरण एवं अनसूया देवी मंदिर मंडल में यात्री विश्राम गृह की घोषणा की।

नगर पंचायत पीपलकोटी की अध्यक्ष आरती नवानी ने मुख्यमंत्री से नगर पंचायत की विभिन्न श्समस्याओं से अवगत कराया और विकास श्कार्यों श्के लिए ज्ञापन भी सौंपा इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें सकारात्मक आश्वासन देते हुए हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

इस दौरान थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष आरती नवानी,भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण खत्री, बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र भंडारी, राज्य मंत्री रामचंद्र गौड़, दलवीर दानू, मेला समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेगी, ब्लॉक प्रमुख दशोली विनीता देवी, जिला पंचायत सदस्य संतोषी देवी,दीपा देवी सहित स्थानीय लोग एवं अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 11 मोटर मार्गों को मिली स्वीकृति

■ राजकीय इंटर कॉलेज किमगड़ी में जल्दी ही विज्ञान विषय शुरू करने की भी घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पोखड़ा( पौड़ी )।** प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने राजकीय इंटर कॉलेज किमगड़ी विकास खण्ड पोखड़ा के वार्षिक उत्सव में प्रतिभाग करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल को 26 करोड़ की लागत की विभिन्न विकास योजनाओं की भारी-भरकम सौगात दी। इस दौरान उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज किमगड़ी में जल्दी ही विज्ञान विषय शुरू करने की भी घोषणा की।

महाराज ने क्षेत्र भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज, किमगड़ी विकास खण्ड पोखड़ा के वार्षिक उत्सव में प्रतिभाग करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल में 189.70 लाख की लागत की कुल 8 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।

इसके अलावा 120 लाख की धनराशि की सोलर आनग्रीड पर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना के नवनिर्माण का भी लोकार्पण किया।

इसके अलावा उन्होंने 887.92 लाख की धनराशि से निर्मित विकासखंड पोखड़ा के 3 किमी दमदेवल मोटर मार्ग के डाडाखिल से ग्राम कुई तक ग्रामीण मोटर मार्ग निर्माण कार्य स्टेज 1 और 212.35 लाख की धनराशि से निर्मित हुए चौबट्टाखाल-कुई दांता मोटर मार्ग से उलखेत तोक के अनुसूचित जाति मजगांव तक ग्रामीण मोटर मार्ग निर्माण का भी लोकार्पण करने के साथ ही अपने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल को लोक निर्माण विभाग की 8, पंचायती राज विभाग की 6, लघु डाल खंड श्रीनगर की 2, ग्रामीण निर्माण विभाग की 02 योजनाओं सहित 26 करोड़ की कुल 18 योजनाओं भारी-भरकम सौगात दी।

उन्होंने यह भी जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम विकास के तहत पाबौ, एकेश्वर, बीरोंखाल एवं पोखड़ा विकासखंड में पीएमजीएसवाई स्टेज-4 के तहत 10480.49 लाख की लागत के कुल 11 मोटर मार्गो की भी स्वीकृति प्राप्त हो गई है जल्दी ही आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह में युवा भाजपा नेता सुयश रावत मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र दर्शन, बीकेटीसी के पूर्व सदस्य पुष्कर जोशी, पूर्व प्रमुख सोवन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, प्रभु शरण बुडाकोटी, एडीएम अनिल गर्बयाल, एसडीएम रेखा आर्य, लोक निर्माण विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## लाखामंडल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता विकासखंड के अंतर्गत लाखामंडल क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमर सिंह चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

कथित तौर पर मामले में एक भाजपा के बड़े नेता दुष्यंत कुमार गौतम का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला।इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, अजय कुमार एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई जांच की मांग की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अमिता वर्मा, रजनेश पंवार, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सौरभ राणा, खात अध्यक्ष चंडी प्रसाद, पूर्व यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अरुण डोभाल, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विक्रम राणा, जयेंद्र पंवार, दिनेश पंवार, शांति प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक नजर .......

## सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के लिए विभागों में सौंपी जिम्मेदारी

**कोटद्वार।** कौड़िया स्थित गबर सिंह कैंप में आगामी 15 जनवरी से होने वाली सेना की अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर सेना के अधिकारियों ने नगर निगम सभागार में स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। बैठक में निदेशक एआरओ लैंसडौन कर्नल आरएस पंवार ने कहा कि भर्ती रैली में प्रतिदिन करीब 800 युवा आएंगे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं को भर्ती ग्राउंड से उनके गंतव्य रेलवे स्टेशन, बस अड्डा व अन्य स्थानों तक छोड़ने के लिए बसों की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने नगर निगम से प्रवेश स्थल व भर्ती ग्राउंड में आठ मोबाइल शौचालय की व्यवस्था करने को कहा साथ ही प्रवेश स्थल पर बने अस्थायी शौचालयों की मरम्मत कराने, ब्लीचिंग व चूने का नियमित छिड़काव करने के लिए कहा । अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं 14जनवरी से पहले जुटा लेने के लिए कहा गया। शिक्षा विभाग से प्रमाणपत्रों की जांच के लिए काम करने वाले लोगों की ड्यूटी लगाने के लिए कहा साथ ही अग्निशमन विभाग को फायर टेंडर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में जल संस्थान को पेयजल आपूर्ति के लिए प्रतिदिन आठ टैंकरों की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। प्रवेश स्थल व भर्ती ग्राउंड में झाड़ी कटान व 100 मीटर के ट्रैक निर्माण के लिए लोनिवि को ट्रक व जेसीबी मशीन की व्यवस्था करने के लिए कहा।

## दौड़ में अनिरुद्ध, दिव्या और आयुष ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कालेज किलकिलेश्वर में न्याय पंचायत नौर कि स्थानीय जनप्रतिनिधि खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सब का मनमोहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कीर्तिनगर ब्लाक के ज्येष्ठ उप प्रमुख जगत नारायण रतूड़ी ने सभी छात्र-छात्राओं से खेल को खेल भावना का आह्वान किया। इसके मौके पर आयोजित अंडर-14 बालक वर्ग 60 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अनिरुद्ध ने प्रथम, आयुष उप्रेती ने द्वितीय और ऋषभ कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में दिव्या रावत ने प्रथम, रानू रावत ने द्वितीय, सगुन रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ में आयुष उप्रेती, रानू रावत ने प्रथम, अमन और राधिका ने द्वितीय एवं सूरज और रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में अनिरुद्ध, कुनाल और अनुग्रह ने क्रमांश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य रानीहाट मनोज जोशी, कार्यक्रम संयोजक एवं विद्यालय प्रधानाचार्य नैन सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह बिष्ट, कुसुमलता बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट सहित आदि मौजूद थे।

## शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को रियासत खान 'मानद डॉक्टरेट' से सम्मानित

**सेलाकुई।** स्टार्टअपशिक्षा फाउंडेशन के इवैल्यूएशन बोर्ड ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाने और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए अटकफार्म सेलाकुई निवासी रियासत खान को 'मानद डॉक्टरेट' की उपाधि से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें 'बेस्ट एजुकेशनिस्ट ऑफ द ईयर' के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान के लिए दिया गया है। रियासत खान को यह प्रतिष्ठित उपाधि शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और नवाचारों को देखते हुए दी गई है। फाउंडेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और काउंसिल एडमिनिस्ट्रेटर्स की सिफारिश पर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार समाज में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने और भावी पीढ़ी को प्रेरित करने वाले उनके प्रयासों का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर रियासत खान को शिक्षा जगत के विभिन्न दिग्गजों और उनके शिक्षकों ने

## विधायक ने अधिकारियों को दी नसीहत शिविर को औपचारिकता न समझें विभाग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को टिहरी जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में प्रशासन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी क्रम में विकासखंड चंबा की न्याय पंचायत पांगरखाल स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) पुनीत तोमर की अध्यक्षता में एक भव्य बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिर. कत करते हुए क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय ने न केवल विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया, बल्कि अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की मंशा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समां बांधा और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाई।

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक किशोर उपाध्याय ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार प्रत्येक न्याय पंचायत में 45 दिनों तक ये विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि इन शि. विरों को महज औपचारिकता न समझा जाए, बल्कि इन्हें गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही जनता की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने बताया कि पहले इन शिविरों में 23 विभाग शामिल थे, लेकिन जनहित को देखते हुए अब 26 विभागों को इसमें सम्मिलित किया गया है। कहा कि जो आने में असमर्थ तो अधिकारी स्वयं उनके घर जाकर उनकी समस्या सुनें और उसका समाधान करें। चंबा शिविर में ब्लॉक प्रमुख सुमन सजवाण, एसडीएम संदीप कुमार, एसीएमओ, बीडीओ जाकिर हुसैन, नोडल अधिकारी शशी कमल, जिला पंचायत सदस्य दर्शनी देवी, जीतराम भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने सरकार की इस मुहिम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## विकासनगर व हरबर्टपुर में वीर बाल दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर और भाजपा जिला देहरादून ग्रामीण हरबर्टपुर व द एनफील्ड स्कूल विक. ासनगर, सेपियंस विद्यालय में वीर बाल दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, छत्रपाल सिंह, गुलजार सिंह तथा अन्य छात्र छात्राओं के द्वारा मां सरस्वती व गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया।

विद्यालय के आचार्य गुलजार सिंह ने कहा कि 26 दिसंबर का दिन गुरु गोवि. बंद सिंह जी के साहिबजादों की वीरता और निष्ठा को स्मरण करने का दिन है, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला देहरादून ग्रामीण हरबर्टपुर नगर पालिका में पालिका अध्यक्ष नीरू देवी के द्वारा सुखमणि साहिब का पाठ व शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया व पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पूर्व प्रदेश कार्यकारणी संतोष रावत, जिला अध्यक्ष मीता सिंह, जिला महामंत्री यशपाल नेगी, जिला महामंत्री अमित डबराल, देहरादून नगर सह प्रभारी संजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा अध्यक्ष विनायक नौटियाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष खालिद मंसूरी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरता गुरुंग, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता गुलेरिया, अरुण मित्तल, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, सरदार सुरजीत सिंह बग्गा, रचिता ठाकुर, सुषमा गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूनियन की जनपद स्तरीय नवीन कार्यकारिणी का गठन

**रुद्रप्रयाग।** जल निगम/जल संस्थान मजदूर यूनियन की आयोजित आम बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। केन्द्रीय परिवेक्षक श्याम सिंह फरस्वाण एवं प्रान्तीय अध्यक्ष आनंद सिंह राजपूत की देखरेख में जनपद स्तरीय नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्व सहमति से राकेश प्रसाद कोठारी को को दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया। वही अर्जुन सिंह को उपाध्यक्ष और विजयपथ को सचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी ने यूनियन के समक्ष विभिन्न प्रस्ताव रखे, जिन पर चर्चा हुई।पदभार ग्रहण करते ही नए अध्यक्ष राकेश प्रसाद कोठारी ने यूनियन का आभार व्यक्त किया और कहा कि यूनियन सभी सदस्यों को साथ लेकर आगे बढ़ेगी तथा मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

## पुल निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** नैनीडांडा में कतेड़ा नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। नदी में पुल निर्माण नहीं होने से वर्षाकाल में समस्याएं बढ़ने लगती हैं। यदि जल्द पुल निर्माण नहीं हुआ तो ग्रमीण आंदोलन को मजबूर होंगे।ग्राम रौंदड़ी, पुनोड़ी, चिल्लाऊ, सौंपखाल सहित अन्य गांव के ग्रामीणों ने धुमाकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर शासन- प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि ग्रामीण लगातार पुल निर्माण की मांग उठा रहे हैं। बावजूद शासन-प्रशासन उनकी अनदेखी कर रहा है। वर्ष 2016-17 में पुल निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली थी। जिसके बाद वर्ष 2021 में क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह रावत ने पुल निर्माण कार्य का शिलान्यस भी किया। इसके बाद निर्माण के लिए लोहा सहित अन्य लाखों का सामान मौके पर पहुंचाया गया। लेकिन, आज तक पुल निर्माण धरातल पर रंग नहीं ला पाया। नतीजा, पुल निर्माण के लिए लाई गई लाखों की सामग्री भी बर्बाद हो रही है। पुल निर्माण नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सांकेतिक रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैठकर धरना दिया। साथ ही यदि जल्द कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो सैकड़ों गांव के ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस नेता रघुवीर सिंह बिष्ट, कुलदीप सिंह रावत, राहुल बिष्ट, धनवीर सिंह नेगी, सुभाष नेगी, दीनदयाल सिंह,सुनील नेगी, विक्रम सिंह कंडारी आदि मौजूद रहे।

# अंकिता हत्याकांड में वीआईपी का नाम उछलने पर भड़की कांग्रेस, प्रभारी का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग और कथित वीआईपी की संलिप्तता को लेकर एक बार फिर राजनीतिक पारा गरमा गया है। सोशल मीडिया पर इस जघन्य हत्याकांड में वीआईपी के तौर पर भाजपा नेता और प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम का नाम सामने आने के बाद विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसी क्रम में शुक्रवार को देवप्रयाग ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कांग्रेसजनों ने बाजार में जुलूस निकालते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भाजपा प्रभारी दुष्यंत गौतम का पुतला दहन कर अपने गुस्से का इजहार किया।



विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अंकिता भंडारी प्रकरण में सरकार शुरू से ही लीपापोती करने का प्रयास कर रही है। अब जब सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से वीआईपी के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं, तो जनता का शक और गहरा हो गया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि पहाड़ की बेटी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि दूध का दूध और पानी का पानी करने के लिए इस पूरे मामले की तत्काल सीबीआई से स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि असली गुनहगारों को सजा मिल सके और वीआईपी का चेहरा बेनकाब हो सके।शुक्रवार को आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शशि प्रकाश भट्ट, देवप्रयाग विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र कंडारी, बीएलए वन प्रभारी मोहनानंद डोभाल, जितेंद्र उनियाल, श्यामलाल आर्य, राजेंद्र भंडारी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कुंदन सिंह बिष्ट, मकान सिंह चौहान, सुभाष लिंगवाल, उमेद सिंह चौहान, गणेश झल्डियाल, पूर्णानंद चमोली, अजय, पूर्णानंद रतूड़ी, सुरेश राणा और मातबर सिंह पंवार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में अंकिता के हत्यारों को फांसी और वीआईपी की गिरफ्तारी की मांग दोहराई।

## हरबर्टपुर में चरित्र निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर में शुक्रवार को सुभारती देहरादून समूह के विशिष्ट विशेषज्ञों द्वारा कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण का विकास करना रहा।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे चरित्र निर्माण, सामाजिक आचरण, आपदा प्रबंधन, नागरिक कर्तव्य एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में डॉ. रविंद्र कुमार सैनी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, वरिष्ठ शिक्षाविद्, लेखक एवं सामाजिक कार्यकर्ता (वर्तमान में चरित्र निर्माण अभियान, सुभारती समूह, देहरादून के निद. ेशक) ने अपने प्रेरणादायी विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. अतुल कृष्ण, प्रख्यात शिक्षाविद्, समाज सुधारक एवं सुभारती संस्थान समूह के संस्थापक की उपस्थिति भी रही। उन्होंने डॉ. बी. आर. अंबेडकर के आदर्शों से प्रेरित होकर सामाजिक समानता एवं चरित्र निर्माण को राष्ट्र निर्माण की नींव बताया।

विद्यालय की निर्देशिका रश्मि गोयल एवं प्रधानाचार्या गीता नेगी ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होती हैं। इस अवसर पर पारुल (सह पाठयक्रम अध्यक्षा), आशा गोसाई, अदिति आले, कृष शर्मा, यश सिंघल, वंदना आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# लामाचौड़ गूल में मिला पेंटर का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक सिंचाई नगर में एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों भी मौके पर पहुंच गए और हत्या की आशंका व्यक्त की। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मुखानी पीलीकोठी निवासी 45 वर्षीय प्रेम शंकर यहां अपने परिवार के साथस रहता है, और लामाचौड़ में पेंटर का काम करता था। बताया जा रहा कि बीते गुरूवार की रात्रि वह किसी काम से ट्यूबवेल के पास गए थे। इस दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों के चलते ट्यूबवेल से निकलने वाली सिंचाई नहर की गूल में गिर गए, और रात भर सिंचाई नहर की गूल में ही पड़े रहे। शुक्रवार तड़के जब लोगों ने गूल में पड़े हुए व्यक्ति की सूचना पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इधर पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे मृतक प्रेम शंकर के पुत्र हर्ष सागर ने आरोप लगाया है कि जिसके साथ उनके पिता ट्यूबवेल के पास गए थे। उन लोगों के बीच किसी बात को लेकर रात में झगड़ा हो गया था। जिससे उन्हें हत्या का शक है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजन हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है लेकिन अभी मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है।

# टैंकर चालक ने पांच वाहनों को उड़ाया

## शीशमहल में सेंट थेरेसा के सामने हुआ हादसा, कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ

❑ सड़क किनारे खड़े वाहनों में कोई सवारी नहीं थी, और न ही पेट्रोलियम के टैंकर में पेट्रोल भरा था



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते गुरूवार की रात्रि शीशमहल में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। जब एक पेट्रोलियम टैंकर चालक ने शराब के नशे में धुत होकर पांच वाहनों को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि सड़क किनारे खड़े वाहनों में कोई सवारी नहीं थी, और न ही पेट्रोलियम के टैंकर में पेट्रोल भरा था। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना मिलते ही काठगोदाम पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, और चालक को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बता दें कि बीते गुरुवार की रात्रि करीब 10 बजे रानीबाग की तरफ से आ रहे भारत पेट्रोलियम का वाहन संख्या यूपी86टी-7537 संख्याशीशमहल सेंट थेरेसा स्कूल के ठीक सामने अनियंत्रित हो गया, और इसके चलते सेंट थेरेसा स्कूल के ठीक सामने उसने सड़क किनारे खड़े टेंपो सहित चार दो पहिया वाहनों को रौंद दिया। जिसके बाद टैंकर सिंचाई नहर में जा घुसा। गनीमत रही की सड़क किनारे खड़े वाहन में कोई सवारी नहीं था और न ही पेट्रोलियम के टैंकर में पेट्रोल भरा था। जिसके चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं क्षेत्रवासियों ने कहा कि चालक शराब के नशे में इतना धुत था कि टक्कर मारने के बाद भी उसे कोई होश नहीं था। आसपास के लोगों ने ही उसे टैंकर से बाहर निकाल। भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलते ही काठगोदाम चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर चालक हिरासत में ले लिया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचे और टैंकर चालक अरविन्द यादव पुत्र मेघनाथ यादव निवासी बेहड़ी जिला बरेली को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया। उन्होंने बताया कि टैंकर चालक पूरी तरह से नशे धुत था।

# छात्रों ने लिया संस्कृत भाषा को जीवन में उतारने का संकल्प




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित छात्रों के संभाषण संवर्धन वर्ग का शुक्रवार को समापन हो गया। छात्र सचिन शर्मा, विनय पांडे, विनय पाठक तथा कार्तिक जोशी ने संस्कृत में अनुभव कथन को व्यक्त किया तथा संस्कृत के अध्ययन क्रम को अपने जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया। जानकी त्रिपाठी ने छात्रों को संदेश दिया कि भाषा भाषण मात्र से ही चिरकाल तक वाणी में स्थिर रह सकती है और आज केवल संभाषण वर्ग का समापन कार्यक्रम है न की भाषण का। काशी से वर्ग संचालित करने आये आलोक राजपूत ने कहा कि प्रतिदिन कुछ समय तक संस्कृत में ही व्यवहार रखने मात्र से हम शीघ्र ही इन किए हुए 10 दिनों के यज्ञ का फल वाणी में भाषा के रूप से प्राप्त कर सकते है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत न केवल देव भाषा है अपितु तो वर्तमान में यह जन भाषा के रूप में प्रचलित है। इस मौके पर शुभम पाठक, डा. मोहित जोशी सहित प्रतिभागी छात्र मौजूद रहे।

# अंकिता भंडारी: कांग्रेस ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नैनीताल रोड स्थित झंडा पार्क में एक शांतिपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी हिस्सा लिया और अंकिता को न्याय दिलाने की मांग की। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने कहा यह अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है कि इतने समय बाद भी इस जघन्य हत्याकांड में शामिल वीआईपी व्यक्तियों का नाम अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया। यह केवल अंकिता के साथ हुए अन्याय तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी न्याय व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच हो, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिल सके। सुमित हृदयेश ने यह भी कहा कि जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक हमारी आवाज़ बुलंद रहेगी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, हेमंत बगड़वाल, हरीश मेहता, अवध बिहारी शर्मा, दीप पाठक, बहादुर सिंह बिष्ट, जया कर्नाटक, भगवती जोशी, चंपा चिलवल, राधा आर्य, रवि जोशी, मयंक भट्ट, सतनाम सिंह, मलय बिष्ट, जीवन कार्की समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहे।




## युवाओं का प्रदर्शन, भाजपा सरकार का पुतला दहन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के नेशनल कोआर्डिनेटर प्रदीप नेगी के नेतृत्व में शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर आक्रोशित युवाओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन करते हुए हत्याकांड की सीबीआई जांच, व इसमे शामिल वीवीआईपी व्यक्तियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान प्रदीप नेगी ने कहा कि जब तक अंकिता भंडारी को पूरा न्याय नहीं मिलता और मामले की निष्पक्ष सीबीआई जांच नहीं होती, तब तक उनका यह संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदीप नेगी ने कहा कि अंकिता भंडारी की हत्या ने भाजपा सरकार का असली चेहरा उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा भाजपा के लिए सिर्फ चुनावी जुमला बनकर रह गया है। जब एक बेटी को न्याय दिलाने की बात आती है, तो सरकार आरोपियों को बचाने में जुट जाती है। पुतला दहन करने वालो में नवीन चंद्र दुर्गापाल, पंकज जोशी, ऋतिक आर्या, महेश कबडवाल, शुभम आर्य, नितेश मेवाड़ी, प्रदीप बिष्ट, विजय टम्टा, मेहुल जोशी, शुभम नेगी, भुवेन्द्र बिनोली, विवेक आर्य, अजय टम्टा, सोनू ठाकुर, अभिषेक, अनिल कुमार, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

## आप ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे गंभीर मामले को दबाने और अपराधियों को बचाने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पार्क में प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में न्याय व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और निर्दोषों को न्याय के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तराखंड की बेटी स्व. अंकिता भंडारी को तीन वर्ष बाद भी न्याय नहीं मिल पाया है जो प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गहरा प्रश्नचिन्ह है। उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच सीबीआई को सौंपने तथा सिटिंग जज की निगरानी में इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई।

# चारों साहिबजादों की अमर शहादत को नमन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में चार साहिबजादों की शहीदी दिवस के पावन अवसर पर शुक्रवार को भव्य शहीदी गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सिख समुदाय के श्रद्धालुओं ने गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की अमर शहादत को नमन किया। कार्यक्रम में कीर्तन, शबद गायन, कथा वाचन और गुरमत प्रवचन के माध्यम से उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने विशेष रूप से गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर गुरु साहिब जी से आशीर्वाद लिया और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को



विधायक निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। यह राशि गुरुद्वारा के विकास कार्यों और समुदायिक सेवाओं में उपयोग की जाएगी। विधायक ने कहा कि यह निधि स्थानीय धार्मिक स्थलों के उत्थान में सहायक होगी और क्षेत्र के सिख समुदाय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विधायक सुमित हृदयेश के इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सहयोग गुरुद्वारा को मजबूत करेगा और आने वाले कार्यक्रमों को भव्य बनाने में सहायक होगा। चार साहिबजादों की शहीदी दिवस का महत्व सिख इतिहास में एक अमूल्य धरोहर है, और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विधायक हृदयेश का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुरजीत सिंह चड्डा, परविंदर सिंह सेठी, नरेंद्र सिंह नरूला, अमनप्रीत सिंह चड्डा, रुबान प्रीत सिंह सेठी, चरणजीत सिंह नरूला, जसकरण सिंह, गगनदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह प्रिंस सहित कई संगत उपस्थित थें।

# अधिकारियों को दिया गया किसानों के पंजीकरण का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कुमाऊं मंडल के कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने और उनकी पहचान को डिजिटल रूप में प्रस्तुत करने के लिए किसानों का पंजीकरण करना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर सचिव कृषि रंजना राजगुरू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सरकार का उद्देश्य देश के सभी किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें एक डिजिटल पहचान प्रदान करना है। इसके तहत एक डाटाबेस तैयार किया जाएगा, जिसमें किसानों का पंजीकरण कर उन्हें एक यूनिक डिजिटल पहचान दी जाएगी। यह पहचान ई-केवाईसी और फील्ड वेरीफिकेशन के बाद जनरेट होगी। इसके साथ ही किसानों को आपदा राहत, कृषि सब्सिडी, फसल ऋण और विभिन्न बीमा योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। किसानों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल उपकरणों की जानकारी दी जाएगी, और कृषि योजनाओं और किसान कल्याण कार्यक्रमों की निगरानी एवं अनुश्रवण किया जाएगा। प्रशिक्षण में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, उपजिलाधिकारी राहुल साह, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी, अपर आयुक्त जीवन सिंह नगन्याल, मुख्य कृषि अधिकारी ऋतु टम्टा सहित आदि मौजूद रहे।

# आर्यन व रामराज ने जीता मुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर के द्वारा में आयोजित अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग के छठवें दिन शुक्रवार को गौलापार के एमएस क्रिकेट ग्राउंड तथा वैंडी क्रिकेट ग्राउंड गौलापार दो मैच खेले गए। पहला मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड में नीरज राठौर क्रिकेट क्लब तथा आर्यन क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। नीरज राठौर क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 6 विकेट खोकर 281 रनो का स्कोर बनाया। जिसमें सचिन ने 93, नीरज ने 64 तथा आर्यन गोदीयाल ने 51 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन क्रिकेट क्लब टीम ने 39 वें ओवर में 6 विकेट खोकर 285 रन बनाकर



मैच 4 विकेट से मैच जीत लिया। आर्यन क्रिकेट क्लब की तरफ से सार्थक पंत ने 117 तथा हर्षित ने 81 रन बनाए। जबकि दूसरा मैच वैंडी क्रिकेट ग्राउंड में रामराज क्रिकेट क्लब तथा सनराइजर क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। रामराज क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 34 ओवरों में सभी विकेट खोकर 246 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर की टीम 33 वें ओवर में 169 रनों पर आलआउट हो गई, और यह मुकाबला रामराज क्रिकेट क्लब 77 रनों से जीत लिया। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर के संरक्षक हरीश रावल, अध्यक्ष राम चन्द्र पाण्डेय, रमेश लोहनी, रमेश दानू, प्रदीप गढ़िया, सुरेश सोनियाल मौजूद रहे।

## हरेंद्र क्वीरा को लालकुआं प्रभारी बनाया

हल्द्वानी। मनरेगा का नाम बदले जाने के बाद से ही कांग्रेस का आक्रोश पूरे चरम पर है। इसको लेकर देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे है, और दावा किया जा रहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने मजदूरों का अहित करने के लिए यह कदम उठाया है। उत्तराखंड में भी मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आह्वान पर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। राहुल छिमवाल ने बताया कि कांग्रेस के जिला प्रवक्ता हरेन्द्र क्वीरा को इसके लिए लालकुआं बिन्दुखत्ता का प्रभारी बनाया गया है।

## दिवंगत चालक के परिवार को दी आर्थिक सहायता

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के दिवंगत वाहन चालक शेखर उप्रेती के परिवार को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। कुलपति विवेकाधीन कोष से शेखर उप्रेती के परिजनों को 50 हजार रुपए की सहयोग राशि का चेक सौंपा गया। बता दे कि शेखर उप्रेती का एक माह पूर्व लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। उनके आकस्मिक निधन से परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मानवीय संवेदना के तहत कुलपति विवेकाधीन कोष से सहायता देने का निर्णय लिया। 50 हजार रुपए की सहायता राशि का यह चेक उनकी पत्नी को उनके घर जाकर प्रदान किया गया। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि यूओयू अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के प्रति सामाजिक दायित्वों को गंभीरता से निभाता रहा है। इस दौरान कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट, वित्त नियंत्रक एसपी सिंह मौजूद रहे।

# ओछी राजनीति कर रही कांग्रेस: दिनेश

❑ दर्जा राज्यमंत्री ने कांग्रेस पर बोला हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अनुसूचित समाज से जुड़े एक राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी के खिलाफ सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार षड्यंत्र रचकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसकी अनुसूचित समाज घोर निंदा करता है। यह बात दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री दिनेश आर्य ने कहीं। शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य ने कहा कि आरोप लगाया कि एक महिला




कांग्रेस की कठपुतली बनकर सोशल मीडिया पर झूठे आरोप फैला रही है। ऐसे लोगों के सोशल मीडिया खातों पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए, ताकि किसी भी व्यक्ति के सम्मान को ठेस न पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा उत्तराखंड में अनुसूचित वर्ग लगातार भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहा है, जबकि कांग्रेस पार्टी अपना जनाधार लगातार खो रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस इस तरह की ओछी राजनीति कर रही है और अनुसूचित समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित समाज के एक बड़े नेता की छवि खराब करने के लिए जो षड्यंत्र किया जा रहा है, उसकी समाज एक स्वर में निंदा करता है। उन्होंने कहा उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी के मामले में जिसमें दोषियों को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा दी जा चुकी है, उस मामले का नाम लेकर भाजपा नेताओं के खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र रचने वालों पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। इसकी मांग उत्तराखंड का अनुसूचित समाज करता है। पत्रकार वार्ता में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र बाली, मोहन पाल, सुमित्रा प्रसाद, वीरेंद्र जायसवाल मौजूद थे।

# आरबीएम एप्रोच पर कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में ए प्लॉयबिलिटी फ्रेमवर्क एवं रिजल्ट बेस्ड मैनेजमेंट (आरबीएम) एप्रोच विषय पर आयोजित दो दिवसीय आनलाइन कार्यशाला आयोजित हुई। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्नातकों की रोजग़ार योग्यता को बढ़ाना उच्च शिक्षा की प्राथमिक आवश्यकता है और इसके लिए पाठ्यक्रमों में व्यावहारिक कौशल, नवाचार तथा उद्योग-उन्मुख दृष्टिकोण को समाहित करना अनिवार्य है। कार्यशाला में सेमका के निदेशक बी शाद्राच तथा प्रो. राजेश पी खंबायत ने स्नातक रोजगार योग्यता कौशल फ्रेमवर्क, उसके क्रियान्वयन एवं परिणाम-आधारित प्रबंधन की अवधारणा पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। कार्यशाला के प्रथम दिवस में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 80 से अधिक संकाय सदस्यों ने सहभागिता की। सत्रों के दौरान प्रतिभागियों ने पाठ्यक्रम विकास, कौशल एकीकरण तथा मूल्यांकन पद्धतियों पर सार्थक संवाद किया। कार्यशाला का समन्वयन सहायक प्राध्यापक स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज डा. गोपाल दत्त ने किया। आयोजन समिति में निदेशक स्कूल ऑफ सीएस एंड आईटी प्रो. जितेंद्र पांडेय, निदेशक स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज प्रो. आशुतोष भट्ट, प्रो. गगन सिंह, प्रो. डीगर सिंह फर्स्वाण, डा. विशाल कुमार शर्मा, डा. रिया गिरी, डा. बालम दफौटी, डा. नीलिमा बुधानी, डा. आशीष जोशी, डा. ललिता बिष्ट, डा. हिमानी शाह शामिल रहे।

# मनोज खुल्बे बने यूएसनगर के विधानसभा प्रभारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी विधानसभा चुनाव-2027 के मद्देनजर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए मनोज खुल्बे को उधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र रुद्रपुर में विधानसभा प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आशा व्यक्त की गई कि वह अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र के सहयोगी प्रभारी शैलेन्द्र शर्मा और नारायण हलदार के साथ ही बीएलए दिनेश पंत के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नेतागणों, विधायकगणों, पूर्व विधायकगणों, एआईसीसी/पीसीसी सदस्यगणों, जिला और महानगर अध्यक्षगणों के साथ समन्वय स्थापित करें, और आपकी जिम्मेदारी होगी कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यों के सफल आयोजन एवं संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन में पूर्ण सहयोग करें, साथ ही बूथ कमेटियों के गठन में भी सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके साथ ही समय-समय पर विधानसभा क्षेत्र की गतिविधियों से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को अवगत भी करायेगे।



## आधुनिक विषयों को प्राथमिकता दें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को कैंप कार्यालय में जिला कौशल एवं अप्रैन्टिस शिप समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिला सेवायोजन एवं कौशल विकास अधिकारी प्रियंका गड़िया को निर्देश दिए कि कौशल विकास में आधुनिक विषयों को प्राथमिकता दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कौशल विकास में जो कोर्स आउटडेटेड हैं और जो अप्रचलित हैं उन्हें हटा दिया जाए ताकि आज के प्रासंगिक कोर्सों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा जिसकी बाजार में मांग है उसके अनुरूप कोर्स प्रारंभ किये जाएं। जिलाधिकारी ने बताया जनपद में गौला, नंधौर, कोसी आदि नदियां के साथ ही माइनिंग के कार्य बहुतायत में होते है इस कार्यों के सम्पादन के लिए कुशल लोग नही मिल पाते है इसलिए सुपरवाइजर, माइनिंग मेट आदि का प्रशिक्षण भी युवाओं को दिलाया जाए। उन्होंने कहा जनपद के पर्वतीय क्षेत्रों में प्रत्येक ब्लाकों के विद्यालयों में काउन्सिलिंग की जाए ताकि इन क्षेत्रों के अधिक से अधिक बच्चे 10 वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत इसका लाभ उठा सके। उन्होंने कहा फलपट्टी वाले क्षेत्रों में फलों की ग्रेडिंग की जाती है उसके लिए कुशल लोग नही मिल पाते है इसलिए ऐसे कोर्स के लिए उसी क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिकता के साथ लेते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया जाएं। बैठक में अध्यक्ष हिमालयन चैंबर्स ऑफ कामर्स रमेश चन्द्र बिन्जोला, सचिव मनोज डागा, संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण मयंक अग्रवाल, डेयरी एएल श्रीवास्तव, श्रम एवं प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कटियार के साथ ही विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# संतोष और विजय ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जज फार्म स्थित एसके बैडमिंटन अकादमी की ओर से आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संतोष जोशी और विजय जोशी की टीम ने जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने महेश जोशी-कमल गुरुरानी की टीम को पराजित किया। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबलों में संतोष जोशी-विजय जोशी की टीम ने आलोक उपाध्याय-रियाना वर्मा को, जबकि महेश जोशी-कमल गुरुरानी की जोड़ी ने विक्रांत वर्मा-आईडी जोशी की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए हुए मुकाबलों में आलोक-रीना ने भास्कर कांडपाल-सानवी भट्ट को, संतोष-विजय ने यदुराज-तपन को, कमल-महेश ने डा. प्रवींद्र रौतेला-कुशाग्र दास्पा को तथा आईडी जोशी-विक्रांत वर्मा ने एनके जोशी-मनोज की टीम को पराजित किया। विजेता, उपविजेता और प्रतिभागियों को अकादमी के निदेशक भरत दास, डा. प्रवींद्र रौतेला तथा आयोजन समिति के सदस्य मनोज तिवारी और भास्कर कांडपाल ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर पंकज बिष्ट, कमल गुरुरानी, तपन पांडेय, संदीप जायसवाल, आईडी जोशी, नंद किशोर जोशी, प्रकाश शर्मा, लविक वर्मा, रियाना वर्मा, डा. यदुराज भट्ट, विक्रांत वर्मा, डा. अतुल राजपाल, नागेंद्र गंगोला, आलोक उपाध्याय, सानवी भट्ट, कुशाग्र दास्पा सहित कई खिलाड़ी मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# न्यायाधीश की अध्यक्षता में सीबीआई जांच की मांग : कांग्रेस

## वायरल ऑडियो-वीडियो में जिनके नाम आए हैं उनको पदों से मुक्त करें

■ वीआईपी का नाम सार्वजनिक करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड को लेकर वायरल हो रही ऑडियो वीडियो तथा वीआईपी का नाम सार्वजनिक करने और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही अंकिता हत्याकांड मामले में वीआईपी का नाम सार्वजनकि करने की मांग करती रही है। अब इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ऑडियो वीडियो की हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के सीटींग जज की अध्यक्षता में जांच करायी जाए। वायरल ऑडियो और वीडियो में जिन लोंगो के नाम लिए जा रहे हैं। उन्हे उनके पदों से मुक्त किया जाए और नार्को टेस्ट कराया जाए। जिससे पूरा सच सामने आ सके।




वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुरली मनोहर एवं मनोज सैनी ने कहा कि सरकार पूरे मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। सरकार को इस पर अपना रूख साफ करना चाहिए। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए कांग्रेस जन आंदोलन करेगी और सरकार को जांच के लिए बाध्य करेगी। मनोज सैनी ने कहा कि अंकिता मामले में सामने आ रहे नए तथ्यों का कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा व महानगर अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। अंकिता मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। प्रैसवार्ता में मंजू शर्मा, रचना शर्मा, सरिता शर्मा, दीपिका गुप्ता, राजीव भार्गव, विकास चंद्रा, पार्षद विवेक भूषण विक्की, हिमांशु गुप्ता, आरिफ पीरजी, कृष्णलाल, पुनीत कुमार, सविता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 22 घरों में चोरी की बिजली का उपयोग

## चालीस उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन कटे

■ मामले की तहरीर थाने में दी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विधुत चोरी और बकाया वसूली के खिलाफ ऊर्जा विभाग ने शुक्रवार को अभियान चलाकर कार्रवाई की है। 22 घरों में छापा मारते हुए बिजली चोरी पकड़ी गई जबकि बकाया जमा न करने वाले चालीस उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। 3.50 लाख रूपये का बकाया वसूला गया। अधिशासी अभियंता रवि कुमार के निर्देश पर उपखंड अधिकारी ज्वालापुर-1 शिल्पी सैनी के नेतृत्व में अवर अभियंता अक्षय कुमार सिंह और विभागीय टीम ने पांवधोई और पीठ बाजार क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान 22 घरों में छापा मारकर बिजली चोरी पकड़ी गई। सभी के खिलाफ विद्युत चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपखंड अधिकारी शिल्पी सैनी ने बताया कि विद्युत राजस्व की सुरक्षा और ईमानदार उपभोक्ताओं के हित में ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करने और विद्युत का वैध उपयोग करने की अपील की। कार्रवाई के दौरान लाइन स्टाफ से धर्म सिंह रावत, गणेश, इमरान मलिक आदि मौजूद रहे।



# उद्योग मित्रों की समस्याओं का निस्तारण हो : सीडीओ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उद्योग मित्रों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय उद्योगमित्र समिति एकल खिड़की जिला प्राविधिक समिति की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के प्राप्त प्रस्तावों एवं समस्याओं की समीक्षा की गयी। बैठक में सीडीओ ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिऐ कि उद्योग बंधुओं की समस्याओं का सम्बन्धित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें और जिन इकाईयों में पेय जल की समस्या है एवं उन क्षेत्रों में प्राथमिकता से कार्य किया जाए तथा सलेमपुर राजपूताना औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट लगाने हेतु एचआरडीए को आवश्यक कार्यवाही के निदेश दिये। राष्ट्रीय राजमार्ग भगवानपुर में ग्राम रायपुर से ग्राम चौली तक सड़क पर कोई दुघटना न हो इसके लिए एनएचआई रूड़की को वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। रायपुर व माहाड़ी चौक पर बस स्टॉप की आवश्यकता पर सीडीओ ने उत्तराखण्ड परिवहन निगम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सीडीओ ने महाप्रबन्धक उद्योग को निर्देश दिये है कि एकल खिड़की व्यवस्था के तहत प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार ससमय अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करे तथा जो आवेदन विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है उनसे आपसी समन्वय के साथ लम्बित आवेदनों का निस्तारण तत्परता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मिनी औद्योगिक इकाईयों को आवंटित भूखण्ड/शेड के पश्चात इकाईयों की स्थापना उत्पादन नही किया जा रहा है तो ऐसे इकाईयों को अंतिम अवसर देते हुए समाचार पत्रों में सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिये। बैठक में प्राप्त ब्याज उपादान के मामलों में सहमति संस्तुति की गयी। बैठक में सम्बन्धित अधिकारी एवं विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के बंधु उपस्थित रहें।

# साहिबज़ादों के शौर्य को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नमन किया

## मुगल फौज भयभीत थी वीरता एवं साहस को देखते हुए

■ कम आयु में विश्वास एवं सिद्धांतों पर अडिग रहे
■ युद्ध में तलवार टूटने का फायदा मुगलों को मिला
■ आखिरी सांस तक लड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला भाजपा कार्यालय हरिद्वार पर सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में कल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता निर्मली पंचायती अखाड़े के कोठारी महंत जसविंदर सिंह शास्त्री ने कहा कि वीर बाल दिवस पर हम साहिबजादो की असाधारण वीरता और बलिदान को याद करते हैं छोटी सी आयु में ही वे अपने विश्वास और सिद्धांतों पर अडिग रहे और अपने साहस से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया उनके बलिदान और वीरता तथा अपने मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है हम माता गुजरी और श्री गुरु गोविंद सिंह जी की बहादुरी को भी याद करते हैं वह सदैव हमें अधिक न्याय पूर्ण और करुणामय समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 26 दिसंबर को बाल दिवस घोषित किया जिसमें हमारे इन शहीदों की राष्ट्रीय स्मृति को संस्थागत रूप मिला। 2019 में करतारपुर कॉरिडोर खोला गया पिछले 70 वर्षों के स्वप्न को साकार करते हुए गुरुद्वारा दरबार साहिब तक वीजा मुक्त पहुंच प्रदान की गई जिसमें दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं को लाभ मिला और इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को एसजीपीसी का कौमी सेवा पुरस्कार प्राप्त हुआ। भाजपा का कार्य सिख विरासत को राष्ट्रीय धरोहर के रूप




में सुधार करना है जो सभी के लिए धर्म की रक्षा करने वाले साहिबजादो के आदर्श का प्रतिबिंब है। रानीपुर विधायक आदेश ने कहा कि 2020 में श्री हरविंदर साहिब जी को एफसीआरए पंजीकरण दिया गया जिससे वैश्विक सिख समुदाय बिना बाधाओं के सेवा में योगदान दे सके। इसके साथ-साथ प्रकाश पर्व के अवसर पर सिक्कों, डाक टिकटों, फिल्मों और विश्व व्यापी कार्यक्रमों के साथ आगे बढ़ाया गया दिल्ली विश्वविद्यालय और महाराष्ट्र के विद्यालय में भारतीय इतिहास में सिख बलिदान जैसे नए पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया। जो सप्ताह अभी चल रहा है (21 दिसम्बर से लेकर 27 दिसम्बर तक) इन्ही 7 दिनों में गुरु गोबिंद सिंह जी का पूरा परिवार शहीद हो गया था। 21 दिसम्बर को गुरू गोविंद सिंह द्वारा परिवार सहित आनंदपुर साहिब किला छोड़ने से लेकर 27 दिसम्बर तक के इतिहास को हम भूला बैठे हैं। एक जमाना था जब यहाँ पंजाब में इस हफ्ते सब लोग जमीन पर सोते थे और कुछ आज भी जमीन पर सोते है क्योंकि माता गूजरी कौर ने वो रात दोनों छोटे साहिबजादों (बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह) के साथ, नवाब वजीर खां की गिरफ्त में सरहिन्द के किले में ठंडी बुर्ज में गुजारी थी। यह सप्ताह सिख इतिहास में गर्व का सप्ताह होता है। आज हर भारतीय को विशेषत: युवाओं व बच्चों को इस जानकारी से अवगत होना जरुरी है। हर भारतीय को हिन्दुस्थान के वीर शहजादों को कुर्बानियों को ध्यान में रखना चाहिये। भाजपा जिला हरिद्वार सह प्रभारी दीपक धमीजा ने कहा कि गुरु साहिब अपने दोनों बड़े पुत्रों सहित चमकौर के मैदान में पहुंचे।

चमकौर की जंग शुरू और दुश्मनों से जूझते हुए गुरु साहिब के बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह उम्र महज 17 वर्ष और छोटे साहिबजादे बाबा जुझार सिंह उम्र महज 14 वर्ष अपने 11 अन्य साथियों सहित देश की रक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हुए। तीनों को सरहिंद पहुंचाया गया और वहां ठंडे बुर्ज में नजरबंद किया गया। छोटे साहिबजादों को नवाब की अदालत में पेश किया गया और उन्हें धर्म परिवर्तन करने के लिए लालच दिया गया। साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह उम्र महज 8 वर्ष और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह उम्र महज 6 वर्ष को तमाम जुल्म के उपरांत जिंदा दीवार में चीनकर शहीद किया गया और खबर सुनते ही माता गुजर कौर ने अपने साँस त्याग दिए। कार्यक्रम संयोजक और जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा ने कहा कि धन्य हैं गुरु गोविन्द सिंह जी जिन्होंने धर्म रक्षार्थ अपने पुत्रो को शहीद करवा दिया। धन्य हैं वह माता जिसने बाबा अजित सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को जन्म दिया। विश्व इतिहास में यह एक ऐसी अनोखी शहीदी की मिसाल है जिसमे पिता ने अपने तरूण सपूतो को धर्म वेदी पर शहीद कर दिया और विश्व इतिहास मे अपना नाम स्वणृक्षरो मे अंकित करवा दिया। क्या दुनिया के किसी और देश मे ऐसी मिसाल मिलती है। यही कारण है कि हम आज गुरू गोविंद सिंह और उनके साहबजादो को श्रृद्धा और विनम्रता से याद कर रहे हैं।

हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपने बच्चो को इतिहास की यह जानकारी दें यह जरुरी है कि हम अपने इतिहास और पुरखो के बारे मे जानें। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट और संजीव चौधरी ने किया इस अवसर पर मनोज गर्ग, योगेश चौहान, विकास तिवारी, परमेंद्र सिंह गिल, सरदार निर्मल सिंह, सरदार चंचल सिंह, सीमा चौहान, प्रीति गुप्ता, जसवीर चौधरी, धर्मेंद्र सिंह चौहान, मनोज कुमार वर्मा, डॉ राजकुमार सैनी, शुभम मंडोला, विनय चौहान वासु पाराशर, संगीता राठौर, अनुज पाल सहित भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नववर्ष के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच तेज

## प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नव वर्ष के त्यौहार के मद्देनजर खाद्य सुरुक्षा अधिकारी नगर निगम हरिद्वार कैलाश चन्द्रं टम्टा ने कनखल हरिद्वार स्थित श्री राधे मिनी स्टोर से वातुला ब्राण्ड गाय के घी का नमूना तथा नीलकण्ठ प्रोविजन स्टोर एण्ड गर्ग आटा चक्की से हटसन ब्राण्ड घी का नमूना जाँच हेतु लेकर प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। श्री राधे मिनी स्टोर स्थित राजा गार्डन, जगजीतपुर, कनखल हरिद्वार बिना [ाद्य अनुज्ञप्ति के व्यवसाय करते हुए पाये गये, साथ ही उक्त प्रतिष्ठान में एक्सपायर्ड [ाद्य सामग्री का भी विक्रय किया जा रहा था जिस पर [ाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-27 (3)(4), 31(1), 58 तक 63 के अन्तर्गत चालानी कार्यवाही की गयी है। [ाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र ने एक्सपायर्ड [ाद्य सामग्री का विक्रय करने पर दों प्रतिष्ठानों - 1 श्री श्रवण कुमार मै0-आनन्द डेयरी, रामनगर, ज्वालापुर तथा 2 श्री संजय गर्ग मै0- गर्ग प्रोविजन स्टोर आर्यनगर चौक, ज्वालापुर के विरुद्ध न्याय निर्णायक अधिकारी। अपर जिलाधिकारी हरिद्वार के न्यायालय में वाद दायर कर दिया हैं। कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रहेगी।

# विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग हरिद्वार द्वारा संभागीय परिवहन अधिकारी महोदया डॉ. अनीता चमोला के नेतृत्व में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत मालवाहक एवं यात्री वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप ड्राइव चलाई गई, जिससे रात्रिकालीन दृश्यता सुनिश्चित हो सके तथा दुर्घटनाओं की संभावना कम की जा सके। बिना मानक रिफ्लेक्टिव टेप पाए गए वाहनों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी क्रम में दो-पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को ओवर-स्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने, नशे में वाहन चलाने जैसे नियम उल्लंघनों के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत ई-चालान की कार्रवाई भी की गई। परिवहन विभाग द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

# साहित्य के कारण भारत विश्वगुरु बना : डॉ. सत्यपाल सिंह

## लिटरेचर फेस्टिवल 2025 का भव्य शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री कृष्ण कृपा धाम, भीमगोडा में शुक्रवार को तीन दिवसीय हरिद्वार लिटरेचर फेस्टिवल 2025 का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन दिवस पर साहित्य, शोध और रचनात्मक अभिव्यक्ति के विविध रंग देखने को मिले। मुख्य उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि काव्य प्रकृति का मूल गुण है साहित्य मनुष्य जीवन को बदलने की क्षमता रखता है। डॉ. सिंह ने कहा कि साहित्य के कारण ही भारत विश्वगुरु बना है। डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा हरिद्वार पवित्र नदी गंगा का केंद्र है यह धरती साहित्य सृजन के लिए दिव्य भूमि है। विशिष्ट अतिथि शहर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि उत्तराखंड राज्य साहित्य का राज्य है हरिद्वार शहर साहित्य और संस्कृति का बड़ा केंद्र रहा है। मदन कौशिक ने कहा कि साहित्य समारोह में शहर की संस्कृति पर भी चर्चा की जानी चाहिए। फेस्टिवल में उत्तराखंड संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. दिनेश शास्त्री ने कहा कि साहित्य मनुष्य को मनुष्यता का प्रशिक्षण देता है। प्रो. शास्त्री ने कहा साहित्य का उद्देश्य मनुष्य के कल्याण के लिए कार्य करना है। फेस्टिवल निदेशक प्रो. श्रवण के. शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि फेस्टिवल आयोजन साहित्य की संस्कृति को जीवन से जोड़ने के लिए किया गया है. उद्घाटन सत्र के अवसर पर प्रो. सीमा मलिक द्वारा निर्मित राजस्थान की वागड़ लोकसंस्कृति पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'फोकलोर ऑफ वागड़' का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. किरण बाली और डॉ. आशिमा श्रवण ने किया। इस अवसर पर अन्त: प्रवाह सोसायटी के सचिव संजय हांडा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई।



उद्घाटन सत्र में डॉ. करुणा शर्मा, डॉ. पिंकी अरोड़ा,प्रो. कल्पना पन्त, प्रो. यशवीर सिंह, प्रो. सीमा मलिक, डॉ. रीना वर्मा, डॉ. मंजूषा कौशिक, डॉ. दीपा, डॉ. निशांत, डॉ. मुकेश गुप्ता, प्रो. मयंक अग्रवाल, डॉ. निधि हांडा. डॉ. शिवा अग्रवाल, डॉ. सुशील उपाध्याय, डॉ. नरेश मोहन आदि उपस्थित रहे।

### रीइमेजनिंग इंडियन लिटरेचर पर शोध संगोष्ठी का आयोजन

उद्घाटन सत्र से पहले "रीइमेजनिंग इंडियन लिटरेचर" विषय पर अकादमिक सेमिनार आयोजित हुआ। इसमें हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत के शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में प्रो. एस.डी.शर्मा पूर्व कुलपति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. प्रो. कल्पना पन्त ने भारतीय साहित्य पर बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया। शोध पत्रों में भारतीय साहित्य की परंपरा, समकालीन विमर्श और बहुभाषी संवाद पर चर्चा हुई। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्वानों और छात्रों के बीच सार्थक संवाद देखने को मिला।

### ओपन माइक सेशन में युवा रचनाकारों नें कविता पाठ किया

हरिद्वार लिटरेचर फेस्टिवल में ओपन माइक सत्र युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा का सशक्त मंच बना। प्रतिभागी युवा कवियों ने कविता पाठ किया। समकालीन समाज, संवेदना और पहचान से जुड़े विषयों ने श्रोताओं को प्रभावित किया। ओपन माइक सेशन में पावनी, प्रशांत कौशिक, अरुण पाठक, दिलदार देहलवी, सुगंधा चंद्रा, भारती डिमरी, डॉ. अजित ने कविता पाठ किया।

# धर्म रक्षक धामी पुस्तक का विमोचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह द्वारा सनातन धर्म रक्षा के लिए किए जा रहे कार्यो पर लिखित पुस्तक धर्म रक्षक धामी का विमोचन आज ऋषिकुल सभागार,ऋषिकुल आयुर्वेद राजकीय महाविद्यालय, हरिद्वार में होगा। सनातन सदभावना समिति के संयोजक अमित शर्मा ने बताया कि लेखिका डॉ. सोनाली मिश्रा व रीना मानसेरा द्वारा लिखित पुस्तक धर्म रक्षक धामी का विमोचन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री राजराजेश्वराश्रम जी महाराज के सानिध्य में पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं नैनीताल सांसद अजय भट्ट द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर सभी प्रमुख सन्त,महंत व गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# धर्म की रक्षा के लिए चारों साहिबजादों ने दिया अपना बलिदान: भट्ट

**रुद्रपुर।** मुगल शासकों के अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करते गुरू गोबिन्द सिंह महाराज के चार साहिबजादों का बलिदान हमेशा देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रेत रहेगा। यह बात सांसद अजय भट्ट ने चार साहिबजादों के वीर बाल दिवस पर आवास विकास स्थित चार साहिबजादे चौक में आयोजित श्रद्धांजलि व चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल होकर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कही।

सांसद अजय भट्ट ने कहा कि चारों साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सिर नहीं झुकाया और स्वयं को धर्म और देश के लिए कुर्बान कर दिया। श्री भट्ट ने कहा कि मुगल शासन के अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करते हुए गुरू गोविन्द सिंह के दो पुत्र अजीत सिंह और जुझार सिंह बलिदान हुए थे। जबकि दो पुत्रों 7 वर्षीय फतेह सिंह और 9 वर्षीय जोरावर सिंह को मुगल शासकों ने जिंदा दीवार में चिनवा दिया था। चारों भाईयों का यह बलिदान हमेशा देशवासियों को यह याद दिलाता रहेगा कि धर्म और देश की रक्षा हमेशा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मुगल शासकों ने बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह का सिर झुकाने के लिए जेल का दरवाजा भी छोटा रखा था परंतु दोनों भाई बिना सिर झुकाये दरवाजे से गुजरे। ऐसे वीर सपूतों के बलिदान के कारण ही मुगल शासकों को देश छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज प्रदर्शित चित्र प्रदर्शनी में चारों साहिबजादों के बलिदान का इतिहास आंखों के सामने आ गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चारों साहिबजादों के धर्म और देश के लिए किए बलिदान का सन्देश जन जन तक पहुंचाने के लिए आज के दिवस को देश में वीर बाल दिवस को रूप में मनाने का निर्णय लिया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि चारों साहिबजादों का बलिदान हमें धर्म और देश की रक्षा करने के लिए प्रेरणा देता है और अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष करने की ताकत देता है। वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, धर्म और सत्य के लिए खड़े रहने की प्रेरणा देने वाला दिवस है। कार्यक्रम का उद्देश्य सिख इतिहास के अमर बलिदानी चार साहिबजादों के अद्वितीय साहस, शौर्य और राष्ट्रधर्म के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करना रहा।

# सफाई अभियान में व्यापारियों का सहयोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भगत सिंह चौक व्यापार मंडल के व्यापारियों ने डीएम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को समर्थन देते हुए चौक एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष अरुण ने कहा कि डीएम धर्म नगरी के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। कूड़ा करकट सड़कों पर ना फेंके। आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें। इस दौरान कई व्यापारी शामिल रहे।

# भगवान शिव ही संसार के पालनहार हैं : माता आशा भारती महाराज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित निराला धाम आश्रम की परमाध्यक्ष एवं नागेश्वर पीठाधीश्वर माता आशा भारती महाराज ने कहा कि भगवान शिव ही संसार के पालन हार हैं। भगवान शिव की शरण मे आने वाले प्रत्येक भक्त का कल्याण होता है।

आश्रम में आयोजित किए जा रहे 37वें 40 दिवसीय विराट शिव शक्ति महायज्ञ में शामिल हुए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए माता आशा भारती महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन निराला स्वामी लहरी बाबा द्वारास्थापित निराला धाम श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का केंद्र है। ब्रह्मलीन स्वामी लहरी बाबा द्वारा शुरू की गयी चालीस दिवसीय विराट शिव शक्ति महायज्ञ की परंपरा को निरंतर जारी रखते हुए मानव कल्याण के कार्यो को आगे बढ़ाया जा रहा है। विराट शिव शक्ति महायज्ञ के दौरान कई विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन लहरी बाबा भले ही संसार त्याग चुके हों। लेकिन उनकी आत्मिक कृपा भक्तों पर सदैव बनी रहती है। माता आशा भारती महाराज के शिष्य स्वामी नित्यानन्द ने कहा कि महायज्ञ के समापन पर 17 जनवरी को माता आशा भारती महाराज के संयोजन में श्रद्धांजलि समारोह एवं संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी तेरह अखाड़ों के संत महंत ब्रह्मलीन स्वामी कृष्णानंद महाराज, ब्रह्मलीन गुरूमाता सुशीला देवी एवं ब्रह्मलीन निराला निराला स्वामी लहरी बाबा को श्रद्धालु सुमन अर्पित करेंगे और श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वचन प्रदान करेंगे।

# आठ सौ मीटर फ्लाईओवर का निर्माण शुरू

## भीषण यातायात जाम समस्या का जल्द निराकरण

■ दस करोड़ की लागत
■ विधायक द्वारा कार्य का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार को वर्षों पुराने भीषण यातायात जाम की समस्या से जल्द ही मुक्ति मिलने जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 334 (दिल्ली-हरिद्वार) पर बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने, दुर्घटनाओं को रोकने और नागरिकों की सुविधा के लिए जुर्स कंट्री तिराहे, सीतापुर से फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने निर्विघ्न एवं निर्धारित समय से कार्य पूर्ण होने की कामना के साथ 26 दिसम्बर को विधिवत पूजन कर कार्य शुरू कराया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आठ सौ मीटर बनने वाले इस फ्लाईओवर का निर्माण लगभग दस करोड़ की लागत से किया जा रहा है। रोजाना लक्सर की ओर से आने वाले दर्जनों गांवो के हजारों राहगीरों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए अंडरपास भी बनाया जायेगा। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षो में इस कट पर हुई दुर्घटनाओं में दर्जनों



मौतें हो चुकी थी। जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत से मिलकर प्रमुखता से इस विषय को उठाया था। जिस पर दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने इस स्थान पर फ्लाईओवर निर्माण को स्वीकृत किया। इस अवसर पर रानीपुर विधायक ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्षेत्रीय जनता की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु इस कार्य को किया जाना सरकार की संवेदनशीलता दर्शाता है। उन्होनें कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विकास के साथ-साथ जनता की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देती है। इस फ्लाईओवर का निर्माण हरिद्वार की समग्र यातायात व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशु चौधरी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिनव चौहान, मंडल अध्यक्ष बहादराबाद विपिन शर्मा, ज्वालापुर वरूण वशिष्ठ, निगम पार्षद विनीत चौहान, नागेंद्र राणा, हरविंदर सिंह, देवेश वर्मा, चेतन चौहान, हरद्वारी चौहान, जे.पी. जुयाल, चित्रा शर्मा, राजन मेहता, पवन चौहान सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सट्टे की खाईबाड़ी व वाहन नियम उल्लंघन पर कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी और ड्रंक एंड ड्राईव में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ज्वालापुर पुलिस ने मौहल्ला पांवधाई में चेकिंग के दौरान सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रोशन पुत्र स्व.मुबारक निवासी मोहल्ला पावधोई के कब्जे से पुलिस ने सट्टा पर्ची, पैन, डायरी व 1610 रूपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकद्मा दर्ज कर चालान कर दिया।दूसरी और रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चिन्मय चौक शिवालिक नगर पर रात्रि चेकिंग के दौरान नशे में कार दौड़ा रहे दो आरोपियों अभिषेक शर्मा निवासी मधु विहार जमालपुर कलाँ व बृजेश सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी सलेमपुर महदूद को हिरासत में लेकर दोनों का मेडिकल कराने के साथ कारों को भी सीज कर दिया।


## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सलमान पुत्र रियासत अली निवासी ग्राम सुठारी, सुल्तानपुर तहसील व थाना लक्सर जिला हरिद्वार, मेरे व मेरे परिवार के कहे-सुनने में नहीं है। जिस कारण मैंने व मेरे परिवार ने सलमान पुत्र रियासत अली को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुये संबंध विच्छेद कर दिये हैं। भविष्य में मेरे पुत्र सलमान द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन व व्यवहार के लिये मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे।

रियासत अली पुत्र असगर निवासी ग्राम सुठारी, सुल्तानपुर तहसील व थाना लक्सर जिला हरिद्वार।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :

शाह टाइम्स हरिद्वार

डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ

मो.: 9411100741

एक नजर

## आंगनबाड़ी केंद्र विजयरम्पुरा में बाल दिवस एवं आंगनबाड़ी मेले का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** शुक्रवार को अजीम प्रेम फाउंडेशन के सहयोग से सेक्टर बेरियाखदौलत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र विजयरम्पुरा में बाल दिवस एवं आंगनवाड़ी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान दीपक कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि बाल विकास परियोजना अधिकारी रेनू यादव विशिष्ट अतिथि रहीं। इस अवसर पर अजीम प्रेम फाउंडेशन से अमित चंदा, विपिन सत्यावली एवं विजय पांडे ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास से संबंधित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों ने सराहा। अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल शिक्षा, पोषण और सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाना रहा।




## रोजगार एंड आजीविका मिशन की ग्रामीणों की दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** ग्राम सभा भड़ा भुड़िया में ग्राम प्रधान सुमन राणा की अध्यक्षता मे एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण के संबंध में ग्राम वासियों को जानकारी प्रदान की गयी। वीबी- जी राम जी योजना के बारे में ग्राम सभा के सभी ग्राम वासियों को इस योजना की जानकारी दी। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी उमेश चन्द्र जोशी, रोजगार सेवक जीवन चौहान और भाजपा जनजाति मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश राणा तथा सभी वार्ड सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण योजना को सभी ग्राम वासियों ने भली भांति जाना और मोदी जी के विजन और कार्य को बहुत ही अच्छा बताया।



## वीर बाल बलिदान दिवस एवं शहीद ऊधम सिंह जयंती मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना-सत्र में वीर बाल बलिदान दिवस एवं शहीद ऊधम सिंह जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनायी गयी।

इस अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह के वीर पुत्रों-साहिब. जादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के अतुलनीय बलिदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक डॉ. विजयपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथि एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा द्वारा मां शारदा के सम्मुख दीप-प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य बसंत बल्लभ जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम मुख्य वक्ता आचार्या एवं दीदी पूनम बिष्ट एवं नीरज नरियाल द्वारा अपने विचार भैया-बहनों के सम्मुख प्रस्तुत किये गये। वक्ताओं ने बताया कि अल्पायु में धर्म, सत्य और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए दिया गया उनका बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा द्वारा अपने विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों में साहस, त्याग और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया गया।



## उल्लास के साथ मनाया वीर बाल दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** बाल विकास परियोजना विभाग के अंतर्गत रामनगर के नगर पालिका के अंतर्गत सुपरवाइजर दुर्गा बिष्ट के नेतृत्व मे मीरा भारती आंगनवाड़ी संचा. लिका के आंगनवाड़ी केन्द्र हरिजन बस्ती बम्बाघेर में वीर बाल दिवस कार्यक्रम उल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर दुर्गा बिष्ट के नेतृत्व मे पूरे उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाल विकास परियोजना सेक्टर नगर पालिका क्षेत्र की सुपरवाइजर दुर्गा बिष्ट और सुपरवाइजर खष्टी गोस्वामी ने सयुंक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम मे मौजूद बच्चो और बालिकाओं ने चित्र कला प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता व पेंटिंग कराई गई।इस कार्यक्रम मे सुप. रवाइजर ने किशोरी बालिका व उनके अभिभावकों को भाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।इस मौके पर बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर दुर्गा बिष्ट, खष्टी गोस्वामी आंगनवाड़ी कार्यकत्री मीरा भारती, पूनम गोला, चांदनी, ममता भंडारी, वीनिता रानी, अजरा,कंचन पाल,आंगनवाड़ी सहयिका भावना पंत, प्रीती कश्यप तारा,नरगिस,शहनाज,नाजमीन, भावना आर्या,सोफिया आदि मौजूद रहे।



## ई-रिक्शा संचालन को मिली मंजूरी, चालकों में खुशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** शुक्रवार को बन्नाखेड़ा क्षेत्र के ई-रिक्शा चालक भूमि बचाव मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे और कोतवाल नरेश चौहान से मुलाकात की। चालकों ने बन्नाखेड़ा से बाजपुर मार्ग पर ई-रिक्शा संचालन की अनुमति दिए जाने की मांग रखी। कोतवाल नरेश चौहान ने चालकों की समस्या को सुनते हुए बन्नाखेड़ा से बाजपुर तक ई-रिक्शा संचालन की सहमति प्रदान की। इस निर्णय से क्षेत्र के ई-रिक्शा चालकों में खुशी की लहर है। चालकों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनकी आजीविका को मजबूती मिलेगी और आम जनता को भी आवागमन में सुविधा होगी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में बाइक सवार की मौत, दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** गुरुवार देर रात बाजपुर क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार 20 वर्षीय प्रिंस गिल की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल कोमा को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लक्की के मामूली चोटे आई है। घटना मुंडिया कला मोड़ से आगे एक टंकी के पास हुई, जब बाइक आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। शुक्रवार की सुबह को पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिवार में शोक की लहर है।



# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम बना जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यमः डीएम

**मुख्यमंत्री धामी की पहल से एक ही मंच पर मिल रही सभी सुविधाएं**

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट (चंपावत)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशन में मॉडल जिला चंपावत में संचालित सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आम लोगों के लिए एक प्रभावी माध्यम बनकर सामने आया है। यह कार्यक्रम एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराकर जनता को बड़ी राहत दे रहा है। इससे जहां जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की मजबूरी समाप्त हुई है, वहीं लोगों का समय और संसाधन भी बच रहे हैं।

अपनी त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी कार्यशैली के लिए जिले में मजबूत पहचान बना चुके जिलाधिकारी मनीष कुमार पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब स्थिति यह है कि अन्य क्षेत्रों से भी लोग अपनी समस्याएं लेकर यहां पहुंच रहे हैं और उन्हें मौके पर ही समाधान मिल रहा है। बाराकोट के पोखराखाल मैदान में आयोजित सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शि. विर का निरीक्षण किया गया। उद्यान विभाग के स्टॉल में प्रदर्शित ब्रोकली एवं फूलगोभी की उन्नत पैदावार किसानों की मेहनत और विभागीय मार्गदर्शन का जीवंत उदाहरण रही। शिविर के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकांश जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान किया, जबकि कुछ प्रकरणों में समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय अवधि के भीतर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनता दरबार में ब्लॉक के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों से जिलाधिकारी ने सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। शिविर के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा 40 पशुओं का उपचार किया गया। शिविर का संचालन डा. जेपी यादव, डॉ. अपूर्व एवं विजेंद्र गोस्वामी ने किया। आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में 120 रोगियों का उपचार डा. उमेश भारती, विपिन बिष्ट एवं चंद्रकांत द्वारा किया गया। होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 102 रोगियों का उपचार जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक नगरकोटी, डॉ. कमल कुमार एवं वरिष्ठ फार्मासिस्ट उपेंद्रनाथ गुप्ता के सहयोग से किया गया। एलोपैथिक चिकित्सा शिविर में डॉ. मंजीत सिंह के नेतृत्व में 82 रोगियों का उपचार हुआ, जिसमें फार्मासिस्ट कुलदीप राय की भूमिका सराहनीय रही।



## महिला समूहों के उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

**लोहाघाट।** बाराकोट में आयोजित सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे। रीप ग्रामोद्योग परियोजना की मनीषा कांडपाल के संयोजन में लगाए गए स्टॉल पर लाल चावल, मक्का का आटा, पहाड़ी मसाले, गहत, भट्ट, बड़ी एवं उनसे बने उत्पादों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विशेष बात यह रही कि महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को "हिलान्स" नाम से टैग व आकर्षक पैकेजिंग के साथ प्रस्तुत किया गया, जिससे स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलती दिखी। जिलाधिकारी ने स्टालों का निरीक्षण कर महिलाओं के प्रयासों को सराहा। कहा मांडल जिले के जैविक उत्पादों की मांग हो रही है यहां के चाल चावल से बनी खीर और अन्य उत्पादों का तो कहना ही क्या है।

## मेथोडिस्ट चर्च में धूमधाम से मना क्रिसमस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** मेथोडिस्ट चर्च रामनगर में प्रभु यीशु मसीह के पावन पर्व क्रिसमस को इस वर्ष भी धूमधाम, हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

चर्च परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। क्रिसमस पर विशेष आराधना के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई।जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर प्रभु के जन्मोत्सव का आनंद लिया। चर्च के पादरी प्रमोद अभिषेक ने क्रिसमस का वास्तविक अर्थ समझाते हुए कहा कि यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि मानवता के प्रति प्रेम, क्षमा और सेवा की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कलीसिया से प्रभु के बताए मार्ग पर चलने और समाज में जरूरतमंदों की सहायता करने का आह्वान किया।बच्चों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित मनमोहक नाटक और संगीत ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

## राजा जगत देव के छठे वार्षिक उत्सव में उमड़े लोग



शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** बुक्सा जनजाति समाज के आराध्य श्रद्धेय राजा जगत देव के छठे वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में हजारों की संख्या में बुक्सा जनजाति समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया।उन्होंने अपने राजा जगत देव जी को उनके समाज के लिए किए गए कार्यों के लिए याद किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बलराज पासी ने राजा जगत देव को याद करते हुए उनके द्वारा हिंदू समाज के लिए दी गई उनकी कुर्बानियों को याद कर उनको नमन किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों को अपने महापुरुषों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि डल बाबा मंदिर पर विधायक अरविंद पांडे द्वारा बुक्स समाज को एक नई पहचान दिलाने का काम किया गया है। इससे पूर्व दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन भी हुआ जिसमें बुक्स समाज की 30 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व बुक्स समाज द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सबसे आगे घोड़े पर सवार एक कलाकार राजा जगत देव के रूप में चल रहा था। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे को लोगों ने अपने कंधों पर उठा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने बुक्स समाज को हमेशा समाज के हित में काम करने वाला समाज बताया। उन्होंने उन शक्तियों की भी आलोचना की जिन्होंने राजा जगत देव की मूर्ति को खंडित करने का प्रयास किया। उन्होंने प्रशासन से दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की। यहां अतुल पांडे, अमर सिंह, राकेश सिंह, लाखन सिंह, धर्म सिंह, स्वरूप सिंह, मुकेश सिंह, कन्हैया सिंह, चरण सिंह आदि सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित है।



## राज्य स्तरीय टीम राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के लिए रवाना




शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** शिक्षा के बदलते परिदृश्य में जब ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित न रहकर अनुभवों के विस्तार तक पहुंच रहा है, ऐसे समय में चंपावत जनपद की राज्य स्तरीय टीम का राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के लिए रवाना होना न केवल एक प्रतियोगी यात्रा है, बल्कि जन जागरूकता और संवेदनशील नागरिकता की ओर बढ़ता हुआ एक सार्थक कदम भी है।

जिले की इस टीम का नेतृत्व शैक्षिक जगत में अपनी दक्षता और समर्पण से पहचान बनाने वाले अनुभवी शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में राउमावि खूनाबोरा की छात्राएं लोक नृत्य के माध्यम से जनसंख्या शिक्षा एवं पर्यावरण जागरूकता का संदेश देने एवं सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्त करेंगी, जबकि राइका किमतोली के छात्र रोल प्ले द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वास्थ्य, संसाधन एवं जनसंख्या शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को मंच पर प्रस्तुत करेंगे। टीम के साथ मार्गदर्शक शिक्षिका के रूप में पूनम त्रिपाठी की उपस्थिति बच्चों के उत्साह में और ऊर्जा भर रही है।

टीम को रवाना करते समय मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक मान सिंह, प्रभारी प्राचार्य डी एस खेतवाल, एनपीईपी समन्वयक शिवराज सिंह तड़ागी, प्रधानाचार्य खीमानंद पाण्डेय, भूपेन्द्र देव और अभिभावकों ने बच्चों को सफलता, अनुशासन और सकारात्मक सोच का संदेश दिया।

## एक तरफा कार्रवाई होने से मुस्लिम समाज में आक्रोश

**पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्तालाप के बाद मिला कार्रवाई का आश्वासन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस के पश्चात् बीच बाजार में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट मामले में वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया। जबकि दूसरे पक्ष की सुनवाई ना होने से नाराज मुस्लिम समाज के लोगों ने कोतवाली का घेराव करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकार विभव सैनी से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकार ने आश्वासन दिया की निष्पक्षता के साथ कार्य किया जाएगा। जिससे भीड़ शांत होकर वापस लौट गई।

शुक्रवार को एक तरफा हुई कार्यवाही से नाराज मुस्लिम समाज के दर्जनों लोग मोहम्मद शादाब, शकील अहमद, सुल्तान, के संयुक्त नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे और पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कार्यवाही करने की बात कही। मोहम्मद शादाब ने बताया कि दो पक्षों का झगड़ा हुआ था जिसमें एक पक्ष की तहरीर पर कार्यवाही हुई है, जोकि सरासर गलत है। शादाब का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी से बात कर घटना से अवगत कराया, उसके उपरांत पुलिस ने हम लोगों की तहरीर रिसीव की। अब्दुल रऊफ की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया कि जुनैद पीवीसी का कार्य करता है। सोशल मीडिया पर उसकी किसी व्यक्ति के साथ बहस हो गई थी तब उक्त व्यक्ति ने जुनैद को जान से मारने की धमकी दी और गुरुवार को किसी बहाने से पुरानी अनाज मंडी मोड़ के पास बुलाया। आरोप है कि जहां लगभग 15 लोग पहले से ही घात लगाए बैठे थे। उन्होंने जुनैद को जान से मारने की नीयत से घेरकर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर में बताया कि पीड़ित के पुत्र के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गंदी गालियां भी दी गई। मारपीट की घटना इतनी बढ़ गई किसी तरह आसपास के खड़े लोगों ने बीच बचाव कराया। वहीं मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अब्दुल रऊफ ने सीओ के समक्ष अपनी बात को रखते हुए उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने थाने आए सभी लोगों को निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वाशन दिया तब जाकर भीड़ शांत हुई। इस दौरान सभासद प्रति. निधि सलीम बाबा, इदरीश पाशा, नाजिर, मोबीन, प्रधान प्रतिनिधि हारिश बाबा, फैजान खान,जावेद सैफी, आसिफ, असलम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## अंडर-16 गर्ल्स टीम ने किया उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन

**रामनगर।** रामनगर स्थित ग्रीन फील्ड अकादमी की अंडर-16 गर्ल्स टीम ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए लगातार कई मुकाबले जीतकर पौड़ी लोकसभा स्तर पर विजेता टीम बनने का गौरव हासिल किया है। ग्रीन फील्ड एकेडमी स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि इस शानदार उपलब्धि पर टीम को 21,000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वजेता खिलाड़ियों को यह पुरस्कार सांसद अनिल बलूनी, प्रदेश के शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर को और भी प्रेरणादायक बनाते हुए चार राज्यों के खिलाड़ियों को वर्चुअल माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने संबोधित किया। उनके उत्साहवर्धक विचारों से खिलाड़ियों में नया जोश और आत्मविश्वास देखने को मिला। यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग का प्रतिफल है।सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## स्पोर्ट्स डे पर छात्रों ने दिखाया उत्साह

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** वेदशक्ति पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन, किया गया तथा नन्हे खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक दिखाया दम गंगा. पुर रोड स्थित नंद विहार कालोनी के वेदशक्ति पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस (ैचवतजे क्ंल) बडे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेश शैली और इंद शैली उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय समिति के सदस्य सुरेंद्र पाल, आशीष छाबड़ा, अनिल कुमार गंभीर और अशोक कुमार ने शिरकत की। विद्यालय प्रबंधक पंकज छाबड़ा, प्रधानाचार्या निर्मल ज्योति ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य, देशभक्ति नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ,नाटक और समूह गीत प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया स समारोह का मुख्य आकर्षण केंद्र पहाड़ी सांस्कृतिक नृत्य रहा। इसके बाद 100 मीटर दौड़, रिले रेस, कबड्डी, लंबी कूद, रस्साकशी सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया तथा अभिभावकों ने भी खेल प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया । अभिभावकों ने अलग-अलग खेल खेलकर पदक भी जीते। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रबंधक पंकज छाबड़ा ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल के प्रशिक्षकों मृदुल छाबडा, रजनी नारंग, शशि यादव, रेनू रावत, आकांक्षा सिंह, अपूवा, प्रीति गंगवार, मीनाक्षी, दीक्षा,व प्रियंका जोशी, कीर्ति गंभीर की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य ने बच्चों को खेल भावना, अनुशासित और टीमवर्क का संदेश दिया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-1016 **निविदा सूचना** दिनांक- 26/12/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन) छिबरो जल-विद्युतगृह, छिबरो (देहरादून) द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

**निविदा सं0 : 10/ईई(उ)/सीपीएच/2025-26**
**कार्य का नामः** "छिबरो विद्युत गृह मे अग्निशमक यत्रों की रिफिलिंग के कार्यो हेतू"।
**निविदा सं0 : 11/ईई(उ)/सीपीएच/2025-26**
**कार्य का नामः** "छिबरो विद्युत गृह के लिये कार्टेज और स्टेशनरी की आपूर्ति"।
**अनुमानित लागत :** रू0 4,59,112.00 और 5,15,602.00 जीएसटी अतिरिक्त।
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 25.12.2025 10:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 15.01.2026 को 15:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।
**अधि0अभि0(उ)छिबरो**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-घनसाली, टिहरी गढ़वाल।
Pho./ Fax No.-01379-258428 E-mail- res.ghansali@gmail.com

पत्रांकः- **801**/ग्रा0नि0वि0/शुद्वि पत्र/2025-26 दिनांकः- **26/12/2025**

**निविदा सूचना शुद्विपत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रखण्ड की निविदा सूचना संख्या- 09/2025-26 जो कि इस कार्यालय के पत्रांक 761 दिनांक 11.12.2025 के द्वारा निविदा आंमत्रित की गई है। जिसकी निविदा दिनांक 26.12.2025 तक सायं 4:00 बजे तक निर्धारित मूल्य का ई0-चालान/जी0एस0टी0 जमा कर विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 27.12.2025 को 2.00 बजे अपरान्ह तक प्रखण्ड कार्यालय घनसाली में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जानी थी।

दिनांक 27.12.2025 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण उक्त निविदा में समय विस्तार करते हुए निविदा दिनांक 29.12.2025 को सायं 04:00 बजे तक निर्धारित मूल्य का ई0-चालान/जी0एस0टी0 जमा कर विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 30.12.2025 को 2.00 बजे अपरान्ह तक प्रखण्ड कार्यालय घनसाली में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जानी थी।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग
अस्थाई प्रखण्ड घनसाली।

प्रपत्र सं. 16
(विनियम 33(3) देखें)
वसूली अधिकारी का कार्यालय
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, देहरादून
पारस टावर, द्वितीय तल, माजरा निरंजनपुर, सहारनपुर रोड, देहरादून
अचल संपत्ति की कुर्की का वारंट

आरसी/520/2022

केनरा बैंक बनाम मैसर्स केएमसी प्लास्टोकेम एवं अन्य

सेवा में,
अधिवक्ता सुश्री अनुष्का सागर,
एलडी एडवोकेट कमिश्नर

जबकि
**सीडी1 मैसर्स केएमसी प्लास्टोकेम,** प्लॉट संख्या ए 2बी आईआईई, ग्रोथ सेंटर सिगड्डी, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल- 246149 उत्तराखंड **इसके स्वामी श्री नवीन कुमार गुप्ता** के माध्यम से
**सीडी 2 नवीन कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री वेद प्रकाश,** निवासी डी-6, अरिहंत विहार, कृष्ण नगर, पी.ओ. गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार- 249407, उत्तराखंड
**सीडी3 वैभव गुप्ता पुत्र श्री नवीन कुमार गुप्ता,** निवासी डी-6, अरिहंत विहार, कृष्ण नगर, पी.ओ. गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार- 249407, उत्तराखंड
को इस न्यायाधिकरण द्वारा ओ.ए. संख्या 287/2021 में पारित वसूली प्रमाणपत्र द्वारा आवेदक बैंक/एफ.आई. केनरा बैंक को नीचे उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आदेश दिया गया था और जबकि उक्त राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

| वसूली प्रमाणपत्र | विवरण |
|---|---|
| मूलधन<br>ब्याज<br>लागतें<br>आगे ब्याज | जबकि (सी.डी.) भुगतान करने में विफल रहा है तथा **रुपये 9,51,31,878.12/- (रुपये नौ करोड़ इक्यावन लाख इकतीस हजार आठ सौ अठहत्तर और पैसे बारह मात्र)** की राशि तथा 05-08-2021 से वसूली तक लम्बित और 10.40% साधारण ब्याज वार्षिक और रुपये 1,46,005/- की लागत आपके विरूद्ध देय हो गई है। |
| 04-09-2025 तक बकाया राशि | रुपये 12,34,52,394.70 |

यह आपको उस प्रमाणपत्र देनदार की अचल संपत्ति को कुर्क करने का आदेश है और जब तक वह आपको ऊपर बताई गई राशि और इस कुर्की का खर्च नहीं देता, तब तक उसे वसूली अधिकारी के अगले आदेश तक अपने पास रखें।
आपको यह वारंट 05-12-2025 को या उससे पहले एक समर्थन के साथ वापस करने का आदेश दिया जाता है, जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि इसे किस दिन और कैसे निष्पादित किया गया है, या इसे क्यों निष्पादित नहीं किया गया है।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मुहर के साथ, 04 सितंबर 2025 को दिया गया।

**संपत्ति की अनुसूची**
सिगड्डी, कोटद्वार इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट नंबर ए 2बी सेक्टर 1 नामक भूमि के पट्टा अधिकार जिसका परिमाप 4089.34 वर्ग मीटर है, जो श्रीरामपुर लखीमपुर, तहसील कोटद्वार गांव की सीमा के अंदर और सिगड्डी ग्रोथ सेंटर कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड की म्युनिसिपल काउंसिल की सीमा के अंदर/बाहर है, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :-
**उत्तर की ओर या उसके पास** - प्लॉट नंबर ए 2ए
**दक्षिण में या दक्षिण की ओर** - 24 मीटर चौड़ा
**पूर्व में या पूर्व की ओर** - खाली भूमि
**पश्चिम में या पश्चिम की ओर** - 12 मीटर चौड़ी सड़क

वसूली अधिकारी
ऋण वसूली न्यायाधिकरण देहरादून

# साहिबज़ादों का बलिदान दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत: धामी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मल्लीताल स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने संगत को प्रसाद वितरित किया और श्रद्धालुओं से संवाद भी किया।



इस दौरान हुई पत्रकार वार्ता के दौरान सीएम धामी ने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि साहिबजादों ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया और मृत्यु को सहर्ष स्वीकार किया। उनका यह अद्वितीय त्याग न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

सीएम ने समाज में आपसी सद्भाव, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का भी आह्वान किया। इस अवसर विधायक नैनीताल सरिता आर्या, दर्जा मंत्री डा. अनिल कपूर व नवीन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, गुरू सिंह सभा के प्रधान सरदार जोगेंदर सिंह आनंद, सचिव अमरप्रीत सिंह नोनू, संदीप सिंह, गुरुप्रीत सिंह, जीत सिंह आनंद, जगजीत सिंह, गगनदीप सिंह, जसमीत सिंह, सतनाम सिंह, हरनमन सिंह तथा अजीत सिंह के अलावा आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत, जिला. धिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी व प्रशासनिक अधिकारी आदि शामिल रहे।

# एनएसएस शिविर में विविध कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

नैनीताल। नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के एनएसएस शिविर के तहत शुक्रवार को शिविरार्थियों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिन की शुरुआत प्रातः कालीन जागरण से हुई जिसके पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने सामूहिक रूप से योग एवं शारीरिक व्यायाम किया। इसके उपरांत ईश वंदना के माध्यम से आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया गया उसके बाद लक्ष्य गीत के साथ दिनभर की गतिविधियों का शुभारंभ हुआ।लक्ष्य गीत के पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा आचार्य नरेंद्र देव मानव सम्मान संस्थान परिसर के चारों ओर श्रमदान किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि रसायन विज्ञान के पूर्व प्रवक्ता खीमराज सिंह बिष्ट रहे। अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में उन्होंने एनएसएस के उद्देश्यों, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्वयंसेवियों की भूमिका तथा बी एवं सी प्रमाण पत्र से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों की विस्तृत जानकारी दी। उनका संबोधन स्वयंसेवियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर




विशिष्ट अतिथि के रूप में तारा देवी प्रधानाचार्याए राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ नैनीताल उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में स्वयंसेवियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए इस विशेष शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्र निर्माण में छै की भूमिका को रेखांकित किया। बौद्धिक सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय जल संरक्षण रहा। दिनभर कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी बिष्ट के निर्देशन में चले कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहायक शिक्षिका निशा बनौला, आलोक भट्ट व गीतिका नेगी का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# ग्राफिक एरा में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने मनाया क्रिसमस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल कैंपस में अंत. रराष्ट्रीय सौहार्द और सांस्कृतिक एकता के संदेश के साथ क्रिसमस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैंपस में अध्ययनरत 30 से अधिक विदेशी छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे हुआ, जिसमें सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आपसी सहयोग और सामुदायिक भावना को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में नाइजीरिया, केन्या, साउथ सूडान, युगांडा, इथियोपिया, इस्वातिनी, लाइबेरिया, जिम्बाब्वे सहित विभिन्न देशों से आए छात्रों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन बहुसांस्कृतिक एकता का जीवंत उदाहरण बन गया। छात्रों ने समूह एवं व्यक्तिगत प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने-अपने देशों की परंपराओं, रीति-रिवाजों और क्रिसमस से जुड़ी सांस्कृतिक विशेषताओं को साझा किया। इस अवसर पर सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों को विशेष रूप से तैयार किए गए क्रिसमस उपहार वितरित किए गए। साथ ही, विभिन्न गतिविधियों और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित क्रिसमस लंच के दौरान छात्रों ए व विश्वविद्यालय के शिक्षकों त था कर्मचारियों को आपसी संवाद और सौहार्द बढ़ाने का अवसर मिला।



कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निद. ेशक प्रो. (कर्नल) अनिल कुमार नायर सहित अंतरराष्ट्रीय छात्र शिक्षा से जुड़े कई शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में निदेशक प्रो. (कर्नल) अनिल कुमार नायर ने कहा कि प्रारंभिक वर्षों में यह आयोजन सीमित संख्या में छात्रों के साथ शुरू हुआ था, जो आज एक बड़े और जीवंत स्वरूप में परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने भविष्य में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या और अधिक बढ़ने का विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष प्रो. (डा.) कमल घनशाला के समावेशी दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व. विद्यालय प्रत्येक छात्र को समान महत्व देता है और उनके शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

## अंकिता के हत्यारों को जल्द मिले फांसी की सजा

**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि देवभूमि की बेटी अंकिता भंडारी के हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी की सजा मिलनी चाहिए। बिष्ट ने कहा कि बड़े शर्म की बात है देवभूमि उत्तराखंड में जिस तरीके से भाजपा राज में महिलाओं पर अनाचार, हत्या एवं उनका शोषण बढ़ते जा रहा है, उसी की भेंट चढ़ी हमारे उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी, तब से लेकर आज तक जाने कितने अंकिताओं ने अपनी जान से हाथ धो दिए लेकिन इंसाफ देने के नाम पर जीरो है ये सरकार। अंकिता हत्याकांड में नया मोड़ आने पर आज पूरे प्रदेश की मातृ शक्ति आहत एंव गुस्से से भरी हुई है।



# खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के न्याय पंचायत थपलिया मेहरा गांव में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि क्रीड़ा प्रतियोगिता (खेल महाकुंभ) का आयोजन राजकीय इंटर कालेज नौकुचियाताल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि हेमा दुमका वार्ड मेंबर नगर पालिका भीमताल तथा दुर्गा दत्त पलड़िया क्षेत्र पंचायत सदस्य खड़की जानकी देवी ग्राम प्रधान जंगलिया गांव और व सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दुम्का व संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल स्वरूप कोहली जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक बालिका और अंडर 17-19 बालक-बालिका कबड्डी तथा खो खो, एथलेटिक्स और मुर्गा झपट की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कबड्डी में अण्डर 14 में राजकीय इंटर कॉलेज नौकुचियाताल के छात्र प्रथम जंगलियागांव ने द्वितीय स्थान पर रहे जबकि कबड्डी 19 में बालक वर्ग में राजकीय इंटर कालेज नौकुचियाताल प्रथम तथा राजकीय इंटर कॉलेज जंगलियागांव द्वितीय रहे। 800 और 30 हजार मीटर रेस में हिमांशु आर्य व 1500 मीटर दौड़ में जितेंद्र दुमका प्रथम और अंडर 14 वर्ग लंबी कूद में तरुण दिवाकर प्रथम लक्ष्य द्वितीय बालिका वर्ग 600 मीटर दौड़ में जानकी प्रथम जिया द्वितीय और सरिता तृतीय जबकि 60 मीटर बालिका दौड़ में नीम प्रथम रही। प्रतियोगिता संपन्न करने में राजेंद्र भंडारी, सुरेश सुयाल, वंशीधर कांडपाल, सजंय सनवाल, प्रदीप कुमार जोशी, सुन्दर सिंह, डीआर कोहली, मो. शाकिर, राक. ेश वर्मा, हयात सिंह रौतेला, विनोद पन्त, भानु रैक्वाल, कला पन्त, निर्मला वर्मा व कैलाश आगरकोटी आदि ने सहयोग किया।

## एक नजर

### बागेश्वर के देवेंद्र बोरा ने रोहित शर्मा को पहली गेंद पर आउट कर रचा इतिहास



**बागेश्वर।** उत्तराखंड के बागेश्वर से आए क्रिकेटर देवेंद्र बोरा ने विजय हजारे ट्राफी 2025-26 के तीसरे मैच में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेले गए मुंबई बनाम उत्तराखंड मैच में देवेंद्र ने मुंबई के पूर्व कप्तान और विश्वविख्यात बल्लेबाज रोहित शर्मा को पहली गेंद पर ही 0 रन पर आउट कर दिया। देवेंद्र ने यह कमाल पहली ओवर में किया, जब रोहित शर्मा ने अपना पसंदीदा पुल शॉट खेला, जो सीधे फाइनलेग बाउंड्री पर खड़े जगमोहन नागरकोटी के हाथों में गया। हालांकि, पहले प्रयास में गेंद छिटकी, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने इसे पकड़ लिया और इस ऐतिहासिक विकेट के साझीदार बने। देवेंद्र बोरा, जिन्होंने इस साल 25 वर्ष पूरे किए, लिस्ट-ए क्रिकेट में अपने करियर का तीसरा मैच खेल रहे थे। वह 2024 में देहरादून में पुडुचेरी के खिलाफ अपना पहला रणजी ट्राफी मैच खेल चुके हैं। इस उपलब्धि पर उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी सुरेश सिंह सोनियाल ने देवेंद्र को बधाई दी है।

### 'दीक्षा' के द्वितीय अंक का विमोचन

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) विभाग में शुक्रवार को वार्षिक पत्रिका श्दीक्षाश के द्वितीय अंक का विमोचन कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा किया गया। इस मौके पर शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी, विभागाध्यक्ष डा. अशोक उप्रेती, और प्रमुख संपादक डा. पुष्पा अधिकारी समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे। पत्रिका का यह अंक उत्तराखंड राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समर्पित था। कुलपति और संकायाध्यक्ष ने पत्रिका के संपादक मंडल को बधाई दी और आगामी संस्करणों के लिए शुभकामनाएं दी। प्रो. रावत ने आईटीईपी विभाग को 2026 में नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने का आश्वासन भी दिया। इस अंक में उत्तराखंड राज्य के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाते लेख और कविताएं शामिल हैं। विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा लिखे गए लेखों में राज्य के पारंपरिक त्योहारों, महान विभूतियों और सांस्कृतिक धरोहर का चित्रण किया गया है।

### मल्लीताल व्यापार मंडल के चुनाव पर चर्चा

**नैनीताल।** श्री रामसेवक सभा प्रांगण में शुक्रवार को मल्लीताल प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई। बैठक में आगामी व्यापार मंडल मल्लीताल के चुनाव को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक में चुनाव के लिए एक कार्य समिति का गठन किया गया इसके प्रभारी अमित लाल शाह को बनाया गया। तय किया गया श्री साह अपनी एक कार्य समिति बनाएंगे जिनके सहयोग से इस कार्य का संचालन किया जाएगा तथा शीघ्र व्यापार मंडल मल्लीताल का सदस्य अभियान शुरू कर जाएगा।

### जीजीआईसी एनएसएस शिविर

**नैनीताल।** नगर के पीएमश्री एयू जीजीआईसी के सात दिनी एनएसएस शिविर के तहत शुक्रवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिष्ट के मुताबिक शिविर की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। उसके बाद शिविरार्थियों को एरीज में ले जाया गया जहां उनके लिए कई शैक्षणिक व ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गयी। बौद्धिक सत्र में नैनीताल समाचार के पूर्व संपादक महेश जोशी व उनकी धर्मपत्नी देवकी जोशी मौजूद रहे। उन्होंने राज्य आंदोलन से संबंधित घटनाओं के बारे में बताया। अंत में उन्होंने जनकवि रहे गिरीश तिवारी गिर्दा के गीत स्वयंसेवियों को सुनाते हुए शिविरार्थियों को भावात्मक रुप से जोड़ते हुए शिविर को विशेष बना दिया।

### विकास योजनाओं का किया चयन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भीमताल ब्लॉक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बेलुवाखान में शुक्रवार को खुली बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट रहे, जबकि ग्राम प्रधान डा. बबीता मनराल ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वर्ष 2025 की विकास योजनाओं का चयन किया गया और ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को प्रमुख के सामने रखा। कई मुद्दों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश अधिका. रियों को दिए गए। बैठक में समाज कल्याण पेंशन, गौशाले, पेयजल, विद्युत, खेल सुविधाओं आदि पर प्रस्ताव पारित किए गए। इसके अलावा नए ग्रामीण अधिनियम-2025 के तहत मनरेगा की जगह आने वाले रोजगार और आजीविका मिशन के बारे में भी जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने खेल मैदान और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर व एंबुलेंस की मांग की, जिस पर प्रमुख ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।



# बीजेपी के लोगों के लिए ही था विंटर कार्निवाल

## तवज्जो न मिलने पर पालिकाध्यक्ष सरस्वती खेतवाल ने निकाली भड़ास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में पांच दिसंबर तक चले विंटर कार्निवल को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने शुक्रवार को पत्रकारों के सामने गंभीर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जिस कार्यक्रम को प्रशासन ने शहरवासियों के लिए बताया था उसमें न तो जनता की पूछ रही और न ही नगर पालिका के चुने हुए प्रतिनिधियों को सम्मान दिया गया। अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि पूरे कार्निवल के दौरान उन्हें जानबूझकर नजर. अंदाज किया गया। बैठने तक की ठीक जगह नहीं दी गई और उन्हें एक किनारे पर बैठाया गया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि शहर की आवाज होते हैं लेकिन कार्निवल में हालात ऐसे थे मानो यह किसी एक राजनीतिक दल का आयोजन हो। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरा माहौल इस तरह बना दिया गया कि यह कार्यक्रम सिर्फ बीजेपी के लोगों के लिए ही लगता रहा।



पालिकाध्यक्ष डा. खेतवाल के मुताबिक पालिका सभासदों को भी मंच से दूर रखा गया और उन्हें सीट तक मुहैया नहीं कराई गई। अध्यक्ष का कहना था कि जब कार्यक्रम जनता के लिए था तो फिर जनता अंदर आने को परेशान क्यों रही? वहीं वीवीआईपी पास के नाम पर भी कुछ नहीं दिखाए क्योंकि वीवीआईपी जोन में ज्यादातर राजनीतिक चेहरे ही मौजूद थे। डा. खेतवाल ने कहा कि स्थिति यहां तक पहुंच गई कि मुख्यमंत्री के आगमन पर उनका स्वागत करने तक की उन्हें अनुमति नहीं दी गई। इसके अलावा सीएम ने पार्किंग भूमि का पूजन किया लेकिन इस महत्वपूर्ण अवसर पर भी नगरपालि. का को निमंत्रण नहीं भेजा गया, जबकि भविष्य में उस पार्किंग का संचालन नगर पालिका ही करने वाली है। अध्यक्ष ने कहा कि यह पूरा आयोजन जनता और स्थानीय संस्थाओं को साथ लेकर चलने के बजाय उन्हें अलग हटाकर किया गया जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल भाव के खिलाफ है।

# गुलदार ने महिला पर किया हमला, मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी ब्लॉक के दिनी तल्ली में शुक्रवार की सुबह गुलदार एक महिला को उठा ले गया। महिला का शव घर से पांच किलोमीटर दूरी पर से ग्रामीणों ने बरामद किया। जानक. ारी के अनुसार हेमा बर्गली पत्नी गोपाल सिंह बर्गली निवासी दिनी तल्ली शुक्रवार की सुबह मवेशियों के लिए चारा काटने घर से दूर जंगल गई हुई थी कि तभी गुलदार ने हेमा बर्गली पर हमला कर दिया और जंगल की तरफ ले गया। ग्राम प्रधान सतीश चंद्र ने इसकी सूचना वन विभाग को दी वही इसकी सूचना विधायक राम सिंह कैड़ा को दी गई। विधायक कैड़ा ने उपजिला. धिकारी धारी अंशुल भट्ट तथा डीएफओ को मौके पर भेजा। विधायक भी पांच किलोमीटर पैदल चलकर मौके पर गए वही वन विभाग के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने जंगल में सर्च अभियान चला कर हेमा का शव बरामद कर लिया था। विधायक ने वही मौके पर पोस्टमार्टम की टीम बुलाकर मृतका का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को वन विभाग ने दस लाख रूपये का मुआवजा दिया। मामले में विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि पीड़ित परिवार को दस लाख रुपए का मुआवजा वन विभाग ने दिया है साथ ही परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी देने की बात कही। वन विभाग के अधिका. रियों को पिंजरा लगाने के लिए निर्देश दें दिये हैं।

# इन्द्रपाल आर्य बने नैनीताल कांग्रेस विस के प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी ने इन्द्रपाल आर्य को नैनीताल विधानसभा का कांग्रेस विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है साथ ही सह सहयोगी प्रभारी के तौर पर शंकर जोशी, खजान पांडे तथा बीएलए के रूप में प्रशांत जोशी को नियुक्त किया गया है। बता दें उत्तराखंड कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इन्द्र पाल आर्य की अगुवाई में नैनीताल सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में संगठन की बूथ कमेटी ग्राम कमेटी ब्लाक कमेटी विधानसभा कमेटियों का गठन कर संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएँगे तथा विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूती के साथ खड़ा करेंगे। अनुवान्सिक संगठन के कार्यकर्ताओं को भी पार्टी हित में सक्रिय करने के उद्देश्य से कार्यक्रम करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि माह जनवरी माह के अंत तक हर हाल में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत संगठन का गठन कर प्रदेश कार्यालय को सूची मुहैया कराई जानी आवश्यकीय है। इन्द्र पाल आर्य की नियुक्ति पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत हरीश रावत, करन मेहरा सहित संजीव आर्य तथा ब्लाक अध्यक्षों ने खुशी जताई गयी है।



# कांग्रेस का राजनीतिक षड्यंत्र बेनकाब: सरिता आर्या

## भाजपा महिला व एससी मोर्चा का पलटवार, विधायक ने आरोपों को बताया सुनियोजित साजिश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कांग्रेस द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व पर लगाए जा रहे आरोपों के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को नैनीताल में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक सरिता आर्या ने कांग्रेस पर महिला अधिकारों की आड़ में एससी समाज को निशाना बनाकर एक अनुसूचित वर्ग के नेता के खिलाफ गहरा राजनीतिक षडयंत्र रचने का आरोप लगाया। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि जिस तथाकथित महिला को आगे कर आरोप लगाए जा रहे हैं उसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली जाकर प्रेस कान्फ्रेंस कर भाजपा नेताओं को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं जो पूरी तरह से राजनीतिक साजिश है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कहा कि एससी समाज से आने वाले दुष्यंत गौतम वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं और इससे पूर्व एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं, उनके लंबे राजनीतिक जीवन में कभी कोई आरोप सामने नहीं आया इसके बावजूद सुनियोजित ढंग से उन्हें बदनाम किया जा रहा है जो कांग्रेस की राजनीतिक बौखलाहट को दर्शाता है। उन्होंने दो टूक कहा कि भाजपा महिला मोर्चा कांग्रेस की इस साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगा। वार्ता में दायित्वधारी शांति मेहरा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा दलित समाज का उपयोग केवल राजनीतिक लाभ के लिए किया है, एक स्वच्छ छवि वाले नेता को बदनाम करना कांग्रेस की पुरानी नीति का हिस्सा है। प्रेस वार्ता में मौजूद भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कहा कि कांग्रेस योजनाबद्ध तरीके से भाजपा नेताओं के खिलाफ अभियान चलाकर समाज को गुमराह करने का कार्य कर रही है जिसे जनता भली भांति समझ रही है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया, मंडी सलाहकार मनोज जोशी समेत नीतू जोशी, सभासद गजाला कमाल समेत शिवांशु जोशी, निखिल बिष्ट, विकास जोशी, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष रोहि. हत भाटिया तथा मुकेश आर्या आदि मौजूद रहे।



### एससी मोर्चा अध्यक्ष ने कोतवाली में दी नामजद तहरीर

नैनीताल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रोहित भाटिया के नेतृत्व में शुक्रवार को मल्लीताल कोतवाली में कांग्रेस नेता तथाकथित महिला एवं एक पूर्व विधायक के खिलाफ नामजद तहरीर सौंपते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की गई। एससी मोर्चा ने आरोप लगाया कि यह पूरा प्रकरण अनुसूचित समाज के सममान को ठेस पहुंचाने और भाजपा के वरिष्ठ नेता की छवि धूमिल करने की सुनियोजित कोशिश है। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

# ट्रैकिंग के साथ विंटर कार्निवाल सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में 6 साल बाद आयोजित चार दिवसीय विंटर कार्निवाल का बिरला चुंगी से कैंची धाम ट्रैकिंग के साथ शुक्रवार को समापन किया गया जिसमें 50 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। पूर्वाह्न में यात्रा दल को आयुक्त कुमाऊं/सचिव मुखयमंत्री दीपक रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उन्होंने स्वयं प्रतिभागियों के साथ बिरला चुंगी से कैंचीधाम तक ट्रैकिंग की गई। इस दौरान कुमाऊँ आयुक्त रावत ने कहा कि बिरला चुंगी से कैंची धाम तक ट्रैकिंग रूट को ईको ट्यूरिज्म के रूप में विक. सित किया जाएगाए जिसका संच. ालन कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा किया जाएगा। शुक्रवार को विंटर कार्निवाल में आयोजित विरला चुंगी से कैंची धाम तक 13 किलोमिटर ट्रैकिंग में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत व कुमाऊं मंडल विकास निगम के एमडी विनीत तोमर के साथ ही नैनीताल पंगोट, बगड़ आदि क्षेत्रों के छात्रों आदि ने प्रतिभाग किया स ट्रैकिंग में नैनीताल के स्थानीय लोगों के साथ ही महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया। जिसमें सौंदर्य के साथ ही सभी ने नींब करौरी बाबा के दर्शन किए। कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि बिरला चुंगी से कैंची धाम तक ट्रैकिंग रूट को ईको ट्यूरिज्म के रूप में विक. सित किया जाएगा।




उन्होंने कहा कि कैंचीधाम में बढ़ते श्रद्धालुओं के कारण हो रही ट्रैफिक की समस्या भी इससे कम होगी। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर व आकर्षक है। जो पैदल यात्रा करने वाले पर्यटकों को अपनी और लगातार आकर्षित करेगा। ट्रैकिंग के दौरान उपस्थित प्रबंध निदेशक कुमाऊं मंडल विकास निगम विनीत तोमर ने कहा कि आने वाले समय में केएमवीएन द्वारा इसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में बेहतर तरीके से संचालित किया जाएगा जिससे आवाजाही में आसानी होगी और ट्रैक भी प्रमोट होगा। ट्रैकिंग के दौरान उपस्थित नेचर गाइड जीवन सिंह धामी ने सभी प्रतिभागियों को स्थानीय फ्ला. ेरा के महत्व, प्राकृतिक सौंदर्य तथा प्रवासी पक्षियों आदि की जानकारी दी। इसके साथ ही ट्रैकिंग रूट पर क्लीनिंग ड्राइव का भी आयोजन किया गया, जिसमें ट्रैकिंग रूट के सभी प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित किया गया। इस दौरान जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी, मल्लीताल व्यापार मंडल के महासचिव त्रिभुवन सिंह फर्त्याल समेत देवेन्द्र रावत, नवीन भट्ट, मो. हित लाल साह, दीपक कुमार तथा करन वर्मा सहित अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्दूचौड़।** 24 से 26 दिसंबर तक इनफिनिटी स्पोर्ट्स क्लब में राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट ने किया, जबकि इस अवसर पर नैनीताल बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश बिष्ट और शिव नरेंद्र भोटियानी भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में अंडर-15 से अंडर-19 आयु वर्ग के सिंगल्स और डबल्स मुकाबले आयोजित किए गए, जिसमें प्रदेशभर के युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल भावना और अनुशासन की मिसाल पेश करते हुए खिलाड़ियों ने दर्शकों का दिल जीता। समापन समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल और पूर्व विधायक नवीन दुम्का सहित कई गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। सिंगल्स वर्ग में प्रथम पुरस्कार रु0 2100 और डबल्स में रु0 2200 की पुरस्कार राशि दी गई। इनफिनिटी स्पोर्ट्स क्लब के निदेशक मोहन चंद्र पाठक और उनकी टीम ने इस सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कैंसर गंभीर, लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी: डा. पांडे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी के अंतर्गत स्वामी राम कैंसर संस्थान कुमाऊं मंडल और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कैंसर रोगियों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 40-50 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। स्वामी राम कैंसर संस्थान के विभागाध्यक्ष, प्रो. डा. केसी पांडे ने बताया कि कैंसर एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। समय पर जांच और सही उपचार से कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। उन्होंने कैंसर के प्रमुख लक्षणों के बारे में बताते हुए लोगों को तंबाकू, शराब से बचने और नियमित स्वास्थ्य जांच की सलाह दी। डा. पांडे ने बताया कि संस्थान में रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध हैं, जबकि सर्जरी की सुविधा डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में है। शीघ्र ही नई और अत्याधुनिक मशीनें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि आयुष्मान कार्ड या बीपीएल कार्ड न होने पर भी मरीजों को न्यूनतम शुल्क लेकर उपचार की सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जा रही हैं। राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल और चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने संस्थान की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और करुणामय उपचार देने का संकल्प व्यक्त किया।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### महाराष्ट्र ने सिक्किम को आठ विकेट से हराया

**जयपुर, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच राजवर्धन हंगारगेकर (21 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी से महाराष्ट्र ने सिक्किम को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच में शुक्रवार को 192 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए सिक्किम को 150 रन पर ढेर करने के बाद 18 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर मुक. ाबला जीत लिया। महाराष्ट्र की तरफ से पृथ्वी शॉ ने 51, अर्शिन कुलकर्णी ने 40 और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 38 रन बनाए। सिक्किम की पारी में हंगारगेकर के चार विकेट के अलावा रामकृष्ण घोष ने तीन विकेट लिए।

### सूर्या, श्रुति, टॉप दो सीड को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

**विजयवाड़ा, वार्ता।** लोकल पसंदीदा सूर्या करिश्मा तामिरी और अनुभवी श्रुति मुंडाडा ने शुक्रवार को यहां सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सीधे गेम में टॉप दो सीड को हराया। सूर्या करिश्मा टॉप सीड उन्नति हुड्डा के लिए बहुत मजबूत साबित हुईं, उन्होंने अपना क्वार्टर फाइनल सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से जीता, जबकि श्रुति ने दूसरी सीड और पूर्व नेशनल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय को 39 मिनट में 22-20, 21-12 से हराया। सेमीफाइनल में, सूर्या करिश्मा का सामना रक्षिता श्री से होगा, जब 18 साल की खिलाड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा को 16-21, 21-14, 21-18 से हराया। पुरुषों के सिंगल्स कैटेगरी में, टॉप सीड किरण जॉर्ज को 11वीं सीड रौनक की चुनौती से पार पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, उन्होंने 41 मिनट में 21-18, 21-18 से जीत हासिल की। अब उनका सामना 2024 ओडिशा ओपन चैंपियन ऋत्विक से होगा।

### युवराज संधू दूसरे राउंड में शानदार 64 के स्कोर के साथ टॉप पर पहुंचे

**जमशेदपुर, वार्ता।** युवराज संधू जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये के टाटा ओपन 2025 और पीजीटीआई के सीजन-फिनाले के दूसरे राउंड में अपने शानदार आठ-अंडर 64 के स्कोर की बदौलत लीडरबोर्ड में टॉप पर पहुंच गए हैं। युवराज (67-64), जिन्होंने शुक्रवार को बेल्डीह में खेला था, ने हाफवे स्टेज पर कुल 11-अंडर 131 का स्कोर बनाया और तीन शॉट की बढ़त के साथ अपने पिछले रात के आठवें स्थान से सात स्थान ऊपर आ गए। युवराज, जिन्होंने इस साल पीजीटीआई पर छह बार जीत हासिल की है, पहले ही 2025 पीजीटीआईऑर्डर ऑफ मेरिट का ताज जीत चुके हैं और इस तरह अगले साल के लिए डीपी वर्ल्ड टूर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# मेलबर्न में एक दिन में 20 विकेट गिरे, ऑस्ट्रेलिया टॉप पर

**● मेजबान टीम 46 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई जबकि इंग्लैंड 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हुई**



**मेलबर्न, वार्ता।** पिछले साल के बॉक्सिंग डे टेस्ट की तुलना में मेलबर्न पिच पर सिर्फ चार मिलीमीटर ज्यादा घास होने से बॉक्सिंग डे पर पिच शरारती हो गई, जिससे 20 विकेट गिरे, जो ऑस्ट्रेलिया में पहले दिन गिरे संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट हैं। मेजबान टीम 46 ओवर के अंदर 152 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसके बाद इंग्लैंड एक कदम और आगे बढ़कर 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हो गई, यह सब एमसीजी में 94,199 दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ के सामने हुआ।

दिन का अंत शानदार ड्रामे के साथ हुआ। स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड के साथ ओपनिंग करने आए और उन्होंने एक पूरा ओवर सुरक्षित रूप से खेला, जिससे पूरे स्टेडियम में मौजूद दर्शक बहुत खुश हुए, जो दिन भर के रोमांचक एक्शन के बाद पहले से ही अपनी सीटों पर खड़े थे। बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने भेजा, लेकिन इसमें एक अजीब विडंबना थी कि इंग्लैंड सालों तक घर पर सपाट पिचों पर तैयारी करने के बाद एक बार फिर हरी सीमिंग पिच पर खेल रहा था, और ऑस्ट्रेलियाई चुनौती के लिए अपनी तेज गेंदबाजी की योजना ऊंचाई और उछाल के हिसाब से बना रहा था, जबकि चुनौती ने अलग सवाल पूछे। हालांकि, इस बार उनके गेंदबाजों ने बेहतर जवाब दिया, उन्होंने पूरी लेंथ पर गेंदें फेंकी और तुरंत इनाम पाया। ट्रैविस हेड, जिन्होंने दौरे पर पहले एक और मुश्किल पिच पर इंग्लैंड को चोट पहुंचाई थी, गस एटकिसन की गेंद पर अपने स्टंप्स पर आउट हो गए, लेकिन पहले बदलाव के गेंदबाज के रूप में जोश टंग के आने से सच में मैच का रुख बदल गया। जेक वेदरल्ड दुर्भाग्य से लेग साइड में आउट हो गए, लेकिन इसके बाद की गेंदों ने यह साबित कर दिया कि पर्थ और ब्रिस्बेन में टंग की कितनी कमी खली थी। मार्नस लाबुशेन ने बाहर जाती हुई गेंद पर किनारा लगाया, जबकि स्टीव स्मिथ एक तेज इन-स्विंगर पर बोल्ड हो गए। 51 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद, उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया को संभालने के लिए मिलकर 72 रन पर 4 विकेट तक पहुंचाया। लेकिन 38 रन की यह साझेदारी ब्रेक के बाद चौथे ओवर में टूट गई जब एटकिसन ने ख्वाजा का किनारा लिया। इस बार, स्निको पर आवाज और स्पाइक एक साथ आए और ऑन-फील्ड फैसला पलट दिया गया।

स्टोक्स, जिन्होंने दोपहर के सेशन में एटकिसन के साथ बॉलिंग की शुरुआत की थी, उन्होंने एक अच्छी प्लानिंग के तहत कैरी को लेग स्लिप पर कैच करवाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया 91 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। यह और भी बुरा हो सकता था, लेकिन माइकल नेसर को दो बार किस्मत का साथ मिला क्योंकि किनारे कॉर्डन में शॉर्ट गिरे, पहले जेमी स्मिथ के सामने और बाद में जो रूट के सामने, जिससे यह सवाल उठा कि क्या इंग्लैंड के कीपर और स्लिप कॉर्डन बहुत पीछे खड़े थे। नेसर ने मिले मौकों का पूरा फायदा उठाया और पलटवार किया, जोश टंग के एक ओवर में चार चौके लगाए, जबकि कैमरन ग्रीन ने मुश्किल पिच पर धैर्य और समझदारी दिखाई। सातवें विकेट के लिए उनकी 52 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को 150 रन के पार पहुंचाया, हालांकि ग्रीन की पारी एक जोखिम भरे सिंगल और नॉन-स्ट्राइकर एंड पर ब्रायडन कार्स के डायरेक्ट हिट से खत्म हुई। मिशेल स्टार्क इस सीरीज में 50 से ज्यादा के एवरेज के साथ आए थे, लेकिन इस बार सस्ते में आउट हो गए, स्टोक्स ने मिड-ऑफ पर पीछे दौड़कर एक शानदार कैच पकड़ा। रिप्ले में दिखा कि कार्स का अगला पैर क्रीज के अंदर था, लेकिन तीसरे अंपायर ने बॉलर के पक्ष में फैसला दिया। फिर टंग ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया, उसी ओवर में बोलैंड और नेसर, जो पारी के टॉप स्कोरर थे, को आउट करके ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला पांच विकेट हॉल पूरा किया। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। फिर नेसर ने एक और विकेट लिया, रूट की क्रीज पर बेकार को. शिश को एक जाने-पहचाने बाहरी किनारे के साथ खत्म किया और अनुभवी बल्लेबाज को 15 गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। यह उनके टेस्ट करियर का 15वां शून्य था। सात ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आए हैं। हैरी ब्रूक ने अगली गेंद पर छक्का मारा और गेंद के बार-बार गड़बड़ करने के बावजूद ट्रैक पर दौड़ने के लिए उत्सुक दिखे, लेकिन विडंबना यह है कि वह पगबाधा आउट हो गए, बोलैंड की एक गेंद पर क्रीज में फंस गए जो अंदर की तरफ आई थी।

# स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा



**● राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे, स्टीव स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ राहुल द्रविड़ से आगे निकल गए हैं**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्टीव स्मिथ ने एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे जबकि स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ द्रविड़ से आगे निकल गए हैं। जो रूट ने 162 टेस्ट में 214 कैच लपके हैं।

# 70 टीमें जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगी

**लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, पुदुचेरी, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में में भाग ले रहे हैं**

**बेंगलुरु, वार्ता।** 44वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप 2025-26 में लगभग 35 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जो 31 दिसम्बर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक गुंजूर, बेंगलुरु में होगी।

लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। राज्यों के अलावा, कोल्हापुर, विदर्भ और मध्य भारत जैसे मान्यता प्राप्त खो खो संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें भी चैंपियनशिप में खिताब के लिए मुकाबला करेंगी, जो लीग-कम-नॉकआउट आधार पर होगी। सभी की निगाहें महाराष्ट्र पर होंगी, जिसने 25 से 29 नवम्बर, 2024 तक अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में आयोजित 43वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में खिताब जीता था। लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में प्री-क्वार्टर फाइनल मैच सुबह और क्वार्टर फाइनल मैच दोपहर में 03 जनवरी को होंगे। 04 जनवरी को, सेमीफाइनल सुबह और उसके बाद फाइनल होंगे। लड़कों और लड़कियों दोनों टीमों को 8-8 समूहों में बांटा गया है। कर्नाटक राज्य खो खो संघ के अध्यक्ष श्री लोकेश्वरा ने कहा कि रेफरी के अलावा, तकनीकी अधिकारियों, कोचों और संघ के अधिकारियों सहित लगभग 25 अधिकारियों को चैंपियनशिप की तैयारियों और सुचारू संचालन के लिए तैनात किया गया है। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था स्टेडियम के 3-4 किमी के दायरे में की गई है, और उनके आने-जाने के लिए 10 बसें लगाई गई हैं। चैंपियनशिप गुंजूर के अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि यह खो खो का एक फेस्टिवल है जिसमें देश भर के युवा टैलेंट टाइटल के लिए मुकाबला करते हैं। यह जूनियर टैलेंट के लिए अपने स्किल्स दिखाने का एक प्लेटफॉर्म भी है। टैलेंट की पहचान और उसे पहचानना खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि हम पूरी लगन से खो खो को एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक्स में शामिल करने का लक्ष्य रखते हैं। भारत 9-14 मार्च, 2026 तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, जबकि 58वीं सीनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) 2025-26 11-15 जनवरी, 2026 तक काजीपेट, तेलंगाना में और 35वीं सब-जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां) 2025-26 कुरुक्षेत्र, हरियाणा में 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी।

# विराट-पंत की फिफ्टी, दिल्ली ने बनाए 252 रन



**● दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 254 रन बनाए**

**बेंगलुरु, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (77) के लगातार दूसरे अर्द्धशतक और कप्तान ऋषभ पंत (70) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन का स्कोर बना लिया।

पिछले मैच में शतक जड़ने वाले विराट ने इस मुकाबले में अपनी फॉर्म जारी रखते 61 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 77 रन बनाए जबकि पंत ने 79 गेंदों पर 70 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

हर्ष त्यागी ने 40 और सिम. रजीत सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। गुजरात की तरफ से विशाल जायसवाल ने 42 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए।



## रोहित शून्य पर लुढ़के, लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हराया

**जयपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप सी मैच में उत्तराखंड के खिलाफ शुक्रवार को शून्य पर लुघ्क गए लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हरा दिया। मुंबई ने सात विकेट पर 331 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड को नौ विकेट पर 280 रन पर रोक दिया।

उत्तराखंड की तरफ से ओपनर युवराज चौधरी ने 96 रन की शानदार पारी खेली। इससे पहले पिछले मैच के शतकधारी रोहित को देवेंद्र सिंह बोरा ने आउट किया। लेकिन मुशीर खान (55), सरफराज खान (55) और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक तामोरे ने नाबाद 93 रन का योगदान देकर मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। शम्स मुलानी ने 48 रन बनाए। उत्तराखंड की तरफ से बोरा 74 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

# रिंकू ने 56 गेंदों में जड़ा शतक

**● रिंकू सिंह की तूफानी पारी की बदौलत यूपी ने चंडीगढ़ को 227 रनों से दी मात**



**राजकोट, वार्ता।** टी-20 विश्व कप से पहले उत्तर प्रदेश के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा।

रिंकू ने महज 60 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर अपनी टीम को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मुकाबले में 4 विकेट के नुकसान पर 367 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया जिसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में 140 रन पर लुढ़क गई। यूपी की तरफ से जीशान अंसारी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। आर्यन जुयाल को उनकी 134 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले रिंकू ने चौकों और छक्कों की बारिश करते हुए 11 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के लगाए। रिंकू के अलावा आर्यन जुयाल ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 118 गेंदों पर 134 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी अहम योगदान देते हुए 57 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 67 रन बनाए। इसके अलावा समीर रिजवी ने 36 रन जोड़े, जबकि प्रशांत वीर 12 रन बनाकर नाबाद रहे। चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उत्तर प्रदेश की शुरुआत हालांकि खराब रही और महज 2-1 ओवर में सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आर्यन जुयाल और ध्रुव जुरेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश ने इससे पहले हैदराबाद को हराकर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया था।

# ब्रजेश पाठक ने पीएम को दिया नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप का निमंत्रण

**● ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पीएम से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ**

**लखनऊ/दिल्ली, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्ह चार से 11 जनवरी तक वाराणसी में आयोजित होने वाली नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया ь प्रधानमंत्री से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा उनके बहुमूल्य समय के लिए आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात को राजनी. तिक नजरिए से भी अहम माना जा रहा है। हाल ही में लखनऊ में भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक के बाद प्रदेश की राजनीति में चर्चाएं तेज हैं। 23 दिसम्बर 2025 को कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन के आवास पर हुई इस बैठक में करीब 40-50 ब्राह्मण विधायक और एमएलसी शामिल हुए थे। बैठक में ब्राह्मण समाज की घटती राजनीतिक भागीदारी, जातिगत संतुलन और विभिन्न सामुदायिक मुद्दों पर मंथन किया गया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में कुल 52 ब्राह्मण विधायक हैं, जिनमें से 46 भारतीय जनता पार्टी से हैं। ऐसे में पाठक की पीएम से यह मुलाकात खेल आयोजन के निमंत्रण के साथ-साथ सियासी दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने डीपी वर्ल्ड के साथ कतर-ओमान का दौरा किया

**कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलाइन के सामने थी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत में राम सेतु के नाम से मशहूर, सांस्कृतिक रूप से पूजनीय एडम ब्रिज पर अपने शानदार लॉन्च के बाद, डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने कतर और ओमान में अपना सफर सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान दोनों देशों के प्रमुख शहरों और मशहूर जगहों पर फैंस, छात्रों और समुदायों को शामिल किया गया। कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलाइन के सामने थी। यह देश की समुद्री विरासत और ग्लोबल खेल में उसकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक था।

देश भर की अपनी यात्रा के दौरान, ट्रॉफी ने कतर के कई सबसे मशहूर जगहों का दौरा किया, जिनमें सीलाइन बीच, एस्पायर जोन (जिसे दोहा स्पोर्ट्स सिटी के नाम से भी जाना जाता है), कटारा कल्चरल विलेज, सूक वकीफ और लुसैल बुलेवार्ड शामिल हैं। इन पड़ावों ने फैंस को ट्रॉफी के साथ जुड़ने का मौका दिया, साथ ही कतर की विरासत और आधुनिक विकास के मेल को भी दिखाया। इस टूर का मुख्य फोकस सामुदायिक जुड़ाव पर था। ट्रॉफी को एक केंद्रीय सार्वजनिक सभा स्थल पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी, दूतावास और सामुदायिक नेता मौजूद थे, जिससे फैंस को ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन और फोटो के अवसरों के माध्यम से जुड़ने का मौका मिला। यह टूर स्कूलों और विश्वविद्यालयों तक भी पहुंचा, जिसमें बिरला पब्लिक स्कूल, यूडीएसटी यूनिवर्सिटी और कतर फाउंडेशन शामिल हैं, जिससे हजारों छात्र जुड़े और खेल के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा मिला। कतर फाउंडेशन में विशेष बातचीत में समावेशी पहलों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के साथ जुड़ाव भी शामिल था। देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यबल को सम्मान देने के लिए, एशियन टाउन में एक विशेष एक्टिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें दक्षिण एशियाई समुदाय और क्रिकेट के प्रति उनके प्यार का जश्न मनाया गया। कतर का सफर रेगिस्तान में सूर्यास्त के समय ट्रॉफी के प्रदर्शन के साथ समाप्त हुआ, जो देश में टूर के एक यादगार अध्याय के अंत का प्रतीक था। कतर के बाद, ट्रॉफी ओमान पहुंची, जहां इसने खेल स्थलों, सांस्कृतिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का दौरा किया। प्रमुख पड़ावों में मुत्तरा किला, सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद, रॉयल ओपेरा हाउस मस्कट, ओमान अक्रॉस एजेस म्यूजियम, जबल अखदर व्यूप्वाइंट और कुरम बीच शामिल थे, जो फैंस के साथ बातचीत और मीडिया जुड़ाव के लिए सुंदर पृष्ठभूमि प्रदान करते थे। इस टूर का फोकस इंडियन स्कूल मस्कट और इंडियन स्कूल अल वादी अल कबीर जाकर युवाओं और फैंस को जोड़ने पर था, जिससे स्टूडेंट्स को ट्रॉफी को करीब से देखने का मौका मिला।

## नोएडा निजास ने कानपुर वॉरियर्स को मात दी

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में देर रात गुरुवार को यूपी कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

अकस्मात शुरू हुए देर रात कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नोएडा निजास और कानपुर वारियर्स के बीच हुआ जहां नोएडा निजास ने कानपुर वारियर्स के 39-36 से मात देकर जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश कबड्डी सीजन दो प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा शुक्रवार को जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता की शुरुआत गत बुधवार को होना था, जिसके लिए आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन एवं खेल संबंधी प्रशासन से अनुमति में देरी होने के चलते ए समस्या सामने आई जिस कारण जिला प्रशासन द्वारा बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान चतुर्थ के अंतर्गत पाबंदियों अथवा निर्देशों का हवाला देते हुए कबड्डी खेल आयोजन को स्थगित कर दिया गया था,जो 24 दिसम्बर तय तारीख के मुताबिक आयोजित नहीं की जा सकी, अथवा कुछ समय पश्चात जिला प्रशासन के जारी निर्देशों के अनुपालन के तहत कबड्डी खेल परिसर में एयर प्यूरिफायर और मास्क लगाने की अनिवार्य शर्त पर आयोजन के लिए मंजूरी दे दी गई।

# पुलिस अभिरक्षा में हिस्ट्रीशीटर पर गोली बरसाने वाले दबोचे

## लक्सर पुलिस ने 24 घंटे में बदमाशों को दबोचकर किया अपना इकबाल बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/लक्सर।** एसएसपी हरिद्वार के कुशल नेतृत्व एवं प्रभावी पर्यवेक्षण में लक्सर क्षेत्र में हुई गोलीकांड की घटना का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा किया गया। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही विनय त्यागी को पेशी पर ले जाने वाले एक दरोगा और दो सिपाहियों को भी निलंबित किया गया है।

लक्सर में बुधवार को हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी के ऊपर बाइक सवार बदमाशों ने उस समय गोली चला दी थी जब उसे रुड़की जेल से लक्सर कोर्ट में पेशी पर पुलिस लेकर गई थी। घटना के बाद बाइक सवार आरोपी मौके से फरार हो गए थे।पुलिस ने नाकाबंदी करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। अब कार्रवाई करते हुए गठित की गई अलग-अलग पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को थाना खानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिकंदरपुर के जंगलों से, बिजनौर हाईवे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों का पूर्व में काशीपुर में हुई डकैती के मामले में जेल जा चुके हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पैसे मांगने पर विनय त्यागी लगातार सनी यादव को जान से मरवाने की धमकी दे रहा था। जिस पर सन्नी काफी समय से विनय त्यागी की लगातार रेकी कर रहा था। उसे जानकारी मिली कि विनय त्यागी रुड़की जेल में बंद है और 24 दिसंबर को लक्सर न्यायालय में पेशी पर लाया जाएगा। इसी जानकारी के आधार पर सन्नी ने अपने साथी अजय के साथ मिलकर बदले की नीयत से घटना को अंजाम दिया था।पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार बरामद किए गए, दोनों अभियुक्तों से पूछताछ में जो तथ्य सामने आए हैं उसके संबंध में जानकारी प्राप्त कर विधिक कार्रवाई की जारी है। आरोपियों के नाम सन्नी यादव उर्फ शेरा पुत्र कमल सिंह निवासी गुलजारपुर, थाना काशीपुर, जनपद उधमसिंह नगर, उम्र 28 वर्ष (मुख्य अभियुक्त) और अजय पुत्र कुंवर सैन निवासी खरमासा कॉलोनी, थाना कोतवाली काशीपुर, जनपद उधमसिंह नगर, उम्र 24 वर्ष बताए गए हैं। आरोपियों के पास से तमंचे भी बरामद किए गए हैं।




❖पैसों के लेनदेन को लेकर विनय त्यागी पर किया था जानलेवा हमला

❖मामले में एक दरोगा व दो सिपाहियों पर भी गिरी गाज

❖पूर्व में काशीपुर में हुई डकैती में दोनों आरोपी जा चुके हैं जेल

पेशी के दौरान फायरिंग की गंभीर चूक,एक दरोगा व दो कांस्टेबल निलंबित-लक्सर क्षेत्र में मुलजिम पेशी के दौरान हथियार बंध अभियुक्तों द्वारा पुलिस वाहन पर गोली चलाते हुए मुलजिम विनीत त्यागी पर गोली मारी गई थी। उक्त वारदता के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी सवार खडे हो रहे थे जिसे गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने शख्त रुख अपनाते हुए लापरवाही के दृष्टिगत प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर एक उपनिरीक्षक एवं दो कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा घटनाक्रम के संबंध में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को जांच के आदेश दिए गए हैं।

## सामाजिक छवि खराब करने की मंशा से झूठे बयान देने पर दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा अन्तराष्ट्रीय अध्यक्ष शिरोमणि गुरु रविदास शिव महापीठ व राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्त शिरोमणि गुरु रविदास अखाडा भारत के खिलाफ सोशल मीडिया पर उनकी सामाजिक छवि को धूमिल करने की मंशा से भ्रामक मिथ्यो के आधार पर झूठे बयान दिये जा रहे है। मामले में तहरीर देकर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

थाना झबरेड़ा क्षेत्र के गांव भक्तोंवाली निवासी संचित कुमार द्वारा पुलिस को तहरीर देकर बताया गया कि अन्तराष्ट्रीय अध्यक्ष शिरोमणि गुरु रविदास शिव महापीठ व राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्त शिरोमणि गुरु रविदास अखाडा भारत दुष्यंत कुमार गौतम के खिलाफ सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक सुरेश राठौर व उसकी पत्नि उर्मिला राठौर द्वारा उनकी सामाजिक छवि को धूमिल करने की मंशा से भ्रामक मिथ्यो के आधार पर झूठे बयान दिये जा रहे है। इससे रविदास समाज में भारी ठेस पहुंची है। सुरेश राठौर रविदास पीठ में अपना वर्चस्व बनाने के लिए गौतम से रंजिश रखता चला आ रहा है। सुरेश राठौर व उर्मिला सनावर द्वारा आपस में कपट संधि करके भ्रामक झूठे अर्नगल आरोप लगाने के कारण समस्त रविदासिया समाज मे इनके प्रति रोष व्याप्त होने से वैमनस्य का महौल है। सोशल मीडिया पर भ्रामक व झूठी खबरे फैला कर उनके खिलाफ एक जानबूझ कर किया जा रहा षडयन्त्र है। इन दोनो के द्वारा झूठे विडियो बनाकर प्रसारित किये जा रहे है। जिससे कि दुष्यंत कुमार की प्रतिष्ठा की मानहानि हो रही है। इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होना अति आवश्यक है मामले में पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बहुउद्देशीय शिविर में सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत विकास खंड नारसन की न्याय पंचायत लिब्बरहेड़ी स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जॉइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ ने की।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देशराज कर्णवाल, उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर) ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

शिविर में विभिन्न विभागों की जन-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सैकड़ों क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 22 समस्याएं दर्ज कराई गईं, जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, जलभराव, आंगनबाड़ी भवन, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।इनमें से लगभग 10 समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही जॉइंट मजिस्ट्रेट एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किया गया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। शिविर में रूडकी भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कविन्द्र चौधरी, तहसीलदार विकास अवस्थी,गन्ना विकास समिति के चेयरमैन सुशील राठी, भाजपा नेता अनीस गौड़, जिला पंचायत सदस्य आजाद, ग्राम प्रधान शबनम, सी डी पी ओ सोनू कुमार, बीडीओ सुभाष सैनी, श्रम विभाग सहायक निदेशक अमित किशोर थपलियाल, ए बी डी ओ चंद्र शेखर भट्ट, लेबर इंस्पेकटर अनिल पुरोहित, खाद्य एम एस रावत, पशुपालन से अमित पंवार आदि बड़ी संख्या में अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



## ड्रग्स इंस्पेक्टर ने किया मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण

## नियमों के उल्लंघन पर होगा सख्त एक्शन : मेघा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनपद हरिद्वार के सुल्तानपुर एवं लक्सर क्षेत्र से प्राप्त लगातार शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ड्रग इंस्पेक्टर मेघा द्वारा शुक्रवार को दोनों क्षेत्रों के दर्जनों मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया। ड्रग इंस्पेक्टर मेघा ने बताया कि उक्त क्षेत्रों से लंबे समय से दवाओं की बिक्री एवं संचालन से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिसके दृष्टिगत यह निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ मेडिकल स्टोर संचालक निरीक्षण के समय अपने स्टोर बंद कर मौके से चले गए। ऐसे मामलों में लगभग 06 मेडिकल स्टोरों को ताला बंद कराया गया। इसके अतिरिक्त लक्सर क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है।उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक विभागीय निरीक्षण एवं आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरांत ही अपने स्टोर पुनः खोल सकेंगे। साथ ही सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी परिस्थिति में एक्सपायरी दवाइयों का भंडारण अथवा विक्रय न किया जाए।

ड्रग इंस्पेक्टर ने चेतावनी दी कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान यदि नियमों का उल्लंघन या एक्सपायरी दवाइयों का भंडारण पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अंतर्गत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ड्रग विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराई जा सकें।

❖लक्सर व सुल्तानपुर में कई मेडिकल स्टोर बंद करके भागे, तो कई पर लगवाया ताला



## वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी बनी अस्मिता महिला टेनिस बॉल क्रिकेट विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** वीर सुर क्रिकेट अकादमी वीरपुर के मैदान पर भारत खेल मंत्रालय द्वारा एवं उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सौजन्य से अस्मिता टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता के फाइनल में वीर सौर्य क्रिकेट अकादमी ने डेफोडिल क्रिकेट अकादमी को हराकर विजेता बनी पहले बैटिंग करते हुए वीर शौर्य क्रिकेट अकैडमी की ओर से माही के 12 और शगुन के 20 रन की शानदार बल्लेबाजी करते हुए पांच ओवर में 32 रन बनाए वहीं दूसरी ओर खुशी एवं माही की शानदार गेंदबाजी की बदौलत डेफोडिल अकादमी 16 रन पर आउट हो गई डेफोडिलअकादमी की ओर से नेहा और हरम प्रीत मैं लगातार संघर्ष किया। अंततः वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता बनी। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से नैनीताल एवं आचार्य कुलम क्रिकेट अकादमी संघार्षपुर मुकाबले के दौरान रही। प्रतियोगिता के समापन पर सैंट मार्क्स स्कूल रुड़की की प्रधानाचार्य अजरा जावेद ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर विजेता एवं उपविजेता एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ट्राफी एवं मैडल पहनकर शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के समापन पर उत्तराखंड टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के सचिन अमजद उस्मानी ने विजेताओं, सहयोगियों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।



## भगवानपुर इज्तमे में पहुंचे लाखों लोग, मांगी अमन चैन की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर क्षेत्र के मोहितपुर गांव में तीन दिवसीय इजतमे का आयोजन किया गया जिसमें लाखों लोगों ने शिरकत की। आज शुक्रवार को समापन के दिन देश में अमन चेन की दुआएं मांगी गयी व यहां पहुंचे लोगों को दीन व दुनियावी तालीम के बारे में बताते हुए कुरान के बताये रास्ते पर चलने का आहवान करते हुए कहा कि दुनिया के साथ दीनी तालीम भी जरूरी है। इस दौरान उलेमाओ ने लोगों से तालीम के प्रति गंभीरता से हासिल करने के आहवान किया और कहा कि अपने बच्चो को इल्म जरूर दिलायें जो बच्चे के केवल दुनिवासी तालीम हासिल कर रहे हैं उन्हें दीनी तालीम भी जरूर दिलवायें तभी हम दुनिया व आखरत संवार सकते हैं।

इज्तमें में यूपी उत्तराखण्ड पंजाब हरियाणा सहित कई प्रदेशो से आवाम ने शिरकत की और उलेमाओं की बातो को गंभीरत से सुना ओर उन पर दिलन से अमल करने का अहवान किया गया। दूर दराज से आये लोगों की शिदमत के लिए लोगां ने दिल से इस्तकबाल करते हुए उनके खाने पीने व रहने की व्यवस्था की। और तीन दिन से चलने वाला यइ इज्तमा पूरे सकून व शांति के साथ संपन्न हुआ जिसमें उलेमाओं ने देश व दुनिया में अमन की दुआये मांग। आज भगवानपुर के मोहितपुर गांव में तीन दिवसीय इज्तमे का समापन हुआ। 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक चले इज्जतमे में लाखों की तादाद में लोगों ने शिरकत की । इस दौरान उलेमाओं ने देश में अमन शांति और तरक्की की दुआ मांगी । भगवानपुर क्षेत्र के मोहितपुर गांव में तीन दिवसीय इज्तमे का आयोजन किया गया था जिसका आज समापन हो गया। इज्तेमा में लोगों को दीन की बाते बताई जाती है। लोगों को बुराई से बचने तथा इबादत कर अल्लाह को राजी करने की बाते बताई जाती है। दीन को फैलाने के लिए जमाते निकाली जाती है। लोगों को बताया जाता है कि इस्लाम प्यार और मोहब्बत का पैगाम देता है। इंतजामिया कमेटी के द्वारा आने वाले लोगों की सुविधाओं का खास ख्याल रखा गया। जगह जगह स्टॉल लगाकर लोगों को चाय नाश्ता कराया गया।



## 350 मीटर बिजली की तार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तार चोरों ने मुंडाखेड़ा कलां गांव के पास 350 मीटर से अधिक विद्युत तार चोरी कर लिया। विभाग के जेई ने लक्सर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लक्सर क्षेत्र में तार चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। विभाग के जेई अश्वनी कुमार ने बताया कि छह दिसंबर की रात को चोरों ने मुंडाखेड़ा कलां गांव के पास से 350 मीटर से अधिक एबीसी विद्युत लाइन चोरी कर ली। इससे विद्युत लाइन से जुड़े कनेक्शन धारकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं तार चोरी होने से विभाग को भी राजस्व की हानि हुई। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना की जांच की जा रही है।

## नौकरी का झांसा देकर भारतीय युवाओं को भेज रहे एजेंट यूक्रेन

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रुड़की।** एजेंट के जाल में फंसे भारतीय को यूक्रेन और रूस की जंग में धकेला जा रहा है। उत्तराखंड के पोड़ी जिले के रहने वाले विवेक को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर यूक्रेन भेजा गया था यूक्रेन पहुंच कर भारतीय युवकों को यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग में जबरदस्ती धकेला गया ऐसे ही कई भारतीय यूक्रेन में फंस गए हे जिसमें कई भारतीय की मौत भी हो गई है। यूक्रेन से भाग कर भारत लौटे उत्तराखंड के रहने वाले युवक ने सरकार से भारतीय को वापस लाने की मांग की है। मंगलौर में किसान यूनियन के साथ मिलकर प्रेस वार्ता करते सरकार से जालसाजी कर भारतीय युवकों को फुसलाकर विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वह 1 जनवरी को पानीपत से दिल्ली तक पदयात्रा निकाल कर सरकार से भारतीयों को वापस लाने की मांग करेंगे। किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने कहा कि एजेंट नौकरी के नाम पर भारतीय को विदेशों में फंस रहे है कई भारतीय युवकों की मौतें भी हो चुकी है लेकिन सरकार इसपर कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार को जल्द से जल्द विदेश में फंसे भारतीय को वापस लाने के लिए कदम उठाना होगा

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र कृष्णा व उसकी पत्नी स्वाति का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने कृष्णा व स्वाति को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद उपरोक्त दोनों के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

**सतपाल पुत्र सुखराम नि. ग्राम मुटकाबाद थाना व तह. लक्सर जिला हरिद्वार।**

## बीएसएम में वीरबाल दिवस पर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम इण्टर कॉलेज रुड़की में आज वीर बाल दिवस को विभिन्न प्रतियोगिताओं के आगाज के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पधारे बतौर मुख्य अतिथि बी.एस.एम शिक्षण संस्थान के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा ने छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को 10वें गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह की धर्म की रक्षा के लिए किये गए शहादत को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।

बी. एस.एम शिक्षण संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ा दिया। उन्होंने भी छात्रों को संबोधित किया और अपने संबोधन में कहा कि केवल युद्ध में ही वीरता का परिचय नहीं दिखाया जाता वीरता अपने देश के लिए किए गए हर उस कार्य का परिचारक है जिससे देश की आन, बान और शान बढ़ती हो। 'वीर बाल दिवस' के इस उपलक्ष में गुरु गोविंद सिंह के उन दोनों पुत्रों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने छात्रों को वीर बाल दिवस' के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने कहा कि आज विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों द्वारा 100 मीटर 200 मी की दौड़ में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमित कपिल डॉ. अभय ढौंडियाल, अखिलेश मोहन शर्मा, डॉ. उदयन, जितेश कुमार, विशेष कुमार, नीरज कुमार वर्मा, शैलेन्द्र पन्त, मोहित कुमार, पवन कपिल, विनय कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।



## रेलवे के अधिकारियों ने आम रास्ते पर बैरिकेडिंग लगाकर किया बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** प्लेटफार्म पर चढ़ने के लिए रास्ते को रेलवे के अधिकारियों ने बंद कर दिया है जिससे आम जनता में रोश व्याप्त है लक्सर तहसील व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि कोरोना काल के दौरान रेलवे के प्लेटफार्म पर चढ़ने के लिए जो रास्ता था उसको रेलवे के अधिकारियों द्वारा बंद कर दिया गया था और कहा था कि कोरोना काल खत्म होने के बाद इस रास्ते को खोल दिया जाएगा उन्होंने कहा रास्ता खोलने की तो बात बहुत दूर की है रेलवे के अधिकारियों ने उस रास्ते को और बंद कर दिया है दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों के लिए रेलवे स्टेशन पर जाने के लिए केवल एक ही रास्ता था वह भी आज बंद कर दिया गया है उन्होंने कहा हमारी सरकार के नेताओं से एवं रेलवे के अधिकारियों से एक ही रिक्वेस्ट है कि दिव्यांग जनों एवं बुजुर्गों की परेशानी को देखते हुए जब तक उनके लिए कोई सुविधा प्लेटफार्म पर जाने की ना हो तब तक इस रास्ते को खोल देना चाहिए अन्य हम सभी मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करेंगे लक्सर तहसील व्यापार महामंत्री आशीष अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह से रेलवे के अधिकारियों के द्वारा आज आम रास्ता बंद किया गया है यह बहुत ही गलत है उन्होंने कहा दिव्यांग एवं बुजुर्ग व्यक्ति ओवर ब्रिज पर कैसे चढेगा और कैसे प्लेटफार्म तक पहुंचेगा उन्होंने कहा जिस वक्त कोरोना काल आया था तो रेलवे के अधिकारियों के द्वारा बड़े-बड़े दावे किए गए थे की कोरोना काल के बाद इस रास्ते को खोल दिया जाएगा आज यह रास्ता पूरी तरह से रेलवे के अधिकारियों ने अपनी हट धर्मी दिखाते हुए बंद कर दिया है अब दिव्यांग एवं बुजुर्ग लोग प्लेटफार्म पर जाने के लिए तरस जाएंगे।

# देर से उठाया कदम

आखिरकार भारत ने बांग्लादेश के प्रति अपना रुख सख्त कर दिया है, लेकिन देर हो चुकी है। जब दीपू दास की हत्या हुई थी, उसी समय भारत की प्रतिक्रिया आनी चाहिए थी, लेकिन अब तक चार अल्पसंख्यकों की हत्या के बाद भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है, जिसे देर से उठाया जा रहा कदम बताया जा रहा है। किसी भी देश में वहां के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार की होती है, लेकिन भारत ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया था। दीपू दास की हत्या के बाद भारत में प्रदर्शन हुए, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजे गए, तब कहीं जाकर भारत सरकार ने अपना मुंह खोला है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, एचवन बी वीजा, ऑस्ट्रेलिया टेरर अटैक और कनाडा में भारतीय छांत्र की मौत मामले पर प्रतिक्रिया दी। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले को लेकर मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो हो रहा है वो चिंता का विषय है। हम बांग्लादेश में हाल ही में एक हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं। इस अपराध के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भारत का हमेशा यह ध्येय रहा है कि पड़ोसी देशों से संबंध अच्छे रहे, लेकिन यूनुस सरकार ने इन संबंधों पर पानी फेर दिया। भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के पक्ष में है। बांग्लादेश में शांति और स्थिरता चाहता हैं। सरकार को देश के नागरिकों से कई शिकायतें मिली हैं, जिन्हें अपने वीजा अपाइंटमेंट को रीशेड्यूल करने में दिक्कतें आ रही हैं। वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इन मुद्दों और अपनी चिंताओं को भारत ने अमेरिकी पक्ष के सामने उठाया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को बांग्लादेश में भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में अमृत मंडल नामक हिंदू शख्स को पीट-पीटकर मार डाला। इससे पहले मैमनसिंह के भालुका में कथित ईशनिंदा के आरोप में 25 साल के हिंदू गारमेंट फैक्ट्री वर्कर दीपू चंद्र दास की भी भीड़ ने हत्या कर दी थी,जिसको लेकर भारतभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। अब इस मामले में बालीवुड के अभिनेता और अभिनेत्रियां सामने आने लगे हैं। सभी ने बांग्लादेश में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की है और इसे नरसंहार का नाम दे डाला है।हम दुनिया के दूसरे छोर पर हो रही घटनाओं पर रोते रहेंगे, जबकि हमारे अपने भाई-बहन जलाकर मार दिए जा रहे हैं। किसी भी रूप में मौजूद उग्रवाद की निंदा और विरोध करना जरूरी है, इससे पहले कि हम अपनी इंसानियत को भूल जाएं।

## राहुल गांधी की गतिविधियों पर नजर



राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है, मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है, हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं, भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप बेबुनियाद हैं , विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है, सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में, डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते, राहुल गांधी या कांग्रेस का किसी भी तरह के एंटी-इंडिया नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है। सब बकवास है। -**सैम पित्रोदा, चेयरमैन, ओवरसीज कांग्रेस**

# देश को याद आ रहे आर्थिक संकट से उबारने वाले डा. मनमोहन सिंह


डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति के ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं जिनका नाम आते ही सादगी, ईमानदारी, विद्वता और दूरदर्शिता का भाव स्वतः मन में उभर आता है। वे केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को मजबूती देने वाले एक ऐसे शिल्पकार थे जिनकी सोच, निर्णय और कार्यशैली ने देश की दिशा ही बदल दी। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि शांत स्वभाव, गहरी समझ और निस्वार्थ भावना के साथ भी कोई व्यक्ति देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितम्बर 1932 को तत्कालीन अविभाजित भारत के गाह (अब पाकिस्तान में) नामक गांव में हुआ था। विभाजन के समय उन्होंने अपने परिवार के साथ भारत आकर कठिन परिस्थितियों में जीवन की नई शुरुआत की। बचपन से ही वे अत्यंत मेधावी थे। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन इतनी गहरी थी कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को ही अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय पहुंचे और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। यह अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि थी, क्योंकि उस दौर में विदेश जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना आसान नहीं था।

शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अध्यापन और शोध को अपना प्रारंभिक क्षेत्र बनाया। दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स और पंजाब विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में उन्होंने छात्रों को अर्थशास्त्र पढ़ाया। उनके व्याख्यानों में गहराई, तार्किकता और व्यावहारिक दृष्टिकोण साफ झलकता था। धीरे-धीरे उनकी पहचान एक गंभीर और विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में बनने लगी। यही कारण था कि उन्हें भारत सरकार में आर्थिक मामलों से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का अवसर मिला।

डॉ. मनमोहन सिंह का प्रशासनिक जीवन बेहद प्रभावशाली रहा। वे भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर बने, योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे और बाद में प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी बने। इन सभी पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा। वे निर्णय लेने से पहले गहराई से सोचते थे और किसी भी मुद्दे को भावनाओं के बजाय तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर परखते थे। उनकी यही विशेषता उन्हें एक असाधारण नीति-निर्माता बनाती है। साल 1991 भारत के इतिहास का एक निर्णायक मोड़ था। देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार लगभग समाप्त हो चुका था, महंगाई बढ़ रही थी और आर्थिक व्यवस्था चरमराने लगी थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री नियुक्त किया। यह एक साहसिक निर्णय था, क्योंकि वे राजनीति में सक्रिय नहीं थे, लेकिन उनकी काबिलियत पर पूरा देश भरोसा करता था।

वित्त मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने जो ऐतिहासिक फैसले लिए, उन्होंने भारत की आर्थिक तस्वीर ही बदल दी। उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति को अपनाया, जिसे आमतौर पर एलपीजी सुधार कहा जाता है। लाइसेंस राज की समाप्ति, विदेशी निवेश को बढ़ावा, उद्योगों को स्वतंत्रता, आयात-निर्यात में सरलता और बैंकिंग सुधार जैसे कदमों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी। यह वही दौर था जब भारत विश्व अर्थव्यवस्था से मजबूती से जुड़ना शुरू हुआ। आज जो भारत एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देखा जाता है, उसकी नींव उसी समय रखी गई थी। साल 2004 में डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि वे स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो सीधे तौर पर राजनीति की पारंपरिक पृष्ठभूमि से नहीं आए थे। उन्होंने कभी आक्रामक भाषण नहीं दिए, न ही वे दिखावे में विश्वास रखते थे।




उनकी ताकत उनके काम, उनकी ईमानदारी और उनकी दूरदृष्टि थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को विकास, स्थिरता और सामाजिक कल्याण के लिए जाना जाता है। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति की। देश की विकास दर तेज हुई, विदेशी निवेश बढ़ा और भारत को वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में पहचान मिली। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़े सुधार किए। उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में मनरेगा योजना मानी जाती है, जिसने ग्रामीण भारत को रोजगार की गारंटी दी। इस योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की और गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। शिक्षा के क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान और शिक्षा का अधिकार कानून जैसे कदमों ने देश के भविष्य को मजबूत आधार दिया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन ने दूर-दराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाईं। विदेश नीति के क्षेत्र में भी डॉ. मनमोहन सिंह का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने अमेरिका के साथ परमाणु समझौता कर भारत को वैश्विक परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दिलाई। यह समझौता भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण था। इसके अलावा उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारने, व्यापार बढ़ाने और शांति बनाए रखने पर भी जोर दिया। वे हमेशा संवाद और सहयोग के पक्षधर रहे। डॉ. मनमोहन सिंह की सबसे बड़ी विशेषता उनकी ईमानदारी थी। राजनीति में रहते हुए भी उनके ऊपर कभी व्यक्तिगत भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा। वे एक साधारण जीवन जीते थे, सादे कपड़े पहनते थे और बिना किसी दिखावे के अपना कार्य करते थे। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने कभी अपनी मर्यादा नहीं छोड़ी। वे आलोचनाओं से विचलित नहीं होते थे और चुपचाप अपना काम करते रहते थे। उनके आलोचक भी इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि वे एक सच्चे राष्ट्रभक्त और विद्वान नेता थे। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा और भारतीय इतिहास में उनका स्थान सदैव सम्मान के साथ सुरक्षित रहेगा। **-मौ. इमरान**

# भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर

**ग्लेशियरों का कम होना बढ़ते वैश्विक तापमान के सबसे भयावह परिणामों में से एक है। ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र तल में वृद्धि होती है जिससे तटीय क्षरण बढ़ता है। इसके साथ ही साथ उग्र तटीय तूफान पैदा होते रहते हैं क्योंकि समुद्री तापमान में वृद्धि होती है और गर्म हवाएं बहुत तेज रफ्तार से चलती हैं, जिससे समुद्री बर्फ और ग्लेशियर पिघलते हैं और महासागर गर्म होते हैं। समुद्र की धाराएं दुनिया भर में मौसम व समुद्री जीव-जंतुओं को प्रभावित करती हैं। ग्लेशियरों के पिघलने से जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है और जीव-जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियां खत्म होने लगती हैं। इसके अलावा ग्लेशियरों के पिघलने से दीर्घावधि में ताजे पानी की मात्रा में कमी आ सकती है। साथ ही समुद्र के किनारे बसे शहरों के जलमग्न होने का खतरा भी है।**

पृथ्वी पर करीब 2 लाख ग्लेशियर (हिमनद) हैं, किंतु अब ग्लोबल वार्मिंग एवं बढ़ते प्रदूषण के कारण दुनिया भर के ग्लेशियरों का पिघलना तेजी से बढ़ रहा है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट चेंज इंपैक्ट में जलवायु प्रोफेसर का कहना है कि पिछले 100 सालों में दुनिया के समुद्र तल में 35 फीसदी इजाफा ग्लेशियरों के पिघलने की वजह से हुआ है।



जर्नल दी क्रायोस्फियर में प्रकाशित शोध के अनुसार बर्फ अब 65 प्रतिशत ज्यादा तेजी से पिघल रही है। 1994 से 2017 के बीच 28 लाख करोड़ टन बर्फ पिघल चुकी है। किलिमंजारो पहाड़ों की बर्फ 1912 के बाद से 80 प्रतिशत से अधिक पिघल गई है। भारत में गढ़वाल हिमालय में ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना है कि अधिकांश मध्य और पूर्वी हिमालय के ग्लेशियर 2035 तक गायब हो सकते हैं। कुछ समय पूर्व ही अंटार्कटिका में दुनिया का सबसे बड़ा हिमखंड 'ए-76' टूट कर अलग हुआ है। इसका कुल क्षेत्रफल 4320 वर्ग किलोमीटर है। यह हिमखंड अंटार्कटिका में मौजूद ग्लेशियर रोने आइस शेल्फ के पश्चिमी हिस्से से टूटकर वेडेल सागर में गिरा है।

शोधकर्ताओं के अनुसार तेजी से बर्फ पिघलने के कारण समुद्र का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण पूरी दुनिया पर बड़ा संकट आ रहा है। ग्लेशियरों के पिघलने से दुनिया के उन लोगों पर असर पड़ेगा जिनके लिए ग्लेशियर ही पानी का प्रमुख स्रोत हैं। इससे अकेले दक्षिण-पूर्व एशिया में ही 70 करोड़ लोगों के जीवन पर असर पड़ेगा। हिमालय के ग्लेशियर आस-पास रहने वाले 25 करोड़ लोगों और ऐसी नदियों को पानी देते हैं जो करीब 1.65 अरब लोगों के लिए भोजन, ऊर्जा और कमाई का साधान है।

नेदरलैंड्स की डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के हैरी जोकोलारी के अनुसार ज्यादातर लोग इस बात का महत्व नहीं समझते कि बर्फ की विशाल संरचनाएं कितनी जरूरी हैं। एक स्वस्थ ग्लेशियर गर्मी में थोड़ा पिघलता है और सर्दियों में और बड़ा बन जाता है। इसका मतलब है कि लोगों को जब पानी की ज्यादा जरूरत होती है तो उन्हें ग्लेशियर से पानी मिलता है। प्रमुख शोधकर्ता व लीड्स विश्वविद्यालय के प्रो. थॉमस स्लेटर का अनुमान है कि समुद्री जल स्तर में हर एक सेंटीमीटर की वृद्धि से करीब एक लाख लोग विस्थापित होंगे। इसके साथ ही प्राकृतवासों व वन्य जीवों पर भी खतरा है। हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन की स्टेट ऑफ ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट 2020 से पता चला है कि 2020 इतिहास का सबसे गर्म वर्ष था। नेशनल ओशिएनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन (एनसीईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 इतिहास का छठा सबसे गर्म वर्ष था। रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष तापमान 20वीं सदी के औसत तापमान से 0.84 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया था। स्पष्ट है पृथ्वी अब तेजी से गर्म होती जा रही है जिसका असर ग्लेशियरों पर हो रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि हम ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को रोकने में सफल हो जाएं और दुनिया के तापमान में बढ़त को उद्योग-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक पर सीमित कर दिया जाए तब भी एशिया के ऊंचे पर्वतों के ग्लेशियर अपनी एक तिहाई बर्फ खो सकते हैं। पहाड़ों के ऊपर उड़ने वाली धूल तेजी से बर्फ को पिघला रही है, क्योंकि धूल में सूरज की रोशनी अवशोषित हो जाती है जिसकी वजह से बढ़ी गर्मी के कारण बर्फ पिघलने लगती है।


**(स्रोत फीचर्स)**

# नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता है पर्किंसन रोग

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।

इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं।**

जाता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गतिविधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

(साभार प्र.सा.)



**नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी।**

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**बेरुत/यरूशलेम।** दोपहर दक्षिणी लेबनान में गुरुवार को इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सूत्रों और इजरायली सेना ने यह जानकारी दी। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएए) ने बताया कि गुरुवार दोपहर सीमावर्ती गांव मजदल सेल्म के प्रवेश द्वार पर एक इजरायली ड्रोन ने एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाया। लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने पुष्टि की कि हमले में एक नागरिक मारा गया। एक सुरक्षा सूत्र ने मृतक की पहचान मोहम्मद अला अल-दीन नामक हिजबुल्लाह सदस्य के रूप में की।

## भारत में मिल रही नकली रेबीज वैक्सीनः ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया में वैक्सीन के लिए काम करने वाली सरकार की संस्थान आस्ट्रेलियन टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप आन इम्यूनाइज.शन (एटीएजीआई) ने शुक्रवार को भारत में इस्तेमाल होने वाली रेबीज वैक्सीन के लिए चेतावनी जारी की है। ये चेतावनी **ABHAYRAB** ब्रांड के लिए जारी की गई है। चेतावनी में कहा गया है। **ABHAYRAB** ब्रांड की वैक्सीन नकली है और रेबीज बीमारी के लिए फायदेमंद नहीं है। नवम्बर 2023 से ये नकली वैक्सीन सप्लाई हो रही है। एटीएजीआई के मुताबिक नकली वैक्सीन में सही मात्रा में एक्टिव इंग्रीडिएंट नहीं हैं। **ABHAYRAB** का इस्तेमाल आस्ट्रेलिया में नहीं होता है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि अनुमानों से कहीं बेहतर होगी

### अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगाः गोल्डमैन सैक्स

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स के एक ताजा अनुमान के अनुसार भारत अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा और देश की वृद्धि की रफ्तार वैश्विक स्तर पर लगाए जा रहे अनुमानों से बेहतर होगी।

इस प्रतिष्ठित बैंकिंग की शुक्रवार को प्रकाशित मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक (वृहत आर्थिक परिदृश्य) रिपोर्ट के 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वास्तविक (स्थिर कीमत पर) वृद्धि 6.7 प्रतिशत और 2027 में 6.8 प्रतिशत रह सकती है। यह धीमी पड़ रही वैश्विकअर्थव्यवस्था के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते जुझारूपन और संरचनात्मक शक्ति को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की वृद्धि के बारे में ये अनुमान अधिकांश विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी ऊपर हैं। भारत से इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद ऐसे समय में है जबकि कड़ी वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और लगातार व्यापार बाधाओं के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि धीमी होने के आसार हैं। गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था लगभग 2.8 प्रतिशत की अपेक्षाकृत स्थिर लेकिन मामूली गति से बढ़ेगी, जो मौजूदा अनुमानों से थोड़ी अधिक है। अनुमान में यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वैश्विक परिदृश्य में भारत निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता के बिना वृद्धि की उच्च दर को बनाए रखने की अपनी क्षमता की दृष्टि से अलग दिखता है। वैश्विक मांग में उतार-चढ़ाव के आगे कमजोर पड़ने वाली कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बिपरीत भारत की वृद्धि दर एक बड़ी सीमा तक घरेलू खपत, सार्वजनिक निवेश और संरचनात्मक सुधारों से संचालित हो रही है। रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि भारत का बड़ा आंतरिक बाजार, बढ़ता घरेलू खर्च और सरकार के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे का लगातार विस्तार देश में आर्थिक गतिविधि के लिए मजबूत आधार के रूप में काम करेगा है। इसके अनुसार, 'सार्वजनिक पूंजीगत व्यय भारत के मध्यम अवधि के दृष्टिकोण का एक प्रमुख चालक बना हुआ है।




**यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है**

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में 58 अरब डालर के रिकॉर्ड रक्षा बजट को मंजूरी

**टोक्यो।** जापान के मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय तनाव और चीन की बढ़ती सैन्य गति. विधियों को देखते हुए शुक्रवार को अब तक के सबसे बड़े रक्षा बजट को अपनी मंजूरी दे दी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जापान सरकार ने रक्षा क्षेत्र को लगभग 58 अरब डॉलर का आवंटन किया है। जापानी मुद्रा एन में यह राशि नौ हजार अरब एन है। स्थानीय मीडिया जापान टुडे के मुताबिक इस भारी भरकम बजट का मुख्य उद्देश्य जापान की जवाबी हमले की क्षमता को बढ़ाना और अत्याधु. निक मानवरहित हथियारों, ड्रोनों के जरिए तटीय सुरक्षा को पुख्ता करना है।

### नाइजीरिया ने आईएस ठिकानों पर हवाई हमलों की पुष्टि की

**अबुजा।** नाइजीरियाई सरकार ने इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों ने मिलकर अफ्रीकी देश के पश्चिमोत्तर हिस्से के आईएस के आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता किमिबी एबिएनफा ने कहा कि यह अभियान पश्चिमी अफ्रीकी देश में आतंकवाद और हिसक उग्रवाद को खत्म करने के लिए अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ नाइजीरिया के सुरक्षा सहयोग का हिस्सा था।

### ईरान में पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्याः मीडिया रिपोर्ट

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में एक सशस्त्र हमले में एक पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्या कर दी गई। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मेहर ने ईरान पुलिस के एक जानकार सूत्र के हवाले से बताया कि मृतक की पहचान इकरामुद्दीन सरी के रूप में हुई है, जो पूर्व अफगान सरकार के तहत उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में पुलिस कमांडर थे। सरी को वलियासर स्ट्रीट स्थित अपने कार्यस्थल से निकलने के बाद गोली मार दी गई।

# H-1B वीजा में देरी पर भारत ने जताई चिंता

### कहाः बच्चों की पढ़ाई और परिवारों पर गंभीर असर, वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

**नई दिल्ली।** विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों से जुड़े मामलों को लेकर भारत सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वीजा परेशानियों, सुरक्षा से जुड़े मामलों, भगोड़े अपराधियों की वापसी और विदेशों में भारतीय छात्रों की मौत जैसे मुद्दों पर विदेश मंत्रालय ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार को एच1बी वीजा नियुक्ति के बार-बार पुनर्निर्धारित होने को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। इस कारण बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक लंबे समय से विदेशों में फंसे हैं, जिससे उनके परिवार और बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है।

प्रवक्ता ने बताया कि वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने अपनी चिंताएं अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाई हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लगातार बातचीत की जा रही है ताकि भारतीय नागरिकों को हो रही दिक्कतों को कम किया जा सके। भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर गंभीर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बड़ी संख्या में भारतीय आवेदकों के पहले से तय एच-1बी वीजा साक्षात्कार अचानक रद्द या आगे खिसका दिए गए हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सरकार को कई भारतीय नागरिकों से शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों में कहा गया है कि वीजा साक्षात्कार पुनर्निर्धारित होने के कारण वे लंबे समय से भारत में फंसे हुए हैं और अमेरिका लौटकर अपनी नौकरी जाइन नहीं कर पा रहे हैं।

मंत्रालय के अनुसार, दिसम्बर के मध्य से जिन एच-1बी वीजा आवेदकों के साक्षात्कार तय थे, उन्हें अचानक कई महीनों के लिए टाल दिया गया है। कुछ आवेदकों को ई-मेल के जरिए बताया गया कि उनके साक्षात्कार अब अगले साल मई तक के लिए बढ़ा दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह फैसला सोशल मीडिया प्रोफाइल और आनलाइन गतिविधियों की अतिरिक्त जांच के चलते लिया गया है। साथ ही ये भी स्पष्ट किया कि वीजा से जुड़े फैसले किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने इस मुद्दे को अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाया है। उन्होंने कहा कि इस देरी से भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को आर्थिक, पारिवारिक और शैक्षणिक स्तर पर गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रणधीर जायसवाल ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच में हुई आतंकी घटना पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत इस हमले से जुड़े जिम्मेदार लोगों की गतिविधियों से अवगत है और इस मामले में संबंधित विद.ेशी एजेंसियों के संपर्क में है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत उन सभी लोगों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश में कानून से बचकर विदेशों में छिपे हुए हैं। इसके लिए कई देशों से बातचीत चल रही है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में कई कानूनी स्तर होते हैं, लेकिन सरकार की मंशा साफ है कि ऐसे लोग भारत लौटें और अदालतों में मुकदमे का सामना करें। कनाडा में एक भारतीय छात्र की मौत पर विदेश मंत्रालय ने गहरा दुख जताया। रणधीर जायसवाल ने बताया कि सरकार मृतक छात्र के परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों से मौत की परिस्थितियों को लेकर जानकारी ली जा रही है। भारत का दूतावास परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।




**भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर तथ्यों से अवगत कराया**

### बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या नजरअंदाज नहीं कर सकतेः भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में जारी अशांति और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने कहा कि हम ढाका में हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि सरकार ललित मोदी और विजय माल्या को वापस लाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने इसके अलावा कई सवालों के जवाब दिए। जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश में फैलाई जा रही भारत-विरोधी झूठी कहानी को खारिज करता है। वहां कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,900 से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं को महज मीडिया की बयानबाजी या राजनीतिक हिंसा कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने आगे कहा कि भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**विदेश मंत्रालय बोलाः हत्यारों को जल्द सजा मिले, भगोड़े ललित मोदी-माल्या को वापस लाएंगे**

# पाक ने एलओसी पर एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पाक-अधिकृत कश्मीर (पीओ.के) में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम रावलकोट, कोटली और भिंबर सेक्टर में लगाए गए हैं। काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम वह तकनीक है, जो दुश्मन के ड्रोन को पहचानने, ट्रैक करने और उन्हें जैम या मार गिराने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने एलओसी पर 30 से ज्यादा खास एंटी-ड्रोन यूनिट्स तैनात की हैं। ये तैनाती मुर्री की 12वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 23वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने की हैं, जो कोटली/भिंबर इलाके की ब्रिगेड्स को संभालती हैं। इसका मकसद एलओसी के पास हवाई निगरानी और इलेक्ट्रानिक वारफेयर क्षमता मजबूत करना है। स्पाइडर एंटी-ड्रोन सिस्टम रेडियो फीक्वेंसी के जरिए ड्रोन का पता लगाता है और करीब 10 किलोमीटर तक छोटे ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन पहचान सकता है। यह पोर्टेबल और वाहन-माउंटेड दोनों रूपों में उपलब्ध है। यह ड्रोन के कम्युनिकेशन को बाधित कर हवा में रुकने, वापस लौटने या लैंड करने पर मजबूर करता है। स्पाइडर काउंटर-यूएएस सिस्टम को पाकिस्तान की ग्लोबल इंडस्ट्रियल एंड डिफेंस सोल्यूशन (जीआईडीएस) ने विकसित किया है। सुफ्रा जैमिंग गन-यह कंधे पर रखकर चलाया जाने वाला हथियार है जिसकी रेंज करीब 1.5 किलोमीटर है। यह ड्रोन के कंट्रोल, वीडियो और जीपीएस लिंक को बाधित करता है। यह एक साथ कई कामीकाजे ड्रोन को डिएक्टिवेट कर सकती है। सुफ्रा जैमिंग गन को पाक के नेशनल इलेक्ट्रानिक्स काम्प्लेक्स ने विकसित किया है।



**पाक सेना ने आशंका जताई कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है**

# पाक के परमाणु शस्त्र दुनिया के लिए खतरा

### दस्तावेजों से खुलासाः पुतिन ने 24 साल पहले जॉर्ज बुश को किया था आगाह

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल 2001 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश से अपनी पहली मुलाकात के दौरान पाकिस्तान को लेकर चिंता जताई थी। पुतिन ने कहा था कि पाकिस्तान असल में एक सैन्य शासन यानी जुंटा है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं।

यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं है। पुतिन के मुताबिक, इसके बावजूद पश्चिमी देश पाकिस्तान की आलोचना नहीं करते, जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। दोनों नेता पाकिस्तान के अंदरूनी हालात, राजनीतिक अस्थिरता और परमाणु कमांड सिस्टम को लेकर चिंतित थे। उन्हें डर था कि अगर हालात बिगड़े तो परमाणु तकनीक गलत हाथों में जा सकती है। यह जानकारी दोनों के बीच 2001 से 2008 के दौरान हुई बातचीत के डीक्लासिफाइड दस्तावेज सामने आए हैं। ये दस्तावेज अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी आर्काइव ने सूचना के अधिकार कानून के तहत जारी किए हैं। यह बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब दुनिया में आतंकवाद और दक्षिण एशिया की सुरक्षा को लेकर हालात काफी संवेदनशील थे। पुतिन का मानना था कि परमाणु हथियारों से लैस किसी गैर-लोकतांत्रिक देश का होना वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। बात.चीत में पाकिस्तान के 'एक्यू खान नेटवर्क', ईरान और उत्तर कोरिया तक परमाणु तकनीक पहुंचने के खतरे और पाकिस्तान की परमाणु सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई गई है। 2001-2008 के दौर में पाकिस्तान में सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ का शासन था। 9/11 के बाद आतंकवाद विरोधी लड़ाई में अमेरिका और रूस दोनों उसका सहयोग ले रहे थे।



**यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं हैः पुतिन**

# यूएई प्रेसिडेंट पाक पहुंचे, शहबाज व मुनीर स्वागत करने एयरपोर्ट आए

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शुक्रवार को पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। पीएम शहबाज शरीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस आसिम मुनीर यूएई प्रेसिडेंट को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे। यह इस साल उनकी पाकिस्तान की दूसरी यात्रा है।

इससे पहले जनवरी 2025 में वे रहीम यार खान में निजी यात्रा के दौरान शहबाज से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली आधिकारिक पाकिस्तान यात्रा है। विदेश कार्यालय के एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति अल नाहयान प्रधानमंत्री शहबाज के साथ द्विपक्षीय संबंधों के पहलुओं की समीक्षा करेंगे। क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भाईचारे को और मजबूत करने का अच्छा मौका है। साथ ही व्यापार, निवेश, ऊर्जा, विकास और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समझौते हो सकते हैं। यात्रा से पहले, इस्लामाबाद में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बिलबोर्ड लगे हुए हैं। इस्लामाबाद जिला प्रशासन ने यात्रा के दिन यानी आज पूरी राजधानी में छुट्टी की घोषणा की। पाकिस्तान और यूएई के बीच गहरे राजनयिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। जो यूएई में रहने वाले बड़ी पाकिस्तानी प्रवासी आबादी के कारण और मजबूत हुए हैं।

**ट्रेड-एनर्जी पर डील संभव, पाक को सऊदी जैसा रक्षा समझौता होने की उम्मीद**




# कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या, यूनिवर्सिटी में गोली मारी

**टोरंटो।** कनाडा के यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के पास भारतीय मूल के 20 वर्षीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह टोरंटो में 2025 की 41वीं हत्या है।

यह घटना कैंपस के पास होने से छात्रों में डर का माहौल है और यूनिवर्सिटी ने भी सुरक्षा अलर्ट जारी किया। पुलिस के अनुसार, 23 दिसम्बर को दोपहर में हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर शिवांक अवस्थी को गोली लगी हालत में पाया और मौके पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। संदिग्ध पुलिस के आने से पहले मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने लोगों से संदिग्ध से जुड़ी कोई भी जानक.ारी मिलने पर सूचना देने की अपील की है। टोरंटो में 3 दिन के अंदर दो भारतीयों का हत्या हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर को भारतीय मूल की महिला हिमांशी खुराना का उसके पार्टनर ने मर्डर कर दिया था। टोरंटो में भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि वे शिवांक के परिवार से संपर्क में हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर हर संभव मदद मुहैया करा रहे हैं। दूतावास ने अपने बयान में शिवांक को एक युवा भारतीय डाक्टरल छात्र बताया है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में उन्हें लाइफ साइंसेज का अंडरग्रेजुएट छात्र भी कहा गया है। इसी शहर में कुछ दिन पहले ही एक अन्य भारतीय महिला हिमांशी खुराना की हत्या हुई थी। वो 30 साल की थीं और टोरंटो में रहती थीं। पुलिस ने मामले में एक संदिग्ध की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया।

**कैंपस में सुरक्षा अलर्ट जारी, आरोपी फरार, पिछले तीन दिनों के दौरान दो भारतीयों का मर्डर**

# बांग्लादेश के ढाका यूनिवर्सिटी में भारत विरोधी प्रदर्शन

### हादी के हत्यारे को सजा देने की मांग, बांग्लादेशी हिंदू की हत्या मामले में 6 और गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर भारत विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इंकिलाब मंच ने नेता उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए ढाका के शाहबाग इलाके में प्रदर्शन किया।

इस दौरान भारत विरोधी नारे भी लगाए गए। जुमा की नमाज के बाद ढाका यूनिवर्सिटी से जुलूस निकाला गया, जो शाहबाग पहुंचकर धरने में बदल गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी, जिससे इलाके में यातायात ठप हो गया। इंकिलाब मंच का कहना है कि जब तक हादी की हत्या में न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शरीफ उस्मान हादी की पिछले हफ्ते हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद देश में एक बार फिर अशांति फैल गई है। प्रदर्शन के दौरान 'आई एम हादी' जैसे नारे गूंजते रहे। ढाका यूनिवर्सिटी वही जगह है, जहां जुलाई 2024 में हुए आंदोलन की रणनीति बनी थी। बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने छह और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मयमनसिंह जिले के भालुका इलाके में छापेमारी के दौरान हुई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इन लोगों पर आरोप है कि वे दीपू दास पर अपनी नौकरी छोड़ने का दबाव बना रहे थे। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। दीपू चंद्र दास की 18 दिसम्बर को भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें एक पेड़ से आग भी लगा दी थी। इस घटना के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। इस घटना के विरोध में हिंदू संगठन नेशनल हिंदू महाजोत ने ढाका के नेशनल प्रेस क्लब पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दीपू दास की हत्या की निंदा की और मांग की कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले बढ़ रहे हैं और सरकार को उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता जताई जा रही है।



**हिंदू संगठन ने ढाका में प्रदर्शन किया**

